epaper
janpathsamachar.com

। आप के साथ  आप के पास ।

email
janpath.news@gmail.com

# जनपथ समाचार

Siliguri | Sunday 13 April 2025 | 12 Page | सिलीगुड़ी | रविवार 13 अप्रैल 2025 | मूल्य : ₹ 6.00 वर्ष 43 अंक 195 RNI: 34394/82




# वक्फ कानून बंगाल में लागू नहीं होगा, तो फिर दंगा क्यों?

■ मुर्शिदाबाद हिंसा पर बोलीं सीएम ममता ■ शांति बनाए रखने की अपील की ■ दंगाइयों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई



कोलकाता (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में हुए दंगों को लेकर आज एक बयान जारी किया है। इसमें उन्होंने इस कानून का विरोध करते हुए कहा है कि उनकी पार्टी इस कानून का समर्थन नहीं करती है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी दावा किया कि यह कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा।

वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ शुक्रवार से ही मालदा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहा है। गुटीय झड़पों के कारण स्थिति गरमा गई है। राज्य पुलिस ने अशांति को रोकने के लिए शनिवार सुबह एक कड़ा संदेश जारी किया। वहीं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी धर्मों के लोगों को शांत रहने का संदेश दिया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि सभी धर्मों के लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि कृपया शांत और संयमित रहें। धर्म के नाम पर किसी भी अधार्मिक व्यवहार में शामिल न हों। हर इंसान की जान कीमती है। राजनीति के लिए दंगे मत भड़काओ। जो लोग दंगा कर रहे हैं वे समाज को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

दरअसल तृणमूल कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों में वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया था। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस कानून का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने का अनुरोध किया। हालांकि इस कानून के खिलाफ राज्य भर में अलग-अलग संगठन अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। इस बीच शुक्रवार से मुर्शिदाबाद के कई हिस्सों में अशांति फैलने लगी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि याद रखें हमने वह कानून नहीं बनाया। जिस पर बहुत से लोग भड़के हुए हैं। यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है। इसलिए आप जो जवाब चाहते हैं। वह केंद्र सरकार से मांगना चाहिए।

ममता बनर्जी ने सवाल किया कि हमने इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। हम इस कानून का समर्थन नहीं करते। यह कानून हमारे राज्य में लागू नहीं होगा। तो दंगा किसलिए। बनर्जी ने कहा कि दंगा भड़काने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम किसी भी हिंसक गतिविधि का समर्थन नहीं करते। कुछ राजनीतिक

■ शेष पृष्ठ 7 पर






## वक्फ कानून का विरोध, मुर्शिदाबाद में 3 की मौत

■ 138 गिरफ्तार ■ कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश- सेंट्रल फोर्स तैनात करें

मुर्शिदाबाद। मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य घायल हो गया। हिंसा जिले के शमशेरगंज ब्लॉक के धुलियान में हुई।

कल यानी 11 अप्रैल को भी धुलियान में हिंसा भड़की थी। यहां एक व्यक्ति घायल हो गया था, जिसकी आज अस्पताल में मौत हो गई। लिहाजा मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया, आज की घटना का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस की ओर से गोली नहीं चली है, बीएसएफकी ओर से हो सकता है। ये शुरुआती जानकारी है। घायल खतरे से बाहर है। अब

■ शेष पृष्ठ 7 पर

## मतदाता सूची की समीक्षा इसी माह शुरू करेगी तृणमूल कांग्रेस

कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए तृणमूल कांग्रेस इस माह से राज्यभर में मतदाता सूची की गहन समीक्षा और सत्यापन प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह प्रक्रिया 15 अप्रैल, यानी बंगाली नववर्ष के बाद शुरू होगी और अगले वर्ष अप्रैल तक चलेगी। इस महत्वपूर्ण अभियान को इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आईपैक) के साथ मिलकर अंजाम दिया जाएगा। इसके तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे। इस कार्य के लिए प्रशिक्षण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यशालाएं संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा संचालित की जा रही हैं। सत्यापन के दौरान जुटाए गए आंकड़े एक केंद्रीय डाटाबेस में अपलोड किए जाएंगे, जिसे पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व किसी भी समय एक्सेस कर सकेंगे।

तृणमूल कांग्रेस ने इस प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए चार स्तरों पर समीक्षा टीमें गठित की हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत-स्तरीय और ब्लॉक-स्तरीय

■ शेष पृष्ठ 7 पर

# राष्ट्रपति को तीन महीने में विधेयकों पर करना चाहिए फैसला : सुप्रीम कोर्ट

■ कहा- राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो का अधिकार नहीं, न्यायालय से ले सकते हैं परामर्श

- राज्यपाल के अधिकारों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को सुनाया था फैसला
- शीर्ष अदालत का यह फैसला शुक्रवार देर रात वेबसाइट पर हो गया अपलोड
- फैसले में अनुच्छेद 200 के जिक्र के साथ ही बिल को लेकर राज्यपाल को सलाह



नई दिल्ली। अपनी तरह के पहले फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने देश के राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

दरअसल, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा। इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया।

शुक्रवार रात वेबसाइट पर अपलोड किए गए ऑर्डर में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 201 का हवाला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्यपालों की ओर से भेजे गए बिल के मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और न्यायपालिका बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी।

### फैसले के प्रमुख बिंदु

* राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा भेजे गए विधेयकों पर 3 महीने में फैसला लेना होगा। * देरी की स्थिति में कारण बताना जरूरी होगा। * राष्ट्रपति को चाहिए कि वे ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट से सलाह लें। * इससे समय और संसाधन की बचत होगी और गलत कानून बनने से रोका जा सकेगा। * लेकिन कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी है कि यह प्रफिया राज्यों के कानून बनाने के अधिकार में बाधा न बने।

गवर्नर की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर सुप्रीम कोर्ट के 4 पॉइंट्स

ुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 201 कहता है कि जब विधानसभा किसी बिल को पास कर दे। उसे राज्यपाल के पास भेजा जाए और राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दे। इस स्थिति में राष्ट्रपति को बिल पर मंजूरी देनी होगी या फिर बताना होगा कि मंजूरी नहीं दे रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आर्टिकल 201 के तहत राष्ट्रपति का निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। अगर बिल में केंद्र सरकार के निर्णय को प्राथमिकता दी गई हो, तो कोर्ट मनमानी या दुर्भावना के आधार पर बिल की समीक्षा करेगा।

अदालत ने कहा कि बिल में

■ शेष पृष्ठ 7 पर

## रोज वैली पोंजी घोटाले में निवेशकों को बड़ी राहत

■ 7.5 लाख लोगों को सरकार देगी 515 करोड़

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने परिसंपत्ति निपटान समिति के अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस डीके सेठ को शनिवार को 515.31 करोड़ रुपये का डिमांड डॉफ्ट सौंपा। समिति का गठन रोज वैली पोंजी घोटाले में वैध निवेशकों को उनकी संपत्ति लौटाने के उद्देश्य

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने परिसंपत्ति निपटान समिति के अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस डीके सेठ को शनिवार को 515.31 करोड़ रुपये का डिमांड डॉफ्ट सौंपा। समिति का गठन रोज वैली पोंजी घोटाले में वैध निवेशकों को उनकी संपत्ति लौटाने के उद्देश्य

से किया गया था। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

अनुमान है कि इस राशि का उपयोग एसेट डिस्पोजल कमेटी के पास अब तक दर्ज किए गए 31 लाख दावों में से लगभग 7.5 लाख पीड़ितों को धन वापस दिलाने

■ शेष पृष्ठ 7 पर




## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सेना का जेसीओ शहीद

श्रीनगर/जम्मू। ज मू-कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान लगातार जारी है। शनिवार को जम्मू जिले के अखनूर इलाके में हुई मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) कुलदीप चंद शहीद हो गए। मुठभेड़ शुक्रवार रात अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुरू हुई थी। सेना ने इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है और तलाशी अभियान चल रहा है। सेना ने शहीद

● किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने जैश के 3 आतंकी मार गिराए, सर्च ऑपरेशन जारी

■ शेष पृष्ठ 7 पर

## नेशनल हेराल्ड केस- ईडी जब्त करेगी 661 करोड़ की संपत्तियां

■ दिल्ली, मुंबई और लखनऊ की 3 प्रॉपर्टीज पर नोटिस चिपकाए, कहा- तुरंत खाली करें

नई दिल्ली। हेराल्ड हाउस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 661 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ईडी ने शुक्रवार को एजेएल की दिल्ली, मुंबई और लखनऊ की संपत्तियों को जब्त करने के लिए नोटिस जारी किए।

एजेंसी की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इन संपत्तियों का कुल मूल्य 661 करोड़ रुपए है। नोटिस की प्रति इन संपत्तियों पर भी चस्पा की गई है।

इसके साथ ही, मुंबई स्थित हेराल्ड हाउस की सातवीं, आठवीं और नौवीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को मासिक किराया/लीज की राशि ईडी के निदेशक के पास जमा कराने का आदेश दिया गया है।




हेराल्ड हाउस का स्वामित्व एजेएल के पास है। इस मामले में राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अलावा कई कांग्रेस नेताओं के नाम सामने आए थे। इनमें सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी

■ शेष पृष्ठ 7 पर

## आईईडी ब्लास्ट में 1 जवान शहीद, 1 घायल

सिंहभूम। मनोहरपुर (चाईबासा) राधेश सिंह राज-पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र जराइकेला से बड़ी खबर हुई है।

■ मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

शनिवार को जराइकेला थाना क्षेत्र के राधापोरा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। इस दौरान नक्सलियों द्वारा किए गए एक के बाद एक आईईडी बम ब्लास्ट में दो जवान विष्णु सैनी और

■ शेष पृष्ठ 7 पर

## ट्रम्प ने स्मार्टफोन-कंप्यूटर से रेसिप्रोकल टैरिफ हटाया

■ सेमीकंडक्टर, सोलर सेल और मेमोरी कार्ड को भी छूट

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ खास इलेक्ट्रॉनिक सामानों को परस्पर शुल्क से छूट दी जाएगी। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप और कुछ अन्य तकनीकी उपकरण भी शामिल हैं। इस फैसले से आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है, क्योंकि इन सभी वस्तुओं की कीमतें बढ़ने की आशंका अब कम हो गई है।

अमेरिकी कस्टम और बॉर्डर प्रोटेक्शन विभाग के अनुसार, जिन वस्तुओं को टैरिफ से छूट दी गई है, उनमें स्मार्टफोन, लैपटॉप, सेमीकंडक्टर बनाने वाली मशीनें और लैट-पैनल मॉनिटर (जैसे एलईडी स्क्रीन)

इस फैसले से आम जनता को फायदा होगा, क्योंकि स्मार्टफोन और लैपटॉप जैसी रोजमर्रा की तकनीकी चीजें महंगी नहीं होंगी। इसके अलावा बड़ी टेक कंपनियों जैसे एप्पल और सैमसंग को भी राहत मिलेगी, क्योंकि उनके बहुत से उत्पाद अमेरिका में नहीं बनते और वे दूसरे देशों से इन्हें आयात करते हैं।



■ फैसले से अमेरिकी टेक कंपनियों को राहत

इन उत्पादों की ज्यादा मांग अमेरिका में होती है, लेकिन इनका उत्पादन अधिकतर चीन, कोरिया और वियतनाम जैसे देशों में होता है। अगर इन पर भारी टैक्स लगाया जाता, तो कंपनियों को नुकसान होता और ग्राहकों को भी ये चीजें महंगी मिलतीं। इसीलिए ट्रंप सरकार ने इन्हें टैरिफ से छूट देने का फैसला लिया।

परस्पर शुल्क का मतलब है कि अगर कोई देश अमेरिकी सामान पर

■ शेष पृष्ठ 7 पर

## देशभर में यूपीआई सर्विस 3 घंटे रही बाधित

नई दिल्ली। देशभर में शनिवार को तकनीकी समस्या के चलते यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सर्विसेज ठप हो गईं। इसके कारण लाखों उपयोगकर्ता भुगतान और धन हस्तांतरण पूरा करने में असमर्थ रहे।

■ यूजर्स को पेमेंट करने में आई दिक्कत

भारत में यूपीआई सर्विस में व्यापक व्यवधान की खबरें आई हैं, जिसका असर गूगल-पे, फोनपे और पेटीएम जैसे ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म को यूज करने वाले उपयोगकर्ताओं पर पड़ा है। उपयोगकर्ताओं ने लेन-देन विफल होने और 2-3 घंटे की अवधि के लिए सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाइयों की सूचना दी है।

डाउनडिटेक्टर के अनुसार दोपहर

■ शेष पृष्ठ 7 पर



# युवा सम्मेलन से राज्य के पर्यटन उद्योग को विकसित करने में मिलेगी मदद : मुख्यमंत्री



गंगटोक। यांगगांग पर्यटन विकास समिति के आयोजन पर यांगगांग के हेलीपेड पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रेमसिंह तमांग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर सिक्किम विधानसभा अध्यक्ष एमएन शेर्पा, उपाध्यक्ष राजकुमारी थापा तथा अन्य मंत्री एवं विधायक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे मुख्यमंत्री तमांग ने कहा कि सम्मेलन से राज्य के पर्यटन उद्योग को विकसित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि पहले रांगरांग यांगयांग निर्वाचन क्षेत्र को दुर्गम क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया था।

उन्होंने कहा कि यहां विकास इसलिए नहीं हो सका, क्योंकि तत्कालीन सरकार ने यहां ध्यान केंद्रित नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में इस क्षेत्र में आनेवाला पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बुनियादी ढांचा का विकास करेगी, लेकिन पर्यटकों को यहां लाने का काम हितधारको पर निर्भर है। राज्य के विभिन्न गैरसरकारी संगठनो के युवाओं ने यदि पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया गया तो पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। यह स्वीकार करते हुए तमांग ने कहा कि भालेढुंगा रोपवे परियोजना पिछली सरकार ने शुरू किया था, लेकिन परियोजना के लिए धन वर्तमान सरकार द्वारा आवंटित किया गया है। उन्होंने यहां आनेवाले पर्यटकों के लिए कम से कम एक दिन यहां बिताने हेतु माहौल और पूर्वाधार बनाने का आवश्यकता पर बल दिया। तमांग के अनुसार वरिष्ठ बॉलीवुड फिल्म निर्देशक अनुराग बसु ने हाल ही में फिल्मांकन पर काम कर रहा हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय कलाकारों को सिक्किम के विभिन्न स्थानों पर फिल्मांकन के अवसर भी प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सिक्किम एक सुंदर और शांतिपूर्ण राज्य है, इसलिए हाल ही में फिल्म निर्माता ने दुनिया को इसकी प्राकृतिक सुंदरता दिखाने के उद्देश्य से कार्यक्रम शुरु किया गया है। उन्होंने सुझाव दिया कि स्थानीय लोगों को इस क्षेत्र में पर्यटकों को लाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सिक्किम राज्य खूबसूरती के बावजूद संबंधित निकाय इसे बढ़ावा देने और इसका प्रचार-प्रसार करने में विफल रहे हैं, जिसके कारण पर्यटक वर्तमान में राज्य के कई स्थानो तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री छिरिंग टी. भूटिया ने कहा कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विस्तार के लिए युवा उद्यमियों को पर्यटन क्षेत्र के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने राज्य के युवाओं से पर्यटन क्षेत्र में गंभीरता दिखाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के ग्रामीण पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। इसके लिए सरकार राज्य में विभिन्न स्थानों पर होमस्टे बनाकर बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहा है।

उन्होंने बताया कि 16 मई को सिक्किम के भारत में विलय के 50 वर्ष पूरा होने पर सरकार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य में आने वाले पर्यटको को यहां का पारंपरिक खाद्य संस्कृति के बारे में जानकारी दी जाए तो पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सकता है। कार्यक्रम में सिक्किम विधानसभा की उपाध्यक्ष एवं सम्मेलन की संरक्षक राजकुमारी थापा ने कहा कि रांगरांग यांगयांग निर्वाचन क्षेत्र को पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आनेवाले पर्यटकों की संख्या में वर्तमान में वृद्धि हो रहा है और सरकार पर्यटन बुनियादी ढांचा के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुआ है, विशेषकर यांगयांग में रोपवे चालू होने के बाद से लगातार विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि एसकेएम पार्टी सत्ता में आने के बाद रांगरांग यांगयांग क्षेत्र में काफी विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क का हालत बहुत खराब है और पिछली सरकार के कार्यकाल में सुधार के लिए बारंबार अनुरोध करने के बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने स्थानीय लोगों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने इस क्षेत्र के लोगों की मांग से कहीं अधिक योजना उपलब्ध करायी है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पेनल डिस्कसन था। आज से शुरू हुए तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन 14 अप्रेल को संपन्न होगी। इस अवसर पर देश-विदेश के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

## न्यूनतम वेतन 15,000 रुपये लागू न करना सरकारी अस्थायी कर्मचारियों के साथ अन्याय : एसडीएफ



गंगटोक। सिक्किम सरकार लंबे समय से न्यूनतम मजदूरी लागू कर रही है। निजी क्षेत्र में अस्थायी कर्मचारियों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मासिक वेतन 15000 रुपये मिल रहा है, लेकिन सरकारी क्षेत्र में काम करने वाले अधिकांश अस्थायी कर्मचारियों के लिए सरकार द्वारा लगाया गया न्यूनतम वेतन नियम अभी तक लागू नहीं किया गया है। उक्त बातें एसडीएफ की प्रवक्ता दिव्यकला शर्मा ने कही है। उन्होंने कहा है कि सरकार का न्यूनतम वेतन, जो अस्थायी कर्मचारियों पर लागू होता है, सार्वभौमिक रूप से लागू होना चाहिए। सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों में समान रूप से, लेकिन सिक्किम में ऐसा नहीं हुआ।

एसडीएफ का कहना है कि यह सरकार द्वारा अपने ही अस्थायी कर्मचारियों के साथ किया गया घोर अन्याय है। पार्टी ऐसा सोचती है। एसडीएफ का कहना है कि अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने के नाम पर न्यूनतम वेतन से वंचित करना कर्मचारियों का सरासर शोषण है। एसकेएम ने वादा किया कि चुनाव से पहले सभी अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी कर दिया जाएगा। सभी वेतनभोगी कर्मचारी जानते हैं कि सरकार ने अस्थायी कर्मचारियों को छह महीने से वेतन नहीं दिया है। इसके बाद भी उन्हें स्थायी नहीं बनाया गया। आज भी वे 9-10 हजार रुपए के वेतन पर गुजारा करने को मजबूर हैं। उन्हें स्थायी दर्जा देने के वादे से धोखा दिया गया है। लेकिन बजट में उनके वेतन के लिए कोई प्रावधान नहीं है। सरकार के पास इस बारे में कोई नीति या रोडमैप नहीं है कि इन कर्मचारियों को कल कैसे स्थायी किया जाएगा और उनका वेतन किस मद से वितरित किया जाएगा।

सरकार की मंशा स्पष्ट है कि वह समय-सीमा को फिर से बढ़ाकर धोखा देना चाहती है, जैसा कि उसने तदर्थ शिक्षकों के मामले में किया था। एक ओर सरकारी कर्मचारी न्यूनतम वेतन से वंचित हैं, वहीं दूसरी ओर स्थायी रोजगार का उनका सपना अनिश्चित है। इस प्रकार एसकेएम सरकार ने अस्थायी कर्मचारियों को कठिन परिस्थिति में धकेल दिया है, जबकि वे इस महंगी बाजार अर्थव्यवस्था में अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। एसडीएफ ने सभी अस्थायी कर्मचारियों से आग्रह किया है कि वे सरकार की अनिश्चित नीति के बारे में समय रहते अवगत हो जाएं। पार्टी आमंत्रित करती है। इसके अलावा सरकार यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि कार्यरत अस्थायी कर्मचारी दोहरे शोषण से बर्बाद न हों।

## सुकना में तरुण दल कोलकाता का ट्रायल संपन्न

कर्सियांग। कोलकाता में प्रीमियर डिवीजन लीग में खेलने वाले क्लब तरुण दल ने केएफसी सिलीगुड़ी के सहयोग से सुकना स्थित इलापाल स्कूल खेल के मैदान में अंडर-17 और अंडर-15 ट्रायल आयोजित किए। सुबह 8 बजे शुरू हुआ ट्रायल लगभग 11 बजे पूरा हो गया। ट्रायल के पहले चरण में अंडर-17 और अंडर-15 सहित कुल 22 बच्चों का चयन किया गया है तथा अंतिम चयन अभी किया जाना बाकी है। केएफसी हमेशा स्थानीय एथलीटों के लिए प्रयासरत रहा है। तरुण दल कोलकाता के टीम मैनेजर दिलीप डे और ए लाइसेंस धारक कोच उत्तम मुखर्जी उपस्थित थे, जबकि क्लब की ओर से मुख्य कोच दिनकर छेत्री, उपाध्यक्ष एलके राई, सचिव सुरेन प्रधान, संयुक्त सचिव बिजय लिम्बू और सदस्य आशीष प्रधान उपस्थित थे। यह जानकारी केएफसी के महासचिव सुरेन प्रधान ने दी है।

**SHOP FOR SALE**
SHOP No.10 to 19 (1946 Sq.Ft.) at Nilkamal Plaza, 2nd Floor, H.C. Road, Opp: Meghdoot Cinema Hall, Siliguri.
Call Time-10 AM to 4PM.
(M) : 9475089531
7602846829 AW

**SALE**
30 kata land with Ready Made Godown for sale at Eastern By Pass
M-70764-62095
Neha

**PUCHCHASE**
A real estate firm, with 12 years of experience, is looking for a joint venture opportunity for development. Interested in land area of about 20 Katha upto 50 katha, preferably for a residential or a commercial project. Preferred area is Matigara, Shiv Mandir, Medical. Open for outright purchase also. Brokers please excuse.
Pradip Lakhotia
79081-82128, 94340-45022
Babua

**ST. THOMAS MODERN SCHOOL DARBHANGA, BIHAR**
**WANTED TEACHERS**
To work with 80+ Year old Educational Group in India for it's CBSE School Loacted at :- ST. Thomas Modern School, Shahganj, Benta Laheriasarai, Darbhanga, Bihar
**Teachers required for PRE - PRIMARY , PRIMARY & MIDDLE SCHOOL**
**Subject** - English, Maths, SST
**Eligibility**- Graduate , Post Graduate with B. ED ( Equivalent ) **having a minimum of two years teaching experience in CBSE Curriculum Organisation.**
* Teacher should possess good communication skills and fluency in English
Contact us at - **+91 9122115891**
( Interview will be taken online through ZOOM Meeting Session
*Salary : Attractive salary package as per experience and qualification and is negotiable
* **Location** : Darbhanga, Bihar ( ST. Thomas Modern School )
* **Last date to apply for interview - 20/04/2025**
ML/KUR

**घर जोड़े**
जो भी मारवाड़ी लड़का बिहारी लड़की से शादी करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द संपर्क करें शादी के लिए नंबर -
79086 40627
C-R.C.

**वर चाहिए**
मारवाड़ी अग्रवाल लड़की, जन्म वर्ष : 1999। नेपाल निवासी प्रतिष्ठित परिवार की इकलौती पुत्री के लिए योग्य वर की तलाश है। वर सुशिक्षित, संस्कारी व अच्छा हो। संपर्क करें -
080-69074909
C-KOL/OFFICE

**वर चाहिए**
मारवाड़ी लड़की, 1994 जन्म वर्ष। सिक्किम निवासी शालीन, शिक्षित और पारिवारिक संस्कारों से सम्पन्न लड़की के लिए एक समझदार और सफल जीवनसाथी की तलाश है। संपर्क करें -
080-69074909
C-KOL/OFFICE

**URGENTLY HIRING:**
**Sales Head and Chemist Packaged Drinking Water**
A packaged drinking water plant in Siliguri is looking for an experienced Sales Head and Chemist.
Only candidates with proven experience in packaged drinking water sales will be considered.
Attractive salary for the right candidate.
**Office Location: Siliguri**
**Contact:**
**9741507676**
Call between Monday to Friday, 11 AM to 6 PM
Pioneer

**सतर्कता**
जनपथ समाचार अथवा पत्रिका का कोई भी एजेंट पत्रिका में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन की सत्यता अथवा विश्वसनीयता के लिये जिम्मेवार नहीं है। किसी भी तरह के विज्ञापन से प्रभावित होने से पहले विज्ञापन के सत्यापन की जांच के लिये पाठकों से अनुरोध किया जाता है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में जोरथांग एसएसएस और दूसरे में फ्यूचर स्टार ने दर्ज की जीत

जोरथांग (निज संवाददाता)। सरकारी माध्यमिक विद्यालय सवालीगांव में पाठशाला के स्वर्ण जयंती समारोह के पांचवें दिन जोरथांग एसएसएस और सवालीगांव एसएस के बीच इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रथम सेमीफाइनल मैच खेला गया, जिसमें पेनल्टी शूट आउट में जोरथांग एसएसएस ने मैच जीत लिया। विजेता टीम से सौरब मांझी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इसके तहत पांचवे दिन के ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट में सेंट्रल पांडम फुटबॉल अकादमी और फ्यूचर स्टार के बीच खेले गए फुटबॉल टूर्नामेंट मुकाबले में फ्यूचर स्टार द्वारा मैच जीता गया, जिसमें प्रकाश छेत्री को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतराल में सरकारी माध्यमिक विद्यालय सवालीगांव, नया बाजार जेएचएस, बीरडांग जेएचएस, सिस्ने जेएचएस द्वारा उत्कृष्ट नृत्य कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार छठे दिन में इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल गेलिंग एसएसएस और च्याखुंग एसएसएस के बीच खेला गया जिसमें गेलिंग एसएसएस पेनल्टी शूट आउट में विजयी रहा तथा विजेता टीम से सुजल राय को हीरो ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार छठे दिन के ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रथम सेमीफाइनल फुटबॉल मैच आईआरबीएन बनाम रियोन एफसी बीच खेला गया। फुटबॉल टूर्नामेंट मुकाबले में रियोन एफसी ने मैच जीता तथा विजेता टीम से अभिषेक सुब्बा को हीरो ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतराल में सरकारी माध्यमिक विद्यालय सवालीगांव, भस्मे सिमकुना प्राथमिक विद्यालय, माउंट सिनाई अकादमी-खुकुरी नृत्य, घुमाउने जेएचएस द्वारा उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गेलिंग एसएसएस और जोरथांग एसएसएस बीच खेला जाएगा। इसी प्रकार ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 अप्रैल को होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथिगण को प्रेम के प्रतीक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में धिरज सुबेदी (डीसी, सोरेंग) तथा छठा दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप एरुंग तेनजिंग लेप्चा (विधायक) उपस्थित रहे। उनके साथ कार्यक्रम में आमंत्रित विशिष्ट अतिथिगण की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आयोजक समिति से मदन सिंचूरी (विधायक सह मुख्य संरक्षक स्वर्ण जयंती समारोह समिति), चंद्रबीर शाशंकर (जिला उपाध्यक्ष एवं आयोजक समिति संरक्षक), राजेश राई (सीएलसी अध्यक्ष एवं आयोजक समिति संरक्षक), संतोष प्रधान (अध्यक्ष आयोजक समिति), तिलक शर्मा (पाठशाला के हेडमास्टर सह महासचिव आयोजक समिति), संपूर्ण आयोजक समिति के सदस्यगण तथा संपूर्ण स्कूल परिवार कि उपस्थित रही। इसके अलावा कार्यक्रम में स्थानीय लोगों एवं फुटबॉल प्रेमीगण की भी भारी मात्रा में उपस्थिति रही। इसके तहत आगे कार्यक्रम में सस्त कुमार राई (स्कूल स्टाफ) द्वारा स्वागत भाषण रखा गया।

## सांस्कृतिक शोभायात्रा के साथ कर्सियांग में आयोजित होगा पहला बैशाख कार्यक्रम

कर्सियांग (निज संवाददाता)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोरखा सांस्कृतिक संस्थान कर्सियांग के तत्वावधान में 14 अप्रैल सोमवार के दिन कर्सियांग में सांस्कृतिक शोभायात्रा के साथ आयोजित होगा पहला बैशाख कार्यक्रम। जानकारी के अनुसार नेपाली नववर्ष 2082 के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में कर्सियांग क्षेत्र के विभिन्न संघ-संस्थाओं, संगठनों आदि के लोगों को शामिल करके सांस्कृतिक एकता प्रदर्शित करने के लिए सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में विभिन्न सांस्कृतिक प्रदर्शनियां और झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी। इसी दिन डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भी होने के कारण डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति के साथ मिलकर इस जयंती का भी पालन किया जायेगा। नववर्ष 2082 के बैशाख के पहले दिन नए साल के अवसर पर गोरखा सांस्कृतिक संस्थान कर्सियांग की ओर से सुबह पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिरों और मठों में पहुंचने का कार्य किया जायेगा। शोभायात्रा को सुबह साढ़े 9 बजे कर्सियांग रेलवे स्टेशन परिसर से निकालते हुए शहर परिक्रमा किया जायेगा। शोभायात्रा में शामिल होने वाले संपूर्ण लोगों से जातीय वेशभूषा में सुसज्जित होकर उपस्थित होने का आह्वान आयोजक कमेटी की ओर से गोरखा सांस्कृतिक संस्थान कर्सियांग के अध्यक्ष आशा मुखिया लामा ने किया है।

## सभासद ने किसानों को प्रदान किए 81 मल्चिंग मशीन

मिरिक। गोर्खालैंड क्षेत्रीय प्रशासन के हॉर्टिकल्चर विभाग के मनोनीत सभासद प्रणाम रसाईली ने किसानों को 81 मल्चिंग मशीन वितरण करने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल से 25 अप्रैल 2025 तक मिरिक क्षेत्र में 13, कर्सियांग क्षेत्र में 26, पुल बिजनबारी क्षेत्र में 23 तथा जोरबंगलो क्षेत्र में 23 प्लास्टिक मल्चिंग वितरित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष भी विभाग द्वारा विशेष रूप से चाय बागानों के किसानों को पॉली हाउस वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए सूची तैयार की जा रही है तथा इच्छुक किसानों से विभाग से संपर्क करने का अनुरोध किया है। उन्होंने जीटीए क्षेत्र के किसानों को आज मिल रही सुविधा के लिए जीटीए के मुख्य कार्यपाल अनित थापा को धन्यवाद दिया। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सिक्किम के मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ मना हनुमान जयंती

रंगपो। संपूर्ण देश के साथ सिक्किम में भी विभिन्न जगहों पर श्री श्री हनुमान जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ पालन किया गया। रंगपो

### रंगपो मंडी बाजार स्थित हनुमान मंदिर से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

बाजार में इस अवसर पर उत्सव का माहौल देखा गया। रंगपो मंडी बाजार स्थित हनुमान मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा ने संपूर्ण बाजार की परिक्रमा की। भव्य रूप से सजे भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और श्री हनुमान बाबा के साथ निकाली रैली में भारी संख्या में भक्तजनों ने सहभागिता जताई। शाम को आयोजित भजन कार्यक्रम में आमंत्रित और स्थानीय कलाकारों द्वारा आकर्षक भजन प्रस्तुत किया गया। रंगपो अपर बाजार स्थित काली मंदिर में भी इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगपो माझीटार स्थित मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया। सिंगतांम में भी इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह हनुमान बाबा का चोला स्नान के साथ आयोजित कार्यक्रम में श्री हनुमान चालीसा सहित अन्य पूजा के साथ आयोजित भंडारा में हजारों की संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया। नामची चार धाम में भी सुबह से ही भक्तजनों ने आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता जताई। सिक्किम की राजधानी गंगटोक में भी श्री हनुमान टॉक स्थित मंदिर में भक्तजनों की उपस्थिति देखी गई। गंगटोक ठाकुरबारी में आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव में भारी संख्या में भक्तजनों ने सहभागिता जताई। इसके अलावा राज्य के अन्य विभिन्न मंदिरों में भी विविध प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर कर्सियांग में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन



कर्सियांग (निज संवाददाता)। श्री राम मंदिर कर्सियांग के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ महोत्सव पर 10 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल -2025 तक आयोजित तीन दिवसीय अखंड श्री हरि कीर्तन, रामायण पाठ, हवन व भजन संध्या कार्यक्रम का शनिवार समापन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत सुबह साढ़े 10 बजे से गणेश पूजन, कलश स्थापना सहित मंदिर स्थित देव पूजन, हनुमान जी का पूजन, सवा 12 बजे अभिषेक श्रृंगार, सवामनी भोग लगाने का कार्य किया गया। संध्या 4 बजे से संगीतमय भजन संध्या कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कलाकार द्वय देवानंद देवजी व सोनम शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। रात्रि 7 बजे छप्पन भोग, साढ़े 7 बजे आरती पुष्पांजलि व रात्रि 8 बजे भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

इस अवसर पर सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं व भक्तों की आवागमन मंदिर प्रांगण में लगातार जारी दिखी। भंडारा का प्रसाद काफी लोगों ने ग्रहण किया। श्री राम मंदिर के प्रमुख पुरोहित अखिलेन्द्रनाथ द्विवेदी ने तीन दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग पहुंचाने वाले संबंधित सभी श्रद्धालुओं व भक्तों के प्रति आभार जताया है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष कतिपय कारणवश श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कर्सियांग में शोभायात्रा का आयोजन नहीं किया गया।

**यूको बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

**10 YEARS OF PRADHAN MANTRI MUDRA YOJANA (PMMY) SCHEME**

Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY) scheme was launched by Hon'ble Prime Minister on 8th April, 2015, as an integrated financial support provider for micro and small business units which are at the bottom of the pyramid engaged in Manufacturing, Services and Activities allied to Agriculture.
PMMY scheme was launched with the vision of providing easy and collateral free credit to micro enterprises. The primary objective of the scheme was to extend financial support to non-corporate, non-farm small businesses which form the backbone of the India's economy. Under the aegis of Micro Units Development and Refinance Agency (MUDRA), loans up to **₹10 Lakh** were initially made available through Bank under three categories

| Sl No | PMMY Loan Category | Loan Amount |
|---|---|---|
| 1 | Shishu | Up to ₹50,000 |
| 2 | Kishore | ₹50,001 to ₹5,00,000 |
| 3 | Tarun | ₹5,00,001 to ₹10,00,000 |

To strengthen financial support for aspiring entrepreneurs as announced by Hon'ble Finance Minister during Budget Speech 2024, Ministry of Finance (MoF), Government of India, introduced a new PMMY Loan category i.e. **"Tarun Plus"** with increased loan amount of **₹20,00,000**. "Tarun Plus" loan is available for entrepreneurs who have previously availed and successfully repaid loan under "Tarun" category.

**Benefits of Pradhan Mantri Mudra Yojana**

Before launching of PMMY scheme, micro enterprises and small businesses often struggle to get credit from formal financial institutions. Most of the micro enterprises and small businesses relied on informal sources for their credit requirements at higher RoI.
PMMY scheme has revolutionized formal lending space for micro enterprises since its launch in 2015. Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY) stands as a testament to Government commitment to financial inclusion and empowerment of young entrepreneurs. Over the past decade, this flagship financial inclusion scheme of Government of India had played a pivotal role in fostering entrepreneurship, generating employment and uplifting unbanked people of society. PMMY has successfully accomplished its purpose i.e. **"FUND THE UNFUNDED"**. This scheme has unlocked countless opportunities for micro enterprises across the geographical boundary of the country.
Around **₹33 Lakh Crore** loans sanctioned under PMMY scheme to **52 Crore** beneficiaries by Banks/FIs, out of which around **70%** are women entrepreneurs and most of them are first generation entrepreneurs.
Flow of Bank credit to micro enterprises without collateral security and third party guarantee supported in upliftment of economic condition of PMMY beneficiaries immensely.
UCO Bank had sanctioned **₹30,473 Crore** PMMY loans to around **24 Lakh** beneficiaries.
Financial assistance under PMMY scheme not only helped in changing lives of entrepreneurs but also helped them to become settled businessmen/industrialist.
Supporting micro enterprises under PMMY scheme enhanced Bank's image as a socially responsible institution contributing to economic empowerment and nation building.
The scheme has also benefitted UCO Bank in various ways. Several PMMY beneficiaries have availed higher quantum of loan from the Bank which helped Bank in achieving its Priority Sector lending target. The scheme has also helped Bank to grow its retail business since several beneficiaries have availed retail loans under Bank's different schemes.
Interested applicants can either approach UCO Bank Branches or may avail digital loan through STP Journey. Application may also be made through ***www.udyamimitra.in/www.jansamarth.in***

Rotary
RI DIST. 3240

THE MAGIC OF ROTARY

## *The President & Members of*

# ROTARY SILIGURI METROPOLITAN

***extends their heartfelt thanks to the esteemed Guests, Participating Teams, Valuable Sponsors and well wishers for their kind support in making our mega event Success***

SIDHI BALAJI GROUP
REAL ESTATE

*Presents*

ROTARY INTERNATIONAL

FREE ENTRY

SCL
SILIGURI CRICKET LEAGUE 7.0
(IN AID OF SOCIAL PROJECTS)

KANCHANJUNGA STADIUM
11th to 13th April 2025
TIME : 6:30 AM

**Award Partner**
SHIWALALL GUPTA & SONS

**Co Sponsor**
DWARIKA® GROUP OF COMPANIES
Building Future

**Music Partner**
Rockstar

**Food Partner** – Gunjan Caterers
**Hospitality Partner** – HILAND HOTEL SILIGURI
**Printing Partner** – Bansal Graphics & Advertisers
**Media Partner** – KHABAR SAMAY LIVE
**Medical Partner** – MUKHERJEE HOSPITAL

## TEAM SPONSORS

MUKHERJEE HOSPITAL
Rba realtors
OSL Makhan Bhog – THE WORLD OF SWEETNESS
KUTCHINA – Designed for Convenience
ASHIYANA HEIGHTS – Matigara, Siliguri
FOX REALTORS – Setting the standards
AADYA CONSTRUCTION
SILVER ARTS
G4
Ashok GARG

## TEAM 2024-25

Rtn. Sukhminder Singh – DG 3240
Rtn. Rakesh Garg – President
Rtn. Manoj Sovasaria – Secretary
Rtn. Bhim Sen Goyal – Treasurer

Rtn. Sandeep Ghosal – Charter President
Rtn. Vikas Dungarwal – Past President
Rtn. Shiv Shankar Sarkar – Past President
Rtn. Navin Agarwal – Past President
Rtn. Sanjay Sharma – Past President
Rtn. Rajesh Agarwal – Immediate Past President
Rtn. Jyoti Dey Sarkar – President Elect
Rtn. Yogesh Pradhan – VP - I

Rtn. Deepak Neopane – VP - II
Rtn. CA. Amit Goyal – Member
Rtn. Bipul Kr. Kedia – Member
Rtn. Adv. Sougata Banerjee – Member
Rtn. Akash Agarwal – Member
Rtn. Manish Jain – Member
Rtn. Adv. Ramam Agarwal – Member
Rtn. Puneet Goyal – Member

Rtn. Rakesh Agarwal – Member
Rtn. Subhajit Deb – Member
Rtn. Ujjal Ghosh – Member
Rtn. Manish Agarwal – Member
Rtn. Deepak Agarwal – Member
Rtn. Adv. Lalit Agarwal – Member
Rtn. Gautam Debnath – Member
Rtn. Pawan Kr. Goyal – Member

Rtn. Kamlesh Modi – Member
Rtn. Manoj Sharma – Member
Rtn. Rajesh Kr. Agarwal – Member
Rtn. Liladhar Saraogi – Member
Rtn. Sanjay Kr. Gupta – Member
Rtn. Pankaj Agarwal – Member
Rtn. Adv. Vikram Goyal – Member
Rtn. Surajit Ch. Saha – Member

Rtn. Ananta Pradhan – Member
Rtn. Govind Mittal – Member
Rtn. Ravi Prasad – Member
Rtn. Rajesh Bansal – Member
Rtn. Dr. Arvind Tiwari – Member
Rtn. Adv. Bipul Sharma – Member
Rtn. Adv. Rajesh Kr. Agarwal – Member

# हनुमान जयंती पर तृणमूल ने निकाली भव्य शोभायात्रा

- पूरे रास्ते में कहीं भी दिखाई नहीं पड़ी भाजपा
- लोग तृणमूलियों को रैली में चलते देख लेते रहे आनंद

जलपाईगुड़ी। शनिवार की सुबह से दोपहर तक हनुमान जयंती समारोह में तृणमूल कांग्रेस का दबदबा रहा। भाजपा सड़कों पर नजर नहीं आई। शहर के निवासी शनिवार सुबह से ही तृणमूल द्वारा एक के बाद एक हनुमान जयंती मनाते देख आश्चर्यचकित थे। मर्चेंट रोड स्थित कल्याण चक्रवर्ती तृणमूल भवन में ममता बनर्जी की तस्वीर के बगल में हनुमान की मूर्ति लाकर उसकी पूजा की गई। यहां तक कि हनुमान चालीसा का भी पाठ किया गया। इसके बाद जलपाईगुड़ी स्टेशन रोड पर नवनिर्मित हनुमान मंदिर का उद्घाटन नगर पालिका के उपाध्यक्ष सैकत चटर्जी ने स्वयं पूजा में बैठकर किया। दूसरी ओर, निर्धारित समय से दो घंटे बाद अपराह्न तीन बजे हनुमान जयंती समारोह समिति की पहल पर मासकलाईबाड़ी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने से रंगारंग शोभायात्रा शुरू हुई। सड़क के दोनों ओर खड़े लोग भी हनुमान जयंती के अवसर पर जुलूस में चल रहे तृणमूल नेताओं को देखकर आनंद ले रहे थे। सुबह सबसे पहले जिला सचिव विकास मालाकार की पहल पर कल्याण चक्रवर्ती भवन में ममता बनर्जी की तस्वीर के बगल में हनुमान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। जय हनुमान के नारे लगाये गये। जिला परिषद सदस्य रेजाउल बाकी को अपने अल्पसंख्यक प्रतिनिधियों के साथ हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेते देखा गया। विकाश मालाकार ने



कहा, हनुमान सबके हैं। सिर्फ भाजपा के ही नहीं। इसके तुरंत बाद, जलपाईगुड़ी नगरपालिका के उपाध्यक्ष सैकत चटर्जी को स्टेशन रोड पर नवनिर्मित हनुमान मंदिर का उद्घाटन करते देखा गया। वह स्वयं पुजारी के पास बैठे और पूजा की। लेकिन आज भाजपा पिछले साल की तरह सड़कों पर जुलूस और रैलियां करती नजर नहीं आई। कई भाजपा नेताओं ने हनुमान मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। भाजपा के नगर मंडल 1 व 2 कमेटियों द्वारा कदमतला चौराहे पर राहगीरों को हनुमान के चेहरे वाले त्रिकोणीय झंडे थमाने के अलावा प्रमुख एजेंडे में भाजपा नजर नहीं आई। हालांकि जुलूस का आयोजन हनुमान जयंती समारोह समिति द्वारा किया गया था, लेकिन वास्तव में, तृणमूल कांग्रेस ने जलपाईगुड़ी टाउन ब्लॉक तृणमूल अध्यक्ष तपन बनर्जी और उपाध्यक्ष सैकत चटर्जी की संयुक्त पहल पर 2,500 लोगों के साथ जुलूस का आयोजन किया था। महिलाएं पीली साड़ियां पहनकर आईं। जुलूस में कई लड़के अपने सिर पर हनुमान जी की तस्वीर वाली फेटी पहने हुए चलते नजर आए। जुलूस मासकलाइबाड़ी से शुरू होकर बेगुंटारी, कदमतला, डीबीसी रोड से होते हुए शाम 4 बजे थाना मोड़ पर समाप्त हुआ। जिला परिषद अध्यक्ष कृष्ण राय बर्मन से लेकर सदर पंचायत समिति अध्यक्ष विनय राय, चेयरपर्सन पापिया पाल, आदिवासी नेता राजू साहनी और जलपाईगुड़ी नगरपालिका के सभी पार्षद जुलूस में शामिल हुए। जुलूस शुरू होने के बाद भी कई कार्यकर्ता कारों में आते देखे गए। पूरे रास्ते तृणमूल कार्यकर्ताओं के मुंह से जय हनुमान के नारे सुनाई दे रहे थे। उस समय डीबीसी रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय को बाहर से बंद कर दिया गया था। जैसे-जैसे जुलूस नजदीक आता गया, जय हनुमान के नारे की आवाज काफी बढ़ती गई। सीढ़ियों के नीचे पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता लॉलीपॉप और पीने के पानी के साथ मदद कर रहे थे। इस दिन शहरवासी जुलूस के बैनर पर ममतामयी हनुमान जयंती का नाम देखकर थोड़ा आश्चर्यचकित हुए। संगीतकार ढोल बजाते हुए आगे बढ़ रहे थे। पुलिस सुव्यवस्थित तरीके से सुरक्षा और यातायात नियंत्रण प्रदान करती नजर आई। उपाध्यक्ष सैकत चटर्जी ने कहा, रामनवमी पर भाजपा हाथ में तलवारें लेकर सड़कों पर उतरी। हनुमान जयंती पर जलपाईगुड़ी की सड़कों से भाजपा गायब थी। हम, तृणमूल कांग्रेस के लोग, झंडों के साथ मार्च करते रहे। जुलूस में लोगों की भावनाएं शामिल थीं। भाजपा धर्म के नाम पर गंदी राजनीति कर सकती है, हम नहीं। जलपाईगुड़ी टाउन ब्लॉक तृणमूल अध्यक्ष तपन बनर्जी ने कहा, आज हमने भाजपा को सड़कों से बाहर कर दिया है। हमें भाजपा से हिंदुत्व सीखने की जरूरत नहीं है। तृणमूल ने लोगों की भावनाओं को साथ लेकर हनुमान जयंती मनाई। जिला भाजपा अध्यक्ष श्यामल रॉय ने कहा कि हनुमान जयंती पर तृणमूल को कोई छूट नहीं दी गई। हमने अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर हनुमान ध्वज फहराया है। हमने पूजा की है और मंदिरों में गए हैं। वास्तव में, पारंपरिक धर्म पहले से ही भाजपा के साथ है। पारंपरिक लोगों ने तृणमूल से मुंह मोड़ लिया है। इसीलिए लोगों ने तृणमूल की इस नकली धार्मिक कट्टरता को देखा है।

# पेट्रोल पंप गोलीबारी की घटना में तृणमूल के पंचायत सदस्य का बेटा और उसका साथी गिरफ्तार

- एक 7.65 एमएम की पिस्तौल और 3 राउंड जिंदा कारतूस बरामद

अलीपुरद्वार। अलीपुरद्वार में गोलीबारी की घटना में तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत सदस्य के बेटे और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही एक 7.65 एमएम की पिस्तौल और 3 राउंड जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार रात अलीपुरद्वार जंक्शन से दोनों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को अलीपुरद्वार थाने में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अलीपुरद्वार के एसडीपीओ श्रीनिवास एमपी ने कहा कि गोलीबारी की घटना के तीन दिन बाद ही दो लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तीनों लोग 7 अप्रैल की रात अलीपुरद्वार के चाल्ताटोला स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर स्थित पेट्रोल पंप को लूटने के इरादे से बाइक पर सवार होकर गए थे। इसका उद्देश्य पैसा लूटना था। जब उसने पैसे नहीं दिए तो अजय मंडल नामक कर्मचारी को उन्होंने गोली मार दी। घायल युवक अजय मंडल का फिलहाल सिलीगुड़ी के एक नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। एसडीपीओ श्रीनिवास एमपी ने बताया कि वे पेट्रोल पंप पर लूट के इरादे से गए थे। 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक व्यक्ति की तलाश जारी है। गिरफ्तार शुभंकर पाल और शंकर दास हैं। पुलिस उन्हें रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ शुरू करेगी। पता चला है कि गिरफ्तार शंकर दास अलीपुरद्वार के ब्लॉक नंबर 1 के विवेकानंद 1 ग्राम पंचायत के पंचायत सदस्य का बेटा है। इस



घटना से भारी हलचल मच गई है। इस बीच, अलीपुरद्वार गोलीबारी मामले में विवेकानंद 2 ग्राम पंचायत के पंचायत सदस्य शम्पा दास के बेटे की गिरफ्तारी से इस मुद्दे पर राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। भाजपा के अलीपुरद्वार जिला अध्यक्ष मिठू दास ने आरोप लगाया कि आज यह साबित हो गया है कि टीएमसी पार्टी के भीतर असामाजिक तत्वों को पनाह दे रही है। तृणमूल पंचायत सदस्य के बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह तृणमूल का असली चरित्र है। वे अराजकता फैलाने के लिए घर पर गुंडों का एक गिरोह रखते हैं। पुलिस प्रशासन को देर से ही सही, लेकिन होश आ गया है। वे सरकार में हैं, वे प्रशासन में हैं, लेकिन उन्होंने घर में गुंडों का एक गिरोह पाल रखा है। इस लड़के ने पहले हमारे जुलूस पर हमला किया था। इस संबंध में तृणमूल नेता व पूर्व विधायक सौरभ चक्रवर्ती ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी असामाजिक तत्वों को पनाह नहीं देती है। सत्तारूढ़ पार्टी के पैरों तले ज़मीन खिसक गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा के पास ज्यादा हथियार हैं। भाजपा बिहार, असम और झारखंड से पश्चिम बंगाल में हथियार आयात कर रही है। कानून, कानून का पालन करेगा। इससे क्या फर्क पड़ता है कि वह पंचायत का बेटा है? पुलिस को इस पर गौर करना चाहिए। यह एक अलग घटना है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। अलीपुरद्वार गोलीबारी की घटना के सिलसिले में सत्तारूढ़ पार्टी के पंचायत सदस्य के बेटे की गिरफ्तारी से गरमागरम राजनीतिक बहस छिड़ गई है।

# मुर्शिदाबाद पहुंचते ही बीएसएफ के सामने हाथ जोड़कर ग्रामीणों ने लगायी गुहार, हमें बचा लीजिए

शमशेरगंज। मुर्शिदाबाद में अशांति और दबा हुआ तनाव हर जगह मौजूद है। बीएसएफ ने शमशेरगंज में रूट मार्च शुरू कर दिया है। राज्य पुलिस आगे है। ग्रामीण हाथ जोड़कर बीएसएफ से विनती करते नजर आए, हमें बचा लीजिए, हम अब और बर्दाश्त नहीं कर सकते। कई ग्रामीण राष्ट्रपति शासन की भी मांग कर रहे हैं। जाफराबाद और लक्ष्मी मंदिर समेत कई हिस्से अब जल रहे हैं। इस बीच जाफराबाद में पिता-पुत्र की हत्या का आरोप उपद्रवियों पर लगा है। शमशेरगंज के एक निवासी एक भयावह अनुभव के बारे में बता रहे हैं। बेहद घबराहट की हालत में वह कहते हैं, बाजार में मेरी मिठाई की दुकान है। कुछ लोग बाहर से आये और मेरी दुकान पर हमला कर दिया। उन्होंने घर में भी तोड़फोड़ की। हम कल रात से ही बहुत डरे हुए हैं। हमारे परिवार के सदस्यों ने झारखंड में एक मित्र के घर शरण ली है। इलाके की कुछ महिलाएं कह रही हैं, उन्होंने दरवाज़ा पूरी तरह तोड़ दिया। उन्होंने पत्थर फेंके। एक



और महिला रोते हुए कहती है, हमारी दुकान पूरी तरह से नष्ट हो गई है। उसमें आग लगा दी गई। कुछ भी नहीं बचा है। अब हम क्या खाएंगे? एक अन्य महिला कहती है, हम बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। हमें सुरक्षा दीजिए। राष्ट्रपति शासन लगाइए। कुछ कीजिए! एक अन्य महिला कहती है, पूरी दुकान जलकर खाक हो गई है। मुझे नहीं पता कि क्या खाऊं। एक अन्य व्यक्ति का कहना है, केंद्रीय बलों के बिना यहां कुछ नहीं होगा। राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए। इस बीच, विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने अशांत क्षेत्र में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर शांति का संदेश पोस्ट किया। पुलिस बार-बार कह रही है, अफवाहों पर ध्यान न दें, सावधान रहें।

# गोसानीमारी ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी ने की एक महिला स्वास्थ्यकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार

- विरोध में स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्यालय में ताला मारकर आरंभ किया धरना
- जिला स्वास्थ्य अधिकारी हिमाद्री कुमार अरी ने चर्चा कर धरना करवाया खत्म

दिनहाटा। दिनहाटा के गोसानीमारी ब्लॉक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गोसानीमारी ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एक महिला स्वास्थ्यकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार करने को लेकर हंगामा मच गया। महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पर तालाबंदी कर उसके सामने धरना शुरू कर दिया। वे माफी मांगने और ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी रामेश्वर घोष को तत्काल हटाने की मांग पर अड़े रहे। महिला स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा तालाबंदी कर प्रदर्शन की खबर सुनकर प्रखंड स्वास्थ्य पदाधिकारी तो स्वास्थ्य केंद्र नहीं आए, लेकिन जिला स्वास्थ्य पदाधिकारी हिमाद्री कुमार ऐरी मौके पर पहुंचे और स्वास्थ्य कर्मियों से वार्ता शुरू की। उनके आश्वासन के बाद करीब चार घंटे बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त हो गया। घटना के विवरण के अनुसार, कुछ समय से आरोप लग रहे थे कि गोसानीमारी प्रखंड स्वास्थ्य अधिकारी रामेश्वर घोष नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्र नहीं आ रहे हैं। 11 अप्रैल को उन्होंने आलोकझारी उप-



13 अप्रैल 1919, अमृतसर। वैसाखी का दिन। हजारों लोग जलियांवाला बाग में एकत्र हुए थे- कुछ रॉलेट एक्ट के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध के लिए, तो कुछ महज त्योहार मनाने। तभी ब्रिटिश सेना के ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड डायर ने अपनी टुकड़ी के साथ प्रवेश किया, बाग के एकमात्र द्वार को बंद कराया, और बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर गोलियां चलवा दीं। लगभग दस मिनट में 1650 गोलियां चलाई गईं। सैकड़ों की जान गई, हजारों घायल हुए। दीवारें खून से लथपथ हो गईं। और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक निर्णायक मोड़ आया। जलियांवाला बाग हत्याकांड सिर्फ एक ऐतिहासिक त्रासदी नहीं थी, वह साम्राज्यवादी दमन की पराकाष्ठा थी। लेकिन आज, 100 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद, हमें खुद से पूछना होगा- क्या जलियांवाला बाग केवल इतिहास की एक दुखद कहानी है, या फिर एक ऐसा आईना है जिसमें आज का लोकतंत्र भी देखा जा सकता है?

**जनरल डायर से लेकर आज की सत्ता तक :** ब्रिगेडियर जनरल डायर ने इस नरसंहार को 'आवश्यक कार्रवाई' बताया था। ब्रिटिश साम्राज्य ने उसे डांटा नहीं, बल्कि कुछ ने तो उसे 'असली देशभक्त' भी कहा। यह घटना हमें यह समझाती है कि जब सत्ता को जवाबदेही से मुक्त कर दिया जाता है, तब वह कितनी क्रूर हो सकती है। आज, जब शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज होता है, विश्वविद्यालयों में छात्रों को पीटा जाता है, पत्रकारों को जेल में डाला जाता है, और असहमति को 'देशद्रोह' का नाम दे दिया जाता है, तब यह सवाल उठता है-क्या सत्ता की वही 'डायर मानसिकता' आज भी जीवित है?

**विरोध और लोकतंत्र-एक नाजुक रिश्ता :** लोकतंत्र की बुनियाद असहमति पर टिकी होती है। यदि लोग सवाल न करें, आलोचना न करें, और सत्ता से जवाबदेही न मांगें, तो लोकतंत्र धीरे-धीरे एक सत्तावादी ढांचे में तब्दील हो सकता है। जलियांवाला बाग में निहत्थे लोग मारे गए, क्योंकि उन्होंने सवाल उठाए थे। आज अगर सवाल उठाने वालों को 'राष्ट्रद्रोही' कहा जाता है, तो क्या हमने वाकई इतिहास से कुछ सीखा है? जब सवाल पूछना गुनाह बन जाए, और सत्ता खुद को 'राष्ट्र' घोषित कर दे, तब लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी बजती है।

**इतिहास को सजावटी न बनाएं :** 2021 में जब जलियांवाला बाग स्मारक का नवीनीकरण किया गया, तो उस पर तीखी आलोचना हुई। रंगीन लाइटें, सजावटी गलियारे, डिजिटल शो-सब कुछ जैसे शहादत को 'इवेंट' में बदलने का प्रयास था।

**क्या शहीदों की यादें सेल्फी पॉइंट बन जानी चाहिए? :** इतिहास का काम केवल गौरव गान नहीं है, उसका उद्देश्य चेतावनी देना भी है। जब हम अपने अतीत के दर्द को केवल उत्सव में बदल देते हैं, तो हम उस चेतावनी को नजरअंदाज कर देते हैं। जलियांवाला बाग का नवीनीकरण एक उदाहरण है कि कैसे हम इतिहास की आत्मा खो सकते हैं, अगर हम केवल उसकी सतह पर सजावट करने लगें।

**सत्ता की भाषा बदली है, मंशा नहीं :** ब्रिटिश सत्ता ने विरोध को देश के खिलाफ समझा। आज जब हमारे अपने लोकतांत्रिक संस्थान, जनता की आवाज को 'असहज' मानकर दबाते हैं, तो वह भी लोकतंत्र का हनन है। इंटरनेट शटडाउन, मीडिया पर नियंत्रण, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला-ये सब आधुनिक भारत के 'नरसंहार' हैं। फर्क इतना है कि अब बंदूक की जगह डंडा है, और डायर की जगह सिस्टम है। पिछले वर्षों में हुए आंदोलन-जैसे नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन, किसान आंदोलन, और विश्वविद्यालयों में छात्रों के आंदोलनों ने यह दिखाया है कि आज भी जब लोग सड़कों पर उतरते हैं, तो सत्ता पहले संवाद नहीं करती, बल्कि बल प्रयोग करती है।

**सवाल पूछना अपराध नहीं है :** जलियांवाला बाग की घटना हमें यह सिखाती है कि सत्ता को चुनौती देना जनता का अधिकार है। और यह अधिकार लोकतंत्र का आधार है। रवींद्रनाथ टैगोर ने इस हत्याकांड के बाद ब्रिटिश सरकार से 'नाइटहुड' की उपाधि लौटा दी थी। महात्मा गांधी ने इसे असहयोग आंदोलन की प्रेरणा माना। भगत सिंह ने इसे अपनी क्रांतिकारी चेतना का प्रारंभिक क्षण बताया। आज अगर कोई नागरिक सरकार से सवाल पूछता है, तो वह 'राष्ट्रदोही' क्यों ठहराया जाता है? क्या राष्ट्र वही है जो सत्ता कहे? या राष्ट्र वह है जो नागरिक मिलकर बनाते हैं?

**क्या हम इतिहास को दोहरा रहे हैं? :** भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन यह केवल वोट देने से नहीं बनता। यह बनता है पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और नागरिक स्वतंत्रताओं से। जब सरकारें सवालों से डरने लगती हैं, मीडिया पक्षपाती हो जाता है, और अदालतें मौन हो जाती हैं -तब लोकतंत्र का दम घुटने लगता है। जलियांवाला बाग में जो हुआ, वह इसी मौन और अन्याय का नतीजा था। आज भी, जब कोई पत्रकार सच उजागर करता है और उसे जेल में डाला जाता है, तो वह भी एक तरह का 'नरसंहार' ही है-सत्य का।

**हमें क्या करना होगा? :** बच्चों को जलियांवाला बाग की कहानी केवल एक अध्याय के रूप में नहीं, बल्कि एक चेतावनी के रूप में पढ़ाई जाए। उन्हें सिखाया जाए कि सवाल पूछना देशभक्ति है, गुनाह नहीं। हमें असहमति को स्वीकार करना सीखना होगा। अगर कोई नागरिक सरकार की आलोचना करता है, तो उसे देशद्रोही कहना लोकतंत्र की बेइज्जती है। हर सत्ता को यह समझना होगा कि उसका अस्तित्व जनता से है। यदि वह जनता की आवाज को ही दबा दे, तो उसका नैतिक आधार खत्म हो जाता है। जलियांवाला बाग जैसे स्थानों को टूरिस्ट अट्रैक्शन नहीं, राष्ट्रीय चेतना के केंद्र के रूप में संरक्षित किया जाना चाहिए।

**शहीदों की चीखें आज भी गूंज रही हैं :** जलियांवाला बाग केवल इतिहास का एक काला अध्याय नहीं, बल्कि आज की राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों में प्रासंगिक चेतावनी है। जब तक सत्ता के सामने सवाल उठाने की स्वतंत्रता नहीं होगी, तब तक लोकतंत्र अधूरा रहेगा। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम शहीदों की कुर्बानी को केवल दो मिनट के मौन या फूल चढ़ाने तक सीमित न करें।

हमें उनका सपना पूरा करना होगा-एक ऐसा भारत जहां सत्ता जवाबदेह हो, नागरिक स्वतंत्र हों, और सवाल पूछना एक अधिकार हो, अपराध नहीं। जलियांवाला बाग की दीवारें आज भी बोल रही हैं। सवाल यह है कि क्या हम सुन रहे हैं?

***(इस लेख में लेखक के नितांत निजी विचार हैं। यह आवश्यक नहीं है कि जनपथ समाचार इससे सहमत हो। इससे जुड़े सभी दावे और आपत्ति के लिए केवल लेखक जिम्मेदार है।)***

(कवि,स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, आकाशवाणी एवं टीवी पेनालिस्ट)

मोबाइल : 9466526148, 01255281381

# घिबली ट्रेंड, ए.आई. और शिक्षा का भविष्य



आजकल इंटरनेट पर एक नया सुकून भरा ट्रेंड छाया हुआ है- स्टूडियो घिबली के जैसे सॉफ्ट, ड्रीमी विजुअल्स में लोग अपने यादों, बचपन की तस्वीरों और रोमांटिक पलों को बदल कर देख रहे हैं। ए.आई. टूल्स, जैसे कि चैटजीपीपी प्लस , इन विजुअल्स को कुछ ही सेकंड्स में बना रहे हैं। मैं खुद भी इस ट्रेंड का हिस्सा बना और अपनी एक तस्वीर को घिबली स्टाइल में देख कर मेरे चेहरे पर भी मुस्कराहट आ गयी। यह सब कुछ पर्सनल, प्लेफुल और सच्ची खुशी जैसा लगा।

लेकिन जैसा हर वायरल चीज के साथ होता है, कुछ लोग इसके विरोध में भी हैं। एक मुख्य तर्क यह है कि आर्ट को समय लगता है, उसमें मेहनत और जज्बात होते हैं-और ए.आई. इन सब चीज़ों को एक एल्गोरिदम में बदल देता है। इस नजरिए में एक सच्चाई है। घिबली जैसे स्टूडियोज ने अपने विजुअल्स में दिल-ओ-जान लगा दिया। जब वही विजुअल्स ए.आई. से तुरंत बनाए जाते हैं, तो लगता है जैसे असली कला की अवहेलना हो रही हो।

लेकिन मुझे लगता है इसमें और भी गहरा पहलू है-और वह है एथिक्स और फेयर यूज़ का। क्या हम जिस स्टाइल का उपयोग कर रहे हैं, वह हमारा है भी? ए.आई. इमेज जेनरेटर उन्हीं विजुअल्स से ट्रेन होते हैं जो इंटरनेट पर अवेलेबल होते हैं-और अक्सर बिना असली आर्टिस्ट्स की परमिशन के। तो यह सवाल उठता है-क्या हम ब्यूटी को सबके लिए एक्सेसिबल बना रहे हैं, या किसी और की कला को बिना क्रेडिट दिए बेच रहे हैं?

यहां से बात आती है फेयरनेस और क्रिएटर राइट्स की। अभी चैटजीटीपी जैसे प्लेटफॉर्म्स पेड होते हैं। लोग घिबली जैसे विजुअल्स बनाते हैं, लेकिन स्टूडियो घिबली को उससे कुछ नहीं मिलता। ना रेवेन्यू शेयरिंग, ना एट्रिब्यूशन। पर इसका मतलब यह नहीं कि सॉल्यूशन नहीं है। यूट्यूब ने हमें दिखाया है कि सिस्टम डिजाइन किया जा सकता है जहां ओरिजिनल क्रिएटर्स को कॉम्पेन्सेशन मिलता है। जब कोई यूट्यब पर किसी के कंटेंट का उपयोग करता है, तो कॉपीराइट सिस्टम उसे डिटेक्ट करता है और रेवेन्यू का हिस्सा ओरिजिनल क्रिएटर को जाता है। हां, वह सिस्टम परफेक्ट नहीं है, पर उसने रीमिक्स कल्चर को मरने नहीं दिया-बल्कि और भी ज्यादा क्रिएटिविटी को जगह दी।

ए.आई. टूल्स के लिए भी ऐसे ही डिज़ाइन की जरूरत है, जहां यूज़र्स को खुशी मिले, और क्रिएटर्स को न्याय।

यह सब शिक्षा के नजरिए से भी जरूरी है। बच्चे नए टूल्स का उपयोग तो करेंगे, पर क्या उन्हें यह सिखाया जा रहा है कि ओरिजिनल काम की इज्जत कैसे की जाए? हमें उन्हें यह सिखाना होगा कि क्रिएटिव फ्रीडम और एथिकल यूज़ का बैलेंस कैसे बनाएं।

आखिर में, लोग मियाज़ाकी को हटाना नहीं चाह रहे। वे बस कह रहे हैं-'आपके कल्पनिक संसार ने हमें छू लिया, अब हमें भी उसमें अपने आप को देखने दीजिए।' शायद यही सबसे सच्चा ट्रिब्यूट है। ए.आई. के इस दौर में सवाल यह नहीं कि ब्यूटी को शेयर करना चाहिए या नहीं-सवाल यह है कि उस ब्यूटी को कैसे न्याय के साथ शेयर किया जाए।

**- अचिंत्य गुप्ता**

एसोसिएट डायरेक्टर, सेक्रेड हार्ट स्कूल, सिलीगुड़ी)

( लेखक सेक्रेड हार्ट स्कूल, सिलीगुड़ी में एसोसिएट डायरेक्टर हैं। वह शिक्षा और फिल्म निर्माण के बारे में लिखते हैं। साथ ही फिल्ममेकिंग और ए.आई. जैसे नए टूल्स में रुचि रखते हैं। उन्होंने सेक्रेड हार्ट स्कूल में 'फ्यूचर स्टडीज' नाम का एक कोर्स तैयार किया है,जो हमारे वैल्यू एजुकेशन करिकुलम का हिस्सा बनेगा।

इस कोर्स से बच्चे टेक्नोलॉजी, समाज और कला के बीच के रिश्ते को समझ सकेंगे।

# बुजुर्गों का आन्तरिक सखा, मोबाइल फोन



विजय मारू

जब युवा अपने बुज़ुर्ग माता-पिता या प्रियजनों को मोबाइल फोन पर घंटों अपना समय बिताते देखते हैं तब उनके मन में थोड़ी-थोड़ी निराशा होने लगती है। हाल ही में मेरी एक ऐसे व्यक्ति से बातचीत हुई जो अपने पिता के मोबाइल डिवाइस के लगातार उपयोग से चिंतित थे। 'बस वो केवल अपना समय बर्बाद कर रहे है,' उन्होंने कहां। 'अगर ध्यान दे तो वो कुछ अधिक उत्पादक काम कर सकते थे।' लेकिन केवल फोन पर व्यस्त रहने की उनकी आदत के लिए उनसे नाराज होने के बजाय, मैंने अपना दूसरा दृष्टिकोण पेश किया। क्या हमने कभी यह विचार किया कि उनसे बात करने वाले भी तो कोई नहीं है, इसी कारण वह अपना ज्यादा समय इस फोन के माध्यम से बिताते हैं। तकलीफ तो हमें तब होनी चाहिए, जब हम उनके पास बैठते हैं, उनसे बात करने कि कोशिश करते है पर वो अपने मोबाइल को छोड़ ही नहीं रहे हैं और हमारी बातों को अनसुनी कर रहे हैं।

**जुड़ना भी एक कला है :** जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, अकेलापन एक मूक साथी बन जाता है। कई वरिष्ठ नागरिकों के लिए, खास तौर पर जो अकेले रहते हैं, उनके फोन दुनिया की एक खिड़की के समान हो सकते हैं, जहां एक छोटी सी स्क्रीन पर बहुत कुछ दिखने को मिल जाता है। ठीक उसी प्रकार जब हम अपने कमरे की खिड़की खोलते हैं, बाहर के दृश्य को देख कर मन को बहुत सुकून मिलता है। ऐसे समय में जब आपसी संपर्क कम हो जाता है, डिजिटल रूप से दूसरों से जुड़ने की क्षमता एक जीवन रेखा हो सकती है। वाट्सएप, फेसबुक और यहां तक कि यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्म सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, उससे कहीं ज्यादा देते हैं-वे वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक रूप से जुड़े रहने, देश-दुनिया में क्या हो रहा हैं उसकी जानकारी और व्यस्त रहने का एक साधन देते हैं।

**डिजिटल इंटरेक्शन का आशीर्वाद :** कुछ लोग फेसबुक पर अंतहीन स्क्रॉलिंग या यूट्यूब पर वीडियो देखना समय की बर्बादी मानते हैं, पर इसके आगे भी विचार करना महत्वपूर्ण है। कई वृद्ध वयस्कों के लिए यह अक्सर उनका एकमात्र इंटरेक्शन होता है। चाहे वह पुराने दोस्तों के साथ संदेशों का आदान-प्रदान हो या परिवार के सदस्यों के साथ रहना हो, ये छोटी-छोटी बातचीत अपनेपन की भावनाओं से जुड़ जाती हैं।

इसके अलावा, ऑनलाइन उपलब्ध सामग्री की प्रचुरता के साथ,



वरिष्ठ नागरिक ऐसे वीडियो तक पहुंच सकते हैं जो उन्हें आन्तरिक सुकून देते हैं।

उनमें से कई आध्यात्मिक और धार्मिक प्रवचनों की तलाश करते हैं-ये नासमझी को विचलित करने वाले नहीं हैं, बल्कि सांत्वना के स्रोत हैं जो उन्हें अपने विश्वास और दुनिया से अधिक जुड़ाव महसूस करने में सहयोग करते हैं। ये डिजिटल संसाधन उन्हें शांति और समझ की भावना प्रदान करते हैं और गहराई से देखे तो सुकून प्राप्त कराते हैं, खासकर जब वे अपने जीवन के अंतिम वर्षों पर विचार करते हैं।

**डिजिटल युग में आध्यात्मिक और शैक्षिक मूल्य :** आधुनिक तकनीक की खूबसूरती यह है कि यह हमें सीखने और विकास के लिए अंतहीन अवसर प्रदान करती है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए, यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म मनोरंजन से कहीं बढ़कर बन गए हैं-वे आध्यात्मिक पोषण के साधन हैं। चाहे भरपूर धर्मोपदेश सुनना हो, निर्देशित ध्यान देखना हो, या धार्मिक शिक्षाओं की खोज करना हो। ये डिजिटल स्थान अक्सर स्वर्णिम वर्षों में उद्देश्य और अर्थ की अत्यंत आवश्यक भावना प्रदान करते हैं।

**स्क्रीन टाइम पर एक अलग नजरिया :** अपने प्रियजनों की फोन की आदतों को आंकने या उनकी इस आदत से नाराज होने से पहले, यह विचार करना जरूरी है कि स्क्रीन के दूसरी तरफ़ क्या हो रहा है। कई वरिष्ठ नागरिकों के लिए, उनके फोन दुनिया से जुड़ने का एक तरीका हैं, भले ही वे कितना ही अकेला जीवन यापन कर रहे हैं। शायद उनके मोबाइल फोन के उपयोग को निराश करने वाली चीज के रूप में देखने के बजाय, हम इसे एक ऐसे उपकरण के रूप में देख सकते हैं जो उन्हें जुड़ने, सीखने और एक समृद्ध, अधिक संतुष्टिदायक जीवन जीने में सहायता करता है।

कभी-कभी मोबाइल को वो अपना अन्तरंग सखा भी मान लेते है। युवा जन यह समझे कि जब आप अपने बुजुर्ग माता-पिता या रिश्तेदार को अपने फ़ोन पर स्क्रॉल करते हुए देखें, तो याद रखें कि वो केवल अपना समय बर्बाद नहीं कर रहे हैं। हो सकता है कि वे किसी दोस्त से बात कर रहे हों, कोई सार्थक वीडियो देख रहे हों या आध्यात्मिक बातचीत में सांत्वना पा रहे हों। इस डिजिटल युग में, स्मार्टफ़ोन सिर्फ युवा पीढ़ी के लिए नहीं हैं-वे वरिष्ठ नागरिकों को जुड़ने, सीखने और बुढ़ापे की चुनौतियों का थोड़ा और शांति से जीवन का सामना करने में सहयोग कर रहे हैं।

यह भी विचार करना चाहिए कि अगर उनके पास मोबाइल न होगा तब उनके व्यवहार में शायद काफी चिड़चिड़ापन और उदासी नजर आएगी। असली सवाल यह नहीं है कि बुजुर्ग अपने फोन पर बहुत ज्यादा समय बिताते हैं या नहीं, बल्कि यह है कि क्या घर में अन्य उनसे आमने-सामने बात करने के लिए पर्याप्त समय देते हैं। घर वालो की पर्याप्तता ही बुजुर्गो की स पूर्णता है (विजय मारू नेवर से रिटायर्ड मिशन के प्रणेता है। साथ ही एकल, विद्या भारती और परम शक्ति पीठ के स्वयंसेवक हैं। उन्होंने **https://neversayretired.in** वेबसाइट लॉन्च किया है, जो राष्ट्र निर्माण की दिशा में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक संसाधन है। उनके फेसबुक ग्रुप नेवर से रिटायर्ड फोरम के आज कोई सोलह सौ सदस्य बन चुके है।)

## ॥आज का पंचांग॥

**13 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 05.48 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृष | 07.28 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.26 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.39 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.55 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.07 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.18 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.33 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.49 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | मकर | 00.54 बजे से |
| | | कुंभ | 02.40 बजे से |
| | | मीन | 04.13 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 103 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 05.52 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** चित्रा 21.11 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 21.39 बजे को समाप्त। **करण** बव 05.52 बजे तदनन्तर बालव 19.09 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 04' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872313 **जूलियन दिन** 2460778.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 14 **विशेष** ईस्टर।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## ॥ मंगलमय जन्मदिन॥

**13 अप्रैल, 2025**

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। आपका जन्मतिथि 13 अप्रैल है। अंक ज्योतिष के अनुसार आपकी जन्मतिथि का स्वामी ग्रह राहु है। इस माह का अधिपति ग्रह मंगल है। मंगल और राहु ग्रह का प्रभाव बराबर रहेगा। व्यवधान आपके जीवन का प्रमुख अंग होगा। आपका जीवन उथल-पुथल से परिपूर्ण रहेगा। आप अपने धुन के पक्के रहेंगे। आपके विचारों में उग्रता का समावेश रहेगा। आप समाज सुधारक व आधुनिक विचारों के व्यक्ति होंगे। आप में प्रदर्शन की भावना रहेगी। आप यथार्थवादी होते हुए भी कल्पना लोक में खोये रहेंगे। आप क्रोधी स्वभाव के होंगे। क्रोध की अधिकता हानिकारक सिद्ध होगी। आप कोई भी कार्य दूसरों की सलाह लेकर ही करेंगे, लेकिन स्वयं निर्णय नहीं ले पायेंगे। रचनात्मक गतिविधियों में आप रूचि लेंगे। आपके कार्यों में नवीनता की झलक रहेगी। दृढ़ निश्चय व कठिन परिश्रम से ही आपको सफलता मिलेगी। जीवन में उलझनों से मुक्ति हेतु अपने कुल देवी-देवता की देव अर्चना करें। तन-मन-कर्म-वचन से पवित्र रहें। अपने दैनिक जीवन में चमकीले रंग की वस्तुओं का प्रयोग अधिकतर करें। समाज सेवा निष्काम भाव से करें। गाय को नियमित रूप से गुड़ व घी लगा हुआ पराठा खिलावें। सदाचार का पालन करें। सुख-सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

**आपके लिए अनुकूल**

- मन्त्र : ॐ रां राहुवें नमः
- व्रत : शनिवार
- दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
- दिनांक : 4, 13, 22, 31
- अंक : 1, 2, 7
- मास : फरवरी, जून एवं अगस्त
- वर्ष : 4, 13, 22, 31, 40, 49, 58, 67
- रंग : काला, भूरा एवं स्लेटी
- जन्मरत्न : गोमेद
- उपरत्न : काला अकीक

**यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| 13 | 8 | 15 |
| 14 | 12 | 10 |
| 9 | 16 | 11 |

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 मार्च से 28 अप्रैल, 10 जुलाई से 20 अगस्त

**बिमल जैन : हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न सलाहकार, अंक विज्ञानवेत्ता**

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, पंचक्रोशी मार्ग, भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो० : 09335414722

## ॥आज आप का दिन॥

**रविवार, 13 अप्रैल 2025**

**मेष**-बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, जनसम्पर्क का सुयोग, जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वास्थ्य सुधार पर, यात्रा सुखद, धनागम का सुअवसर।

**वृषभ**-उन्नति में सहायक, योजना के कार्यान्वयन हेतु विचार-विमर्श, दाम्पत्य जीवन मधुर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, जीवन में मनोनुकूल घटना घटित, खुशी भी।

**मिथुन**-आज दिन 7/39 बजे तक लाभ में कमी, वैचारिक अस्थिरता, व्यय से कष्ट। शेष समय में नौकरी में स्थानांतरण, व्यावसायिक विस्तार, पारस्परिक संबंधों में मधुरता।

**कर्क**-आज दिन 7/39 बजे तक सफलता, कार्य क्षमता में वृद्धि, विरोधी परास्त, सुयश की प्राप्ति। शेष समय में प्रतिकूलता, कार्यों में अड़चनें, समस्याओं से चिन्ता।

**सिंह**-स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, प्रगति हेतु प्रयत्नशील, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, स्वाध्याय की ओर रुझान, यात्रा का प्रसंग।

**कन्या**-सद्विचारों का उदय, बुद्धि-विवेक से कार्यों में सफलता, मान-सम्मान में वृद्धि, अधिक व्यय, सुपरिचितों से सहयोग, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

**तुला**-आज दिन 7/39 बजे तक दिन अशुभ, मानसिक बेचैनी, महत्वपूर्ण निर्णय लेने में विलम्ब, कष्ट भी। शेष समय अनुकूल, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान।

**वृश्चिक**-आज दिन 7/39 बजे तक समय संतोषजनक, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ। शेष समय निराशाजनक, विवाद की आशंका, लाभ में कमी, यात्रा में परेशानी।

**धनु**-स्वास्थ्य में सुधार, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से समस्याओं में कमी, निजी जिन्दगी में सुख, यात्रा से लाभ।

**मकर**-कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, मनोविनोद के अवसर, मित्रों-परिजनों से सहयोग, लाभ भी।

**कुम्भ**-आज दिन 7/39 बजे तक शारीरिक कष्ट, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, मन अशांत। शेष समय शुभ, व्यवसाय में नवपरिवर्तन, मांगलिक आयोजन सम्पादित।

**मीन**-आज दिन 7/39 बजे दिनमान अनुकूल, पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, भोग-विलासिता की ओर रुझान। शेष समय में कार्यों के प्रति असन्तोष, बात-बात पर क्रोध की स्थिति।

– विमल जैन

# इटली के उप प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति से की मुलाकात, भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने पर जताई सहमति

नई दिल्ली। इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जतायी कि आने वाले समय में भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी।

राष्ट्रपति भवन में उप प्रधानमंत्री तजानी और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और इटली दोनों ही प्राचीन स यतागत विरासत में निहित हैं। हमारे दर्शन, साहित्य और कला के माध्यम से विश्व को योगदान देने का गौरवशाली इतिहास रहा है। हम सदियों से व्यापार और लोगों तथा विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। समकालीन युग, वर्तमान युग में, दोनों देश उभरती प्रौद्योगिकियों, नवाचार और रक्षा में घनिष्ठ सहयोग कर रहे हैं और जी-20 जैसे बहुपक्षीय



मंचों पर भी मिलकर काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में वृद्धि की बहुत संभावना है। भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि और 2047 तक विकसित भारत का रोडमैप औद्योगिक साझेदारी और सहयोग के लिए कई अवसर प्रस्तुत करता है।

उन्होंने इतालवी कंपनियों और सार्वजनिक उपक्रमों को विशेष रूप से विनिर्माण और सह-उत्पादन के लिए भारत में अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने इतालवी हरित प्रौद्योगिकी कंपनियों से भारतीय उद्योग के साथ सहयोग और साझेदारी की संभावनाओं का पता लगाने का भी आग्रह किया। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि इतालवी विश्वविद्यालय और शोधकेंद्र भारतीय भागीदारों के साथ सहयोग की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति ने विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर खोलने की सुविधा प्रदान की है। इतालवी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर खोलने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि तजानी दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को भारत पहुंचे थे।

## राष्ट्रपति ने वैशाखी, विषु, बोहाग बिहू, पोयला बोइशाख, मेषादी, वैशाखादि की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 13, 14 और 15 अप्रैल को मनाए जाने वाले वैशाखी, विषु, बाहाग बिहू, पोयला बोइशाख, मेषादी, वैशाखादि और पुतांदु पिरापु की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने शनिवार को अपने संदेश में कहा कि वैशाखी, विषु, बोहाग बिहू, पोयला बोइशाख, मेषादी, वैशाखादि और पुतांदु पिरापु के शुभ अवसर पर, मैं भारत और अन्य देशों में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। देश के विभिन्न भागों में फसल कटाई के समय मनाए जाने वाले ये पर्व हमारी सामाजिक परंपराओं और विविधता में एकता के प्रतीक हैं। इन त्योहारों के द्वारा हम अन्नदाताओं के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करते हैं। ये पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण और भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रसार का भी संदेश देते हैं।

# अभिषेक शर्मा की आंधी में उड़ी पंजाब

- हैदराबाद ने तोड़ा हार का सिलसिला
- पंजाब को आठ विकेट से हराया



हैदराबाद। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की विशाल साझेदारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हरा दिया। शनिवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए सत्र के 27वें मैच में पंजाब ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 245 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 18.3 ओवर में दो विकेट खोकर 247 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की विशाल साझेदारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हरा दिया। शनिवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए सत्र के 27वें मैच में पंजाब ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 245 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 18.3 ओवर में दो विकेट खोकर 247 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

55 गेंदों में 141 रन की तूफानी पारी खेलकर अभिषेक शर्मा आउट हो गए। उन्हें अर्शदीप सिंह ने अपना शिकार बनाया। इस शानदार पारी के दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 14 चौके और 10 छक्के जड़े। अब फीज पर ईशान किशन आए हैं। उनका साथ देने के लिए क्लासेन मौजूद हैं। अभिषेक शर्मा ने महज 40 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का पहला शतक जड़ा।

वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं॥ हैदराबाद को पहला झटका युजवेंद्र चहल ने दिया। उन्होंने ट्रेविस हेड को अपना शिकार बनाया। वह 37 गेंदों में 66 रनों की तूफानी पारी खेलकर आउट हुए। उन्होंने अभिषेक के साथ पहले विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी निभाई। पंजाब ने मजबूरी में शशांक सिंह को गेंदबाजी दी। इस मैच में टीम ने कुल आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया है।

# डीआरआई ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 6.30 करोड़ का सोना जब्त किया, दो गिरफ्तार

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक यात्री से 6.30 करोड़ रुपये का विदेशी सोना जब्त किया। विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई अधिकारियों ने थाई एयरवेज की फ्लाइट टीजी 317 से बैंकॉक से आए एक यात्री को रोका।

तलाशी के दौरान यात्री के पास से 14 सोने की छड़ें बरामद हुईं। सोने को यात्री ने जूते में बड़ी चतुराई से छिपाकर रखा था। बरामद कुल सोने का वजन 6,735.42 ग्राम है और इसकी कीमत लगभग 6.30 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

डीआरआई के एक अधिकारी के अनुसार, यात्री ने सोने की छड़ें जूते में छिपाई थीं। पूछताछ के दौरान यात्री ने तस्करी किए गए सोने के संभावित प्राप्तकर्ता की पहचान बताई है। इस जानकारी के आधार पर डीआरआई ने खरीदार को भी गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया, पूछताछ में खरीदार ने तस्करी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। यात्री और खरीदार दोनों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। तस्करी किए गए सोने को जब्त कर आगे की जांच की जा रही है।

इससे पहले 14 फरवरी को डीआरआई ने कहा था कि उसने मुंबई हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी के आरोप में तीन ईरान के नागरिकों को गिरफ्तार किया था।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुंबई में डीआरआई के अधिकारियों ने विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर तीन ईरानी नागरिकों को रोका था, जो दुबई से मुंबई की यात्रा कर रहे थे। तलाशी के दौरान, अधिकारियों को दो यात्रियों के कपड़ों के नीचे कमर में बांधे गए बैग में रखी एक किलोग्राम की सात विदेशी चिन्हित सोने की छड़ें तथा एक विदेशी चिन्हित सोने की छड़ का कटा हुआ टुकड़ा मिला था।

जब्त किया गया कुल सोना 7.143 किलोग्राम था, जिसकी कीमत लगभग 6.28 करोड़ रुपये थी। सोने को जब्त कर तीनों ईरानी नागरिकों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

# पीडीए को मजबूत कर 90 फीसदी को देंगे ताकत : अखिलेश

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि पीडीए से लोकसभा में बड़ी ताकत मिली, इसलिए 90 फीसदी आबादी को साथ लेकर चलने का काम करेंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज अपने गृह जिले इटावा के महेवा ब्लाक में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण करने के बाद कहा ''अगर कोई हमारे रामजीलाल सुमन जी, या हमारे कार्यकर्ता का अपमान करेगा तो हम समाजवादी लोग भी उनके साथ खड़े दिखाई देंगे, उनके सम्मान की लड़ाई लड़ने का काम करेंगे और यह सेना वेना सब नकली है, यह सब बीजेपी वाले हैं।''



उन्होंने कहा कि रामजीलाल सुमन जी के ऊपर किसी तरह का अपमान का व्यवहार नहीं कर पाएंगे और अगर अभी भी सरकार ने खुली छूट दे रखी है तो सरकार इसके लिए जिम्मेदार है। भाजपा पर अखिलेश का निशाना सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अपनी नाकामी छुपाने के लिए वक्फ बोर्ड का बिल लाकर सरकार ने जान बूझकर इस तरह का माहौल पूरे देश में बनाया है। जबसे बीजेपी की सरकार आई है आतंकवादियों के अटैक बढ़े हैं, बड़े पैमाने पर फौज के जवान शहीद हुए हैं। उन्होंने कोरोना वैक्सीन को लेकर एक बार फिर सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि जो कोरोना में हमें कहते थे वैक्सीन वैक्सीन, बताओ हार्ट अटैक ज्यादा हो रहे हैं कि नहीं हो रहे हैं? सुनने में आ रहा है कैंसर भी बहुत बढ़ता चला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का दिया हुआ संविधान हम लोगों को सम्मान से जीने का रास्ता दिखाता है। बीजेपी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को कमजोर करना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि यह संविधान हमारे लिए बुनियाद है। हमारे लिए कर्म ग्रंथ है. बाबा साहब ने भी जीवनभर भेदभाव देखा। जहां जानवर भी पानी पी सकते थे वहां पर भी पानी लेने नहीं जा सकते थे। अखिलेश ने कहा कि हजारों साल पुरानी बुराई जो हमारे समाज में है, आज भी खत्म नहीं हुई। इस तरह की घृणा दुनिया में कहीं नहीं देखा जाती, सिर्फ हमारे देश में देखी जाती है।

उन्होंने कहा कि मैं सोच सकता हूं कि अगर हम लोगों के साथ ऐसा व्यवहार हो सकता है तो और जो हमारे बहुजन समाज के लोग हैं, उनके साथ में न जाने कैसा कैसा व्यवहार होता होगा। अखिलेश ने कहा कि हमारा आरक्षण छीना जा रहा है, हम लोगों को आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया जा रहा है।

फूलन देवी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि फूलन देवी जी का भी एक अलग इतिहास है। शायद धरती पर, दुनिया के इतिहास में इतनी प्रताड़ना इतना अपमान किसी महिला का हुआ होगा। जो व्यवहार, अपमान हुआ था उसको सम्मान में बदलने के लिए नेताजी और समाजवादी पार्टी ने उन्हें लोकसभा में पहुंचाने का काम किया था। अखिलेश ने कहा कि अंग्रेजों के जाने के बाद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने दुनिया का सबसे अच्छा संविधान दिया, उन्होंने हमें और आपको अधिकार दिलाने का काम किया। आज हमारे अधिकारों की कोई परवाह नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा लगाकर पूरे पीडीए परिवार को एक प्रकाश स्तंभ की तरह चलने का मौका दिया। आज के दिन हम सब पीडीए परिवार के लोग संकल्प लेते हैं कि कोई कितना भी साहसी हो जाए, ताकतवर हो जाए लेकिन बाबा साहब का संविधान हम लोग बदलने नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि आज पीडीए और बाबा साहब के संविधान, लोहिया जी के चिंतन और नेताजी के संघर्ष की वजह से हम लोग उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी हैं। पीडीए से जुड़कर हम लोग 90 प्रतिशत आबादी को साथ लेकर चलने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इटावा की पहचान कभी चंबल के डाकुओं के नाम से होती थी लेकिन आज इटावा को शेरों के नाम से जाना और पहचाना जाता है। इटावा सफारी बनने के बाद इटावा को नया नाम एशियाई शेरों के आशियाने के रूप में मिला है।

सिर्फ इतना ही नहीं, आजादी पूर्व इटावा के अंग्रेज अफसर ए ओ ह्यूम ने कांग्रेस की स्थापना का खाका भी इटावा में ही बनाया था। इटावा के इतिहास को अगर देखे तो इटावा का इतिहास अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण है लेकिन राजनीतिक तौर पर उतार-चढ़ाव देखा जाता रहा है।

## शेष पृष्ठ एक का..........................

### ट्रम्प ने स्मार्टफोन-कंप्यूटर से.........

ज्यादा टैक्स लगाता है, तो अमेरिका भी उस देश के सामान पर वैसा ही टैक्स लगाएगा। यह नीति दूसरे देशों के साथ व्यापार को संतुलित करने के लिए बनाई गई है। इसे ट्रंप प्रशासन की तरफ से 2 अप्रैल को लागू किया गया था। जिसके बाद दुनिया भर के तमाम देशों ने इसका विरोध किया। वहीं इसके चलते शेयर बाजार को काफी नुकसान हुआ था।

### वक्फ कानून बंगाल में लागू नहीं होगा.............

दल राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का दुरुपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके बहकावे में न आएं। ममता बनर्जी ने कहा कि मुझे लगता है कि धर्म का मतलब मानवता, सद्भावना, सभ्यता और सद्भाव है। मैं सभी से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील करती हूं।

### देशभर में यूपीआई सर्विस 3 घंटे रही...................

तक यूपीआई सेवाओं के बारे में शिकायतें 2,000 से अधिक हो गईं, जिनमें भुगतान और फंड ट्रांसफर से जुड़ी सबसे ज्यादा शिकायतें दर्ज की गईं। इस बीच नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में इस इस समस्या को स्वीकार किया है। एनपीसीआई ने कहा है कि वे इसे हल करने के लिए काम कर रहे हैं। एनपीसीआई ने आगे कहा है कि हम इस समस्या को हल करने के लिए काम कर रहे हैं, और आपको अपडेट रखेंगे। उपयोगकर्ताओं को हुई असुविधा के लिए खेद है।पिछले एक साल में यूपीआई के डाउन होने का ये छठा मामला है। इससे पहले सबसे बड़ी व्यवधान 26 मार्च को आया, जब यूजर्स 2-3 घंटे तक यूपीआई ऐप का उपयोग नहीं कर सके।

### जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सेना .......

जेसीओ को श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा की है। इसी बीच, किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर हुआ. शुक्रवार देर रात तक चले इस ऑपरेशन में तीन आतंकियों को मार गिराया गया। अधिकारियों के मुताबिक मारे गए आतंकी जैश-ए-मोह मद संगठन से जुड़े थेद्व इनमें एक टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल था। फिलहाल क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन जारी है. 4-5 अप्रैल की रात ज मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था।

### नेशनल हेराल्ड केस- ईडी जब्त करेगी .........

कंपनी यंग इंडिया भी शामिल है। अन्य आरोपियों में मोतीलाल वोहरा और ऑस्कर फर्नांडिस अब जीवित नहीं हैं। यंग इंडिया का स्वामित्व सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी के पास है। आरोप है कि यंग इंडिया ने एजेएल की 2,000 करोड रुपए की संपत्तियां महज 50 करोड रुपए में खरीदी थीं, जो उनके वास्तविक मूल्य से काफी कम है ईडी ने 2021 में इस मामले की जांच शुरू की और पाया कि एजेएल की आपराधिक आय 988 करोड़ रुपए है।

### मतदाता सूची की समीक्षा इसी माह शुरू ........

पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में वार्ड-स्तरीय और नगर-स्तरीय पर्यवेक्षक नियुक्त होंगे। इस साल फरवरी में कोलकाता में आयोजित एक संगठनात्मक बैठक में पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस अभियान के निर्देश दिए थे। उनका मानना है कि अन्य राज्यों के मतदाताओं के नाम बंगाल की मतदाता सूची में जोड़े जा सकते हैं, जिससे चुनाव की पारदर्शिता प्रभावित हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेगी।

### आईईडी ब्लास्ट में 1 जवान ...........

सुनील धान घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हेलीकॉप्टर से रांची ले जाया गया। सुनील धान की स्थिति काफी गंभीर थी। हादसे में वे शहीद हो गए। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने शहादत पर शोक जताया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोबरा 203 बटालियन के हेड कांस्टेबल विष्णु सैनी का रांची में इलाज चल रहा है। झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान इस विस्फोट में शहीद हो गए। पश्चिम कोल्हान रेंज के डीआईजी मनोज रतन चौथे ने बताया कि सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर राधापोरा जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। तभी नक्सलियों से आमना-सामना हो गया।

### रोज वैली पोंजी घोटाले में निवेशकों ...............

लिए किया जाएगा। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एडीसी को 22 करोड़ रुपये की राशि सौंपी थी जिसका उपयोग 32,319 वैध निवेशकों को धन वापस दिलाने के लिए किया गया था। मंत्रालय के मुताबिक ईडी ने वर्ष 2015-17 में मनी ट्रेल की जांच करके और 2,987 अलग-अलग बैंक खातों का पता लगाकर 515.31 करोड़ रुपये की धनराशि जब्त की थी, जिसमें निर्दोष पीड़ितों से एकत्र की गई धनराशि को भेजा गया था। इसके बाद कानून की उचित प्रक्रिया के बाद उक्त बैंक खातों को जब्त या अटैच कर दिया गया और न्यायाधिकरण द्वारा कुर्की की पुष्टि के बाद उन्हें 700 से अधिक सावधि जमा में बदल दिया गया। ईडी पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम और त्रिपुरा राज्यों में रोज वैली ग्रुप के खिलाफ पांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के मामलों की जांच कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने 1,172 करोड़ रुपये की अन्य चल और अचल संपत्तियां भी जब्त की हैं, जो परिसमापन और पीड़ितों को वापस करने की प्रक्रिया में है। ईडी ने इन सभी मामलों में पीएमएलए के तहत विशेष अदालतों के समक्ष अभियोजन शिकायतें दायर की हैं।

# पुतिन ने यूक्रेन वार्ता के लिए की अमेरिकी विशेष दूत से मुलाकात

सेंट पीटर्सबर्ग। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष पर बातचीत के लिए सेंट पीटर्सबर्ग में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि श्री ट्रम्प के विशेश राजदूत से मुलाकात के दौरान 'यूक्रेनी समझौते के विभिन्न पहलुओं' पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यूक्रेन मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच विचारों का आदान-प्रदान करेंगे, लेकिन इन वार्ताओं से बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद कम है। श्री पुतिन से मिलने से पहले श्री विटकॉफ ने रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष के प्रमुख और विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए रूसी विशेष राष्ट्रपति दूत किरिल दिमित्रिएव के साथ बातचीत की।

रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, श्री विटकॉफ शुक्रवार सुबह एक व्यापारिक यात्रा पर रूस पहुंचे और देर शाम सेंट पीटर्सबर्ग से स्वदेश रवाना हो गये।

# अमेरिका में 24 घंटे में दूसरा विमान हादसा, फ्लोरिडा में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका में 24 घंटे के अंदर दूसरा विमान हादसा हुआ है। न्यूयॉर्क के बाद फ्लोरिडा में एक छोटे विमान (सेसना 310 आर) के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई। न्यूयॉर्क के विमान हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी। स्थानीय अधिकारियों और अमेरिका संघीय उड्डयन प्रशासन के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार सुबह फ्लोरिडा के बोका रैटन में हुआ। एबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, बोका फायर रेस्क्यू के सहायक अग्निशमन प्रमुख माइकल लासेल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विमान में स्पष्ट रूप से कुछ यांत्रिक समस्याएं थीं और यह मिलिट्री ट्रेल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आसमान से गिरने पर यह सबसे पहले कार से टकराया।

इसके बाद उसमें आग लग गई। आग के कारण वह पेड़ से टकरा गया। अमेरिका संघीय उड्डयन प्रशासन ने कहा कि सेसना 310 आर ने सुबह 10:15 बजे बोका रैटन हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। यह टल्हासी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर जा रहा था। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन से टी बोर्ड के विमानन दुर्घटना जांचकर्ता कर्ट गिब्सन के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले यह लगभग आठ से 10 मिनट तक हवा में रहा। बोका रैटन के मेयर स्कॉट सिंगर ने कहा, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों और सभी प्रभावितों के साथ हैं। बताया गया है कि सड़क पर छोटा विमान जिस कार से टकराया, उसमें मौजूद एक व्यक्ति घायल हो गया। टक्कर के बाद कार रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई। इस कारण रेलवे मार्ग को भी रोकना पड़ा। हादसे के बाद बोका रैटन एयरपोर्ट के पास कई सड़कें बंद कर दी गईं। इससे पहले गुरुवार को न्यूयॉर्क में एक टूरिस्ट हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे में दिग्गज टेक कंपनी सीमेंस के सीईओ अगस्टिन एस्कोबार और उनका पूरा परिवार मारा गया।

### वक्फ कानून का विरोध.................

तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, जिले के शमशेरगंज में एक घर से पिता-पुत्र की रक्तरंजित लाश बरामद हुई है। उनके शरीर पर अनेक जगहों पर जख्म के निशान हैं। वहीं, सूती में यह किशोर की गोली लगने से मौत हो गई है। मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा के सिलसिले में 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को हिंसा के दौरान पुलिस वैन सहित कई वाहनों में आग लगा दी गई। सुरक्षा बलों पर पथराव किया गया और सड़कें ब्लॉक कर दी गईं। हिंसा की घटना में 15 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए हैं तथा अनेक लोग जख्मी हुए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने शनिवार को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती के निर्देश दिए। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती की मांग को लेकर आज हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।

### राष्ट्रपति को तीन महीने में ............

राज्य की कैबिनेट को प्राथमिकता दी गई हो और राज्यपाल ने विधेयक को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के विपरीत जाकर फैसला किया हो तो कोर्ट के पास बिल की कानूनी रूप से जांच करने का अधिकार होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब कोई समय-सीमा तय हो, तो वाजिब टाइम लाइन के भीतर फैसला करना चाहिए। राष्ट्रपति को बिल मिलने के 3 महीने के भीतर फैसला लेना अनिवार्य होगा। यदि देरी होती है, तो देरी के कारण बताने होंगे।

अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति किसी बिल को राज्य विधानसभा को संशोधन या पुनर्विचार के लिए वापस भेजते हैं। विधानसभा उसे फिर से पास करती है, तो राष्ट्रपति को उस बिल पर फाइनल डिसीजन लेना होगा और बार-बार बिल को लौटाने की प्रक्रिया रोकनी होगी। इधर सुप्रीम कोर्ट का राज्यपाल के मामले में फैसला शुक्रवार को ऑनलाइन अपलोड हो गया है। इस फैसले में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने निर्धारित किया है कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से उनके विचार के लिए आरक्षित विधेयकों पर संदर्भ प्राप्त होने की तिथि से तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय लेना चाहिए।

शीर्ष अदालत की तरफ से तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि की तरफ से राष्ट्रपति के विचार के लिए रोके गए और आरक्षित किए गए 10 विधेयकों को मंजूरी देने और राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए सभी राज्यपालों के लिए समयसीमा निर्धारित की थी। फैसला करने के चार दिन बाद, 415 पृष्ठों का निर्णय शुक्रवार को रात 10.54 बजे शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

# अनुराग ठाकुर ने कहा, युवा 2047 तक विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, विपक्ष पर साधा निशाना

नई दिल्ली। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि युवा न केवल भारत का भविष्य हैं, बल्कि वर्तमान भी हैं और वे 2047 तक विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा सांसद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था कि मुझे 100 ऊर्जावान युवा दे दो, मैं भारत की तकदीर-तस्वीर बदल दूंगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि एक लाख से ज्यादा युवाओं को राजनीतिक प्रणाली में आना चाहिए। युवाओं के आने से राजनीति को बहुत बड़ा बल मिलेगा। देश की तकदीर-तस्वीर बदलने का अवसर मिलेगा। दूसरी तरफ हमारे युवा वो भी हैं जिन्होंने स्टार्टअप में इतना बढ़िया काम किया है कि उन्होंने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना दिया है।

अनुराग ठाकुर ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, कुछ राजनीतिक दलों ने धारा 375 और 35ए का विरोध किया और डर पैदा किया। फिर, उन्होंने ट्रिपल तलाक के बारे में भय और भ्रम फैलाया। सीएए के बारे में भय और भ्रम फैलाया कि मुसलमानों को देश से निकाल दिया जाएगा। राम मंदिर मुद्दे पर डर फैलाया, कहा कि इससे हिंदू और मुसलमानों के बीच तनाव पैदा होगा। इन सभी मामलों में विपक्ष गलत साबित हुआ है। विपक्ष ने तुष्टिकरण की राजनीति की।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने भय और भ्रम फैलाकर देशवासियों को बांटने का प्रयास किया। कभी उत्तर दक्षिण के नाम पर, कभी जाति और धर्म के नाम पर विपक्ष आखिर कब तक इतनी घटिया राजनीति करता रहेगा। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने देश के बॉर्डर को सील करने के लिए पिछले 10 सालों से जमीन नहीं दी, ताकि वहां पर फेंसिंग (बाड़बंदी) करवाई जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम ममता बनर्जी बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण देती हैं।

इसके अलावा भाजपा सांसद ने कहा कि कुछ लोगों ने वक्फ की जमीन पर कब्जा कर रखा है। लाखों-करोड़ों की संपत्ति को अपनी जागीर बना रखा है।

अनुराग ठाकुर ने सीएम ममता बनर्जी और विपक्ष के नेताओं से सवाल किया कि वे क्यों मुस्लिम महिलाओं का भला नहीं चाहते? ममता बनर्जी क्यों मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं, मुस्लिम बेटियों, मुस्लिम बच्चों का भला नहीं चाहतीं? क्यों वह मुस्लिम समुदायों के लिए उस जमीन पर स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनवाना नहीं चाहतीं?

उन्होंने पूछा कि क्यों गिने-चुने लोगों के हाथ में दो लाख करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है? भाजपा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार चाहती है कि वक्फ की जमीन उन लोगों के काम आए जो मुस्लिम समुदाय से हैं, जिनका भला हो।

किसी मस्जिद-मदरसे और कब्रिस्तान पर कोई खतरा नहीं है। सरकार कुछ नहीं कर रही। यदि किसी ने जमीन पर नाजायज कब्जा कर रखा है तो उन्हें बताना पड़ेगा कि ये कैसे वक्फ की जमीन है।

## हरित ऊर्जा और स्थायी बुनियादी संरचना के प्रति अग्रसर

# पू.सी. रेलवे ने उजान बाजार में 306.9 केडब्ल्यूपी सौर संयंत्र का अनावरण किया

मालीगांव। पर्यावरणीय स्थिरता और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू.सी. रेलवे) ने गुवाहाटी के उजान बाजार जल प्रशोधन संयंत्र में 306.9 केडब्ल्यूपी क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र चालू किया। इस संयंत्र का आधिकारिक उद्घाटन 10 अप्रैल, 2025 को पू.सी. रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित एक समारोह में किया गया। इस अवसर पर लामडिंग मंडल के मंडल रेल प्रबंधक समीर लोहानीऔर पू.सी. रेलवे के प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर संदीप कुमार भी उपस्थित थे।



पर्यावरण एवं हाउस कीपिंग मैनेजमेंट (ईएनएचएम) निधि के अंतर्गत विकसित इस अत्याधुनिक सौर ऊर्जा संयंत्र को प्रतिदिन औसतन 928 यूनिट बिजली उत्पन्न करने के लिए निर्मित किया गया है, जिसके परिणाम स्वरूप अनुमानित वार्षिक बचत 30 लाख रुपये होगी। इससे परिचालन ऊर्जा लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी। सौर प्रणाली में मोनो क्रिस्टलीय सौर मॉड्यूल शामिल हैं, जिसमें 558 सौर मॉड्यूल प्लेटों का उपयोग किया गया है, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 550 डब्ल्यूपी है और यह 315 केवीएकी संयुक्त इन्वर्टर क्षमता वाले 08 ल्यूमिनस मेक इनवर्टर द्वारा समर्थित है। कुल 2.48 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना 7 मार्च, 2025 को पूरी हुई। उजान बाजार जल प्रशोधन संयंत्र में महत्वपूर्ण परिचालनों को शक्ति प्रदान करने के लिए निर्मित इस प्रणाली में एक व्यापक विद्युत नेटवर्क शामिल है, जोनिर्बाध ऊर्जा वितरण और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए बरजेस और जेटिस तक विस्तारित है। मात्र आठ वर्षों की पेबैक अवधि और 25 वर्षों की अपेक्षित परिचालन अवधि के साथ, उजान बाजार में सौर ऊर्जा संयंत्र ऊर्जा दक्षता, हरित प्रौद्योगिकी अपनाने और कार्बन फुटप्रिंट में कमी पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू.सी. रेलवे) की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

यह पहल न केवल स्थायी बुनियादी संरचना को लागू करने में पू.सी. रेलवे के नेतृत्व को दर्शाती है, बल्कि भारतीय रेलवे नेटवर्क में इसी तरह की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एक बेंचमार्क भी स्थापित करती है। यह परियोजना भारतीय रेलवे के अपने मुख्य बुनियादी संरचना में अक्षय ऊर्जा को शामिल करने और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता को कम करने के व्यापक दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग है। महत्वपूर्ण सुविधाओं पर स्वच्छ ऊर्जा समाधान लागू करके, भारतीय रेलवे परिचालन दक्षता को बढ़ाने के साथ ही कार्बन उत्सर्जन को कम करने के राष्ट्रीय उद्देश्य का सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है।

# शिक्षा मंत्री के खोखले वादों से नाराज शिक्षक, भूख हड़ताल पर कायम



कोलकाता (हि. स.)। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नौकरी गंवा चुके पश्चिम बंगाल के तीन शिक्षक शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के दावे को खोखला बताते हुए अभी भी अनशन पर बैठे हुए हैं। 2016 की एसएससी भर्ती परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी करने की मांग को लेकर वे कोलकाता स्थित एसएससी कार्यालय के बाहर तीन दिन से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। पंकज रॉय, सुमन बिश्वास और प्रताप कुमार साहा नामक ये शिक्षक 10 अप्रैल सुबह 11 बजे से आंदोलन पर हैं। इनकी मांग है कि सरकार साफ तौर पर बताए कि किन अभ्यर्थियों की नियुक्ति वैध थी और किनकी नहीं।

इस बीच, राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2016 की परीक्षा में शामिल 22 लाख अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट्स की डिजिटल प्रतियां एसएससी की वेबसाइट पर जारी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यदि कानूनी बाधा न आई, तो यह प्रक्रिया 21 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी।

हालांकि, भूख हड़ताल पर बैठे शिक्षकों ने मंत्री की इस घोषणा को खारिज कर दिया है। सुमन बिश्वास, जो नकाशीपाड़ा हाई स्कूल (नदिया) में शिक्षक थे, ने कहा कि ऐसे खोखले वादे अब हमारे लिए कोई मायने नहीं रखते। जब तक पात्र उम्मीदवारों की स्पष्ट सूची सार्वजनिक नहीं होती, हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने हाल ही में मंत्री, एसएससी अध्यक्ष और कुछ बर्खास्त शिक्षकों के बीच हुई बैठक को ध्यान भटकाने की कोशिश बताया। बिश्वास ने यह भी कहा कि अगर भूख हड़ताल के कारण कोई गंभीर स्थिति बनती है, तो भी वे डरते नहीं हैं।

इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने तीन अप्रैल को 2016 की एसएससी भर्ती प्रक्रिया को रद्द करते हुए 25 हजार 753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द कर दी थीं। कोर्ट ने पूरी प्रक्रिया को दूषित और त्रुटिपूर्ण करार दिया था। एसएससी ने अदालत में दावा किया था कि ओएमआर शीट्स या उनकी डिजिटल कॉपियां मौजूद नहीं हैं, क्योंकि उन्हें नष्ट कर दिया गया था। अदालत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी। भाजपा सांसद और पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गांगुली ने भी शिक्षकों से जान जोखिम में डालने से बचने की अपील की है, लेकिन प्रदर्शनकारी शिक्षक अपने रुख पर कायम हैं।

# वक्फ के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान रेलवे में तोड़फोड़ की शुभेंदु ने की एनआईए जांच की मांग

## रेल मंत्री को लिखा पत्र






कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में उग्र प्रदर्शनों के दौरान रेलवे संपत्ति में हुई तोड़फोड़ की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने की मांग की है। अधिकारी ने अपने पत्र में इस बात पर चिंता जताई कि मुर्शिदाबाद जिले में कई रेलवे स्टेशनों पर व्यापक स्तर पर हिंसा और तोड़फोड़ हुई है, जिसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

शुभेंदु अधिकारी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि मुर्शिदाबाद जिला बांग्लादेश की सीमा से सटा हुआ है और इस क्षेत्र में हुई हिंसक घटनाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए एनआईए जैसी विशेषज्ञ एजेंसी द्वारा जांच कराना जरूरी है। यदि इस मामले की जांच एनआईए को सौंपी जाती है तो हिंसा के पीछे सफिय षड्यंत्रकारियों के चेहरे बेनकाब किए जा सकेंगे और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकेंगे।

शुभेंदु अधिकारी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस मामले की गहन जांच कराई जाए, ताकि क्षेत्र में शांति बहाल की जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाई जा सके। उन्होंने शांति बहाली के लिए इलाके में सेना की तैनाती की भी मांग की है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को मुर्शिदाबाद जिले के धुलियानडांगा और निमतिता स्टेशनों के बीच वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने रेलवे पटरियों को बाधित किया और रेलवे संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया। इस हिंसक प्रदर्शन के चलते न्यू फरक्का-अजीमगंज सेक्शन में लगभग छह घंटे तक रेल सेवाएं प्रभावित रहीं। इस दौरान यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पश्चिम बंगाल पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (कानून व्यवस्था) जावेद शमीम ने बताया कि हिंसा पर काबू पाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चार राउंड फायरिंग की, जिसमें दो लोग घायल हो गए।

अब तक इस मामले में 118 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस का कहना है कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना पर पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के चार वरिष्ठ अफसरों को अवमानना नोटिस

कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के चार वरिष्ठ अधिकारियों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना के आरोप में अदालती अवमानना का नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस इसलिए जारी हुआ, क्योंकि राज्य सरकार ने उन शिक्षकों को स्कूल जाने की अनुमति दी, जिनकी नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई थीं।

अवमानना का नोटिस शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव विनोद कुमार, राज्य शिक्षा आयुक्त अरूप सेनगुप्ता, स्कूल सेवा आयोग के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार और पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रामानुज गांगोपाध्याय को भेजा गया है। यह नोटिस बबीता सरकार, नसरीन खातून, लक्ष्मी टुंगा, सेताबुद्दीन और अब्दुल गनी अंसारी नामक पांच व्यक्तियों की ओर से दाखिल याचिका के आधार पर जारी किया गया।

उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह, सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें 25 हजार 753 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की नियुक्तियां रद्द कर दी गई थीं। अदालत ने कहा था कि राज्य सरकार और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों को अलग करने में असफल रहे, और कई लोगों ने पैसे के बदले नौकरी प्राप्त की थी। न्यायालय के इस स्पष्ट आदेश के बावजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में उन शिक्षकों से भेंट की, जिनकी नौकरियां चली गई थीं, और उन्हें स्वैच्छिक सेवा के रूप में स्कूल जाने की सलाह दी। इसके साथ ही, राज्य के वेतन पोर्टल पर भी इन शिक्षकों के नाम अभी तक सक्रिय दिख रहे हैं। इससे पहले दिल्ली के एक अधिवक्ता सिद्धार्थ दत्ता ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी अवमानना का कानूनी नोटिस भेजा था। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री के बयान से यह संकेत मिलता है कि राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लागू नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा, देश का हर नागरिक और संस्था सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने को बाध्य है।

# गुंडागर्दी पर होगी कड़ी कार्रवाई, पुलिस की संयम को कमजोरी न समझें : डीजीपी राजीव कुमार



कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ जारी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार ने कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस की संयम को उसकी कमजोरी न समझा जाए और यदि हालात बिगड़े तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में डीजीपी ने कहा, मानव जीवन की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। जहां भी जरूरत पड़ी, पुलिस ने कार्रवाई की है। अगर स्थिति गंभीर हुई तो पुलिस कठोरतम कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी। जो लोग आग और जनभावनाओं से खेल रहे हैं, वे सावधान हो जाएं।

डीजीपी ने बताया कि शुक्रवार को मुर्शिदाबाद के सूती इलाके में हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को चार राउंड गोली चलानी पड़ी, जिसमें दो लोग घायल हुए। हालांकि अब दोनों खतरे से बाहर हैं और स्थिति नियंत्रण में है। राज्य के एडीजी (कानून-व्यवस्था) जावेद शमीम ने अफवाहों को लेकर चेताया और कहा, गलत खबरें फैलाने की एक फैक्ट्री चलाई जा रही है। सभी लोग सतर्क रहें। अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

डीजीपी राजीव कुमार ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा, कृपया कानून को हाथ में न लें। अफवाहें फैलाकर माहौल न बिगाड़ें। पुलिस को सूचना दें, हम हालात संभालेंगे। कंट्रोल रूम सक्रिय है और किसी भी गड़बड़ी की सूचना तुरंत दी जा सकती है।

राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने भी जंगीपुर में हुई हिंसा को लेकर चिंता जताई है और इस पर एक वीडियो संदेश जारी कर कहा, लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। राज्यपाल ने इस संबंध में मुख्य सचिव से रिपोर्ट भी तलब की है।

उधर, शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान फारेक्का के एसडीपीओ घायल हो गए। वहीं, तृणमूल सांसद खलीलुर रहमान को भी जंगीपुर के धुलियान इलाके में प्रदर्शनकारियों के गुस्से का सामना करना पड़ा। खलीलुर ने कहा, मैं सजूर मोड़ पार कर रहा था, तभी प्रदर्शनकारियों ने मुझे घेर लिया और अपशब्द कहे। वहां किसी संगठन का झंडा या नेता नहीं था। बाद में पुलिस ने मुझे सुरक्षित निकाला। एक स्थानीय सूत्र ने बताया कि सांसद के दफ्तर पर भी हमला किया गया। राज्य में जारी इस तनावपूर्ण स्थिति के बीच पुलिस और प्रशासन दोनों ने स्पष्ट कर दिया है कि शांति भंग करने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

# जिस बेटे को मृत मान कर मां ने कर दिया था पिंडदान, वह 15 सालों बाद जिंदा मिला

कोलकाता (हि.स.)। बिहार के भोजपुर जिले के देवरी महेशपुर गांव की 70 वर्षीया झाझी देवी उस समय फफक पड़ी जब उन्हें पता चला कि उनका छोटा बेटा, जिसे उन्होंने 15 साल पहले मृत मान लिया था और गया जाकर उसका पिंडदान तक कर चुकी थीं, वह हावड़ा अस्पताल में मौजूद है।

यह करिश्माई घटना वेस्ट बंगाल रेडियो क्लब और हैम रेडियो की कोशिशों से संभव हो सकी जिनकी सूचना पर मां-बेटे का यह पुनर्मिलन संभव हुआ। हैम रेडियो के राज्य सचिव अम्बरिश नाग विश्वास ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झाझी देवी के पति की मौत एक खेत में काम करते वक्त बिजली गिरने से हो गई थी। तब वह दिन-रात मेहनत कर किसी तरह अपने दो बेटों को पाल रही थीं। एक दिन धान के खेत से लौटते वक्त उनका छोटा बेटा सागर मंडल, जो उस वक्त मात्र सात साल का था, रास्ते में अचानक गायब हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला।

ग्रामीणों के कहने पर झाझी देवी ने मान लिया कि बेटा मर गया है। गांव वालों की मान्यता थी कि बिना पिंडदान के गांव पर अशुभ असर हो सकता है। इसी डर से उन्होंने गया जाकर पति के साथ बेटे का भी पिंडदान कर दिया। अब 21 साल का हो चुका सागर हाल ही में हावड़ा पुलिस को सड़क किनारे घायल अवस्था में मिला। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वह बोल नहीं पा रहा था और उसकी याददाश्त भी लगभग समाप्त हो चुकी थी।

# पश्चिम बंगाल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाई गई हनुमान जयंती



कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में शनिवार को हनुमान जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी और विभिन्न संगठनों द्वारा राज्य भर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान पूरे राज्य में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा गया था। विशेषकर कोलकाता में सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क रहा।

सूत्रों के अनुसार, राजधानी कोलकाता में भाजपा और अन्य संगठनों की ओर से लगभग 60 स्थानों पर पूजा और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए।कोलकाता के अलावा सिलीगुड़ी, आसनसोल, पुरुलिया और दुर्गापुर सहित राज्य के अन्य हिस्सों में भी हनुमान जयंती का उत्सव श्रद्धा भाव से मनाया गया। आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# उत्तर हावड़ा में हनुमान जयंती पर विधायक का दिखा अनूठा अंदाज, हाथ में गदा ले बढ़े आगे

हावड़ा (आईएएनएस)। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर उत्तर हावड़ा में भक्ति और उल्लास के साथ एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में स्थानीय लोगों के साथ-साथ उत्तर हावड़ा तृणमूल कांग्रेस के विधायक गौतम चौधरी भी शामिल हुए। विधायक गौतम ने हनुमान जी की तरह हाथ में गदा ले रखी थी और उछलते-कूदते, हनुमान चालीसा का पाठ करते आगे बढ़े। नवयुवक संघ द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा की शुरुआत हरदत राय चमरिया रोड से हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए हारोगंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर तक पहुंची। शोभायात्रा में भगवान हनुमान की विशाल मूर्ति को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

भक्तों के हाथों में पीतल और प्लास्टिक की गदाएं दिखीं, जो हनुमान जी की शक्ति और भक्ति का प्रतीक थीं। गाजे-बाजे और भक्ति भजनों की स्वर लहरियों के बीच शोभायात्रा अपने गंतव्य की ओर बढ़ी। शोभायात्रा में शामिल भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। हर कोई हनुमान जयंती के इस उत्सव में डूबा हुआ था। ढोल-नगाड़ों की थाप और भक्ति भजनों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। विधायक गौतम चौधरी ने शोभायात्रा के दौरान न केवल हनुमान चालीसा का पाठ किया, बल्कि भक्तों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा, प्रभु श्री राम हो या हनुमान जी, ये सभी के हैं। हनुमान जयंती का यह पर्व हमें भक्ति, शक्ति और समर्पण का संदेश देता है। इस शोभायात्रा में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है।

## अंकजाल - 7956

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.



### अंकजाल 7955 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## काकुरो पहेली - 7057



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 7056 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7213

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7212 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7778

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| य | ई | म्स | ऑ | फ | इं | डि | या | र | प | दै |
| ई | हिं | दु | स्ता | न | डो | ने | ग | ति | मा | नि |
| स | द | म | ला | मा | ग | अं | डे | ह | दै | क |
| जी | ग | ल | ई | ना | डू | स | ली | ह | नि | जा |
| लो | अ | या | र | न | न | मे | थां | का | क | ग |
| ल | क | ला | त | अ | प | का | थी | ह | भा | र |
| लो | क | म | त | व | म | ला | र | मा | स्क | ण |
| र | मा | नो | व | न | प | र | रा | ल | र | ला |
| क | तृ | र | अ | लं | का | र | उ | न | जू | दे |
| र | भू | मा | मा | न | सिं | ब्रा | रु | जा | प | श |
| बां | मि | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | ला | र |

शब्द जाल में सर्वाधिक पढ़े जानेवाले 10 समाचार पत्रों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हैं.

दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण,ईनाडू, मलयाला मनोरमा, डेली थांथी,अमर उजाला, लोकमत, मातृभूमि, हिंदुस्तान, टाईम्स ऑफ इंडिया

### शब्दजाल - 7777 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8456



**बाएँ से दाएँ**

1. चोगा,गाऊन-3
3. पायजामा,शलवार-4
6. भाग्य,लक-3
7. सूर्य,भास्कर-2
8. बिता हुआ दिन-2
10. न्यूनता,निम्नता-5
12. मैडल,पदक-3
15. माला का मोती-3
17. कुलिन स्त्री-5
20. थूक,लेस-2
22. विलंब,लेट-2
23. जाँच,निरीक्षण-3
24. श्मशान,शवदाहगृह-4
25. साफ,बेदाग-3

**ऊपर से नीचे**

2. दानशीलता,उदारता-5
3. पाठ,शिक्षा-3
4. रात्रि जागरण-4
5. नेत्रावरण-3
7. लीन,मगन-2
9. बुरी आदत-2
11. कामदेव-3
13. मगरमच्छ-3
14. इंतजार करना-2,3
15. आलेप,लोशन-4
16. सफेद का विलोम-2
18. पानी से सराबोर-2
19. माजरा,हालात-3
21. रिपोर्ट-3

### शब्द पहेली -8455 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# झारखंड का लोकतंत्र है बेहद मजबूत, सुरक्षित तरीके से हो रहा ईवीएम से चुनाव : मुख्य चुनाव आयुक्त

रामगढ़ (हि.स.)। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार झारखंड दौरे के दूसरे दिन शनिवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने झारखंड के लोकतंत्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में लोकतंत्र बेहद मजबूत है। यहां सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में शामिल है और वे बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में ईवीएम मशीन से होने वाला चुनाव भी पूरी तरीके से सुरक्षित है। ना तो कोई इसे हैक कर सकता है और ना ही कोई सवाल खड़ा कर सकता है। झारखंड के मतदाताओं को जोहार शब्द से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां की डेमोक्रेसी काफी अच्छी है। बेहतर मतदाताओं से मिलने का सौभाग्य मुझे मिला है। उनके साथ झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रवि, सहायक निर्वाचन आयुक्त डॉ. नेहा, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार और निर्वाचन कार्य से जुटे अधिकारी मौजूद थे।



भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी लोगों के नाम को सूची में जोड़ने के लिए जिले के अधिकारी, बूथ लेवल ऑफिसर और राज्य के निर्वाचन अधिकारी काफी सजग हैं। यही वजह है कि कोई भी अपील ना तो जिले में और ना ही राज्य में लंबित है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चुनाव के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर मौजूद रहते हैं उसी तरीके से हर राजनीतिक दल को भी यह अधिकार है कि वह अपना पोलिंग एजेंट बूथ पर रखें। किसी का भी नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने और हटाने के लिए उन लोगों की सहमति रहती है। किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए भी सभी से सहमति ली जाती है। आज यह जानकर खुशी है कि पूरे झारखंड में कहीं भी किसी को वोटर लिस्ट और चुनाव प्रक्रिया को लेकर कोई आपत्ति नहीं है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रामगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वे मंदिर में आयोजित हवन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह यात्रा धार्मिक और व्यक्तिगत थी। लेकिन उनकी उपस्थिति को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी ने विधिवत पूजा-पाठ कर मां छिन्नमस्तिका से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांतिपूर्ण चुनाव स पन्न होने की कामना की।

# प्रधानमंत्री 24 को आ रहे हैं बिहार, देंगे कई सौगातें : शिवराज सिंह चौहान

## केन्द्रीय मंत्री ने राजग घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ की बैठक



पटना (हि.स.)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार राज्य सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर विकास कार्यों को अमली जामा पहना रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार को कई सौगात दी है। प्रधानमंत्री 24 अप्रैल को एक बार फिर बिहार आ रहे हैं, जो कि बिहार को तमाम सौगातें देंगे। वह शनिवार को सचिवालय सभागार में राजग घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आगामी 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस है और उस दिन एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की जनता को अनेकों सौगात देने आ रहे हैं। पंचायती राज के चुने हुए प्रतिनिधियों का सम्मेलन तो होगा ही, साथ ही पूरा देश उससे जुड़ेगा। कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा। ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का लाभ भी बिहार की जनता को को मिलेगा। पिछले साल गरीबों को 7 लाख 90 हजार मकान पीएम आवास योजना के अंतर्गत लोगों को दिए गए थे। 5 लाख 20 हजार मकान जो बचे हुए थे वह भी दिए जाएंगे।

शिवराज सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के हाथों 5 लाख 20 हजार नए स्वीकृत मकानों का लाभ दिया जाएगा। जिस पर 8,000 करोड़ की लागत से मकान का निर्माण किया जाएगा। मधुबनी में लाखों की संख्या में लोग आएंगे, ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। बिहार सरकार के कामकाज की तारीख तय करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रामीण विकास योजना का बहुत ही बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। मैं बिहार सरकार को बधाई देता हूं, बिहार में 3 लाख से अधिक लखपति दीदी बन चुकी हैं। इसी वर्ष 20 लाख बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य के राजनीतिक परिदृश्य और मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा के लिए प्रदेश के सभी पांच घटक दलों (भाजपा-जदयू, लोजपा-आर, हम, रलोजपा) की बैठक आज बुलाई गई थी। बैठक में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत घटक दलों के नेता मौजूद रहे।

बैठक के बारे में पटना में मीडिया से बात करते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर मधुबनी आ रहे हैं। वे वहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे, इसलिए बैठक बुलाई गई है।

# नदी में डूबने से तीन मासूमों की मौत

## बच्चे अपने मामा की शादी में आए थे ननिहाल



किशनगंज (नि.सं)। किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। नदी में डूबने से तीन मासूमों की दर्दनाक मौत हो गई। बच्चे मामा की शादी में आये थे, जहां शादी की खुशियां मातम में बदल गई है। सभी मृतक बच्चे एक ही परिवार के हैं। घटना जिले के दिघलबैंक प्रखंड अंतर्गत करूंआमनी पंचायत के बालूबाड़ी वार्ड संख्या 7 की है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बच्चे अपने मामा की शादी में ननिहाल आए थे। तीनों बच्चे समारोह स्थल के पास स्थित बुढ़ी कनकई नदी में दोपहर के समय नहाने के लिए गए थे। अचानक गहरे पानी में चले जाने की वजह से तीनों बच्चे पानी में समा गए। जब तक लोग कुछ समझ पाते और बचाव के लिए दौड़ते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा आनन-फानन में बच्चों को नदी से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चों की पहचान महमूद हसन उम्र 11 वर्ष, हुसैन अहमद उम्र 9 वर्ष और मो. हसन उम्र 6 वर्ष बताया गया है। तीनों बच्चों के पिता का नाम मो. अंजार आलम निवासी दरगाह बस्ती दहीभात के रूप में हुई है।

इस घटना के बाद पूरे इलाके मातम पसरा हुआ है। मालूम हो कि बच्चों के मामा की आज ही शादी थी, जिसके लिए आज ही बारात निकलने वाली थी। लेकिन उससे पहले ही दर्दनाक हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई। लोग बारात की तैयारी को छोड़ जनाजे की तैयारी में लग गए। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिजनों के चीखपुकार से पूरा गांव मातम में डूब गया।

# देश में आम नागरिकों को कानून की जानकारी बेहद जरूरी : मंत्री

पटना (वार्ता)। बिहार के सूचना एवं प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि देश के आम नागरिकों को कानून की जानकारी बहुत जरूरी है।

श्री मंटू ने शनिवार को चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आयोजित साइबर लॉ नेशनल मूट कोर्ट (काल्पनिक कोर्ट) कंपीटीशन-2025 का उद्घाटन किया। इसका आयोजन चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी और बिहार सरकार के सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग की तरफ से संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस मूट कोर्ट कंपीटीशन में देश के कुल 24 लॉ यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं भाग ले रही हैं। इस मौके पर चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. एसपी सिंह और राज्य के सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग के विशेष सचिव अरविन्द कुमार चौधरी भी मौजूद थे।

मंत्री ने कहा कि कानून की शिक्षा बच्चों को स्कूल में 8वीं कक्षा से ही दी जानी चाहिए। क्योंकि रोज लोगों का सामना कानून से जुड़े मसलों से होता है। चाहे वह यातायात कानून हो या फिर सामान्य अपराध से जुड़े कानून। कानून की सामान्य जानकारी के अभाव में लोगों को कानूनी कार्रवाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर बच्चों को स्कूल स्तर पर ही कानून की सामान्य जानकारी होगी, तो वे कानून का उल्लंघन नहीं करेंगे। इससे देश में कानून का पालन मजबूती से होगा और हमारी अदालतों में मुकदमों की संख्या में भी कमी आएगी। मंत्री ने कहा कि देश में दो ऐसे पेशे हैं, जिनसे जुड़े लोगों को हम भगवान की तरह मानते हैं। इनमें डॉक्टरी और वकालत शामिल है। लोगों का भरोसा इनपर सबसे अधिक है। आज साइबर क्राइम के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह एक ऐसा अपराध है, जिसमें लोगों को अपराधियों की कोई जानकारी नहीं होती है और वे विदेशों में बैठकर लोगों के साथ अपराध करते हैं। इससे बचने का सबसे आसान तरीका यही है कि लोगों को कानून के साथ-साथ टेक्नोलॉजी की भी जानकारी हो। उन्होंने चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों की जमकर सराहना की। साथ ही, इस मूट कोर्ट कंपीटीशन में देश के विभिन्न लॉ यूनिवर्सिटी से भाग लेने आए छात्र-छात्राओं को पूरी ऊर्जा के साथ अपने राज्य और देश के लिए काम करने की अपील की।

इस मौके पर डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि हाल के दिनों में साइबर अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण है हमारे देश में आनलाइन सेवाओं में हो रही तेजी से वृद्धि। हम इन सेवाओं में विकसित देशों से बराबरी कर रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि इससे जुड़े अपराधों का निपटारा भी ऑनलाइन किया जाए। अरविन्द कुमार चौधरी ने कहा कि यह मूट कोर्ट कंपीटीशन कानून के छात्र-छात्राओं को एक बड़ा मंच देगा। देश में साइबर क्राइम की वारदातों में पिछले कुछ वर्षों में 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जो आने वाले समय में हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है।

# बिहार में शराबबंदी कानून मजाक, गरीब बन रहे निशाना : तेजस्वी



पटना (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को शराबबंदी कानून को लेकर बिहार सरकार को घेरते हुए कहा कि यह कानून अब मजाक बन गया है। इस कानून की आड़ में केवल गरीबों को निशाना बनाया जा रहा है।

राजद कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून के बाद अवैध शराब का 40 हजार करोड़ से अधिक का कारोबार किया जा रहा है। बिहार में अब तक शराबबंदी कानून के तहत करीब 14.20 लाख लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं। इनमें सबसे अधिक गरीब, दलित, पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के लोग हैं। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में शराबबंदी को लेकर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी से यह स्पष्ट है कि प्रदेश में किस तरह से शराबबंदी को विफल करने में पुलिस पदाधिकारी और सरकार में बैठे हुए लोग लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि पुलिस के कारण ही शराब की तस्करी हो रही है और पुलिस का एकमात्र काम रह गया है भ्रष्टाचार, उगाही और कानून का दुरुपयोग करने वालों को संरक्षण देना। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों की गिरफ्तारी के बावजूद भी सप्लायर और तस्करों को गिरफ्तार नहीं किया गया। किसी भी जिले के एसपी, डीएसपी या बड़े अधिकारी पर कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने यहां तक कहा कि सरकार जिसको चाहती है, उसी पर कार्रवाई होती है, चयनात्मक कार्रवाई होती है। ऐसे अधिकारियों और प्रशासनिक लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए, जो भ्रष्टाचार के माध्यम से शराबबंदी को विफल करना चाहते हैं। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि राजद 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सभी पंचायत के दलित टोलों और मोहल्ले में मनाएगी।

# फंदे से लटका मिला नाबालिगा का शव, परिजन ने जताई हत्या की आशंका

पूर्वी चंपारण (हि.स.)। जिले के हरैया थाना क्षेत्र के पंटोका गांव में एक नाबालिग लड़की का शव उसके ही घर में फंदे से लटका पाया गया। मृतका की पहचान शिवांगी (16) के रूप में हुई है, जो इसी वर्ष सीबीएसई बोर्ड से मैट्रिक की परीक्षा दे चुकी थी। घटना के समय शिवांगी के माता-पिता और भाई घर पर नहीं थे। शिवांगी के भाई के स्कूल से लौटने पर जब उसने दरवाजे की घंटी बजाई, तो कोई जवाब नहीं मिला। कुछ देर बाद मृतका की मां भी वहां पहुंची।

पड़ोसियों की मदद से छत के रास्ते घर में प्रवेश किया गया, जहां सीढ़ी के रेलिंग से शिवांगी का शव लटका मिला। आनन-फानन में परिजनों ने उसे डंकन अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है, कि शिवांगी आत्महत्या नहीं कर सकती, उसे मारकर फंदे से लटकाया गया है।

थानाध्यक्ष किशन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फारेंसिक (एसएसएल) टीम को बुलाकर जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि शव के गले पर जो निशान हैं, वे नियमित आकार के हैं, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह आत्महत्या है या हत्या।

मृतका के पिता भगवान साह शिमला में काम करते हैं, जबकि शिवांगी अपनी मां और भाई के साथ पंटोका गांव में ही रहती थी। घटना के समय मां और भाई दोनों घर पर मौजूद नहीं थे। फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि

रांची (हि.स.)। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया पर कहा है कि चाईबासा में सर्च अभियान के दौरान आईडी विस्फोट में घायल झारखंड जगुआर के वीर जवान सुनील धान के शहीद होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं तथा इस विस्फोट में घायल अन्य जवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चाईबासा में सर्च अभियान के दौरान आईईडी ब्लास्ट में घायल झारखण्ड जगुआर के जवान सुनील धान के शहीद होने की दुःखद सूचना मिली है। मरांग बुरु शहीद सुनील की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। सर्च अभियान में घायल एक अन्य जवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

# 72 घंटे का श्री श्री 108 अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ

ठाकुरगंज (नि.सं)। हनुमान जयंती के अवसर पर शनिवार को ठाकुरगंज रेलवे स्टेशन स्थित संकट मोचन मंदिर में 72 घंटे का श्री श्री 108 अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया है। बंगाल एवं बिहार से करीब एक दर्जन कीर्तन मंडली के द्वारा हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, के धुन से श्रद्धालु सराबोर हो रहे हैं। हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ होने से पूरा इलाका में भक्ति का माहौल छा गया है। हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ होते ही आसपास के लोग यज्ञ स्थल पर पहुंच रामधुन में लीन हो रहे हैं। प्रबन्धन कमेटी के सदस्य अजय सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी 72 घण्टे का अखण्ड संकीर्तन का आयोजन किया गया है जिसमें बंगाल के खोरीबाड़ी, नक्सलबाड़ी, दालकोला आदि के साथ स्थानीय कई भजन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। वहीं इस अष्टयाम प्रहर को सफल बनाने में अजय सिंह, घनश्याम गाड़ोदिया, शिवशंकर महतो, मुन्ना साह, जगलाल साह, संजीव साह आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं मंदिर के पुरोहित लक्ष्मण झा भी अपने कार्य के निर्वाहन में तल्लीन दिखे।

# सेविका-सहायिका संघ की बैठक में सभी ने सरकार के नए नियमों का किया विरोध

ठाकुरगंज (नि.सं)। शनिवार को सेविका-सहायिका संघ की बैठक प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित हुई। बैठक में सभी ने सरकार के नए नियमों के अनुसार टीएचआर वितरण में आने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए विरोध जताया। अध्यक्ष जहांआरा बेगम, उपाध्यक्ष लजुना प्रवीण, सचिव निफदत प्रवीण, कोषाध्यक्ष कोहिनूर बेगम, रेखा देवी संग अन्य ने बताया कि फेस के माध्यम से लाभार्थी का मिलान करके सेविकाओं द्वारा टीएचआर वितरण करना संभव नहीं है। आधार कार्ड में गड़बड़ी मोबाईल से लिंकेज नहीं होने के कारण लगातार सामने आ रही है। लाभुकों के पास मोबाईल नहीं होने के कारण सत्यापित नहीं होने से लाभुक टीएचआर से वंचित हो जाएंगे जिससे हमलोगों को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। ऐसे लाभार्थी जिनका आधार रिश्तेदार के मोबाईल से लिंकेज है उनको भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पोषक क्षेत्र में मोबाईल नेटर्वक में समस्या आने से लाभार्थी पोषाहार से वंचित हो सकते हैं। विभाग द्वारा हमलोगों को दिए गए मोबाइल खराब होने की स्थिति में दूसरे के मोबाईल से कार्य करना पड़ता है। लाभुकों द्वारा फोटो लेने पर विरोध किया जाता है। ऐसी स्थिति में सेविका-सहायिका कैसे टीएचआर का वितरण कर सकेगी। इसलिए विभाग के नए नियमों के विरोध में संघ द्वारा पहले प्रखंड स्तरीय, उसके बाद जिलास्तरीय, उसके बाद प्रमंडल व राज्यस्तरीय बैठक आयोजित करके विरोध जताया जाएगा। उसके बाद भी सरकार हमारी मांगे नहीं मानती है तो हमलोग आंदोलन करने पर विवश होंगे।

इस मौके पर शबीना बेगम, हलीना बेगम, शोभा रानी घोष, छवि रानी पंडित, रजिया बेगम संग दर्जनों सेविका सहायिका उपस्थित थीं।

# टीएसपीसी के छह नक्सली हथियार के साथ गिरफ्तार




लातेहार (हि.स.)। लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सली संगठन टीएसपीसी के छह बड़े नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार नक्सलियों में बालूमाथ निवासी सब-जोनल कमांडर नारायण गंझू उर्फ आदित्य, पांकी निवासी आलोक यादव, लेस्लीगंज निवासी एरिया कमांडर अमित दुबे, चतरा निवासी महेंद्र ठाकुर, चंदवा निवासी संजय उरांव और चतरा का इमरान अंसारी शामिल है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने चार राइफल, एक पिस्टल तथा 1100 से अधिक गोलियां बरामद की है।

शनिवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के नक्सली किसी घटना को अंजाम देने के लिए बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेसाबार-भांग जंगल में जमे हुए हैं।

सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम गठित की गई और नक्सलियों के खिलाफ छापेमारी की गई। छापेमारी का दौरान पुलिस ने छह नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। बाद में नक्सलियों की निशानदेही पर चार राइफल, एक पिस्टल, 1100 से अधिक गोलियां, नक्सली पर्चा, मोबाइल तथा सिम कार्ड बरामद किए गए।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के द्वारा क्षेत्र में हिंसक घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही थी। लेकिन पुलिस ने उनकी योजना पर पानी फेर दिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी नक्सलियों पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज थे। नक्सलियों की ओर से लातेहार के अलावे आसपास के दूसरे जिलों में भी विभिन्न घटनाओं को अंजाम दिया गया था। इनकी गिरफ्तारी से नक्सली संगठन टीएसपीसी काफी कमजोर हुआ है। नक्सलियों के खिलाफ चलाया गया छापेमारी अभियान में डीएसपी विनोद रवानी, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, मनिका थाना प्रभारी शशि, सब-इंस्पेक्टर राजा दिलावर, विक्रांत उपाध्याय, रंजन पासवान, सत्येंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# सरकार किसान बिल की तरह ही वक्फ संशोधन बिल को वापस ले : मुजाहिद आलम



किशनगंज (नि.सं)। मीडिया कर्मियों से विशेष बातचीत में जनता दल यूनाइटेड के पूर्व विधायक सह वर्तमान किशनगंज जिला अध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम ने कहा, अगस्त 2024 से ही हमें इस बिल से ऐतराज था, जब लोकसभा में इस बिल को पेश किया गया था। इस बिल की कॉपी का अध्ययन हमने किया था और विशेषज्ञ से राय लिया था। हमें बिल के 14 बिंदुओं पर आपत्ति थी, जिसकी सूचना हमने पार्टी के शीर्ष नेताओं से आपत्ति जताया था। इसके बाद पार्टी की ओर से हमें आस्वस्थ किया गया था कि इसे हटा दिया जाएगा। जब बिल का नोटिफिकेशन आया तो हमने देखा सारे प्रावधान के साथ-साथ दो नन-मुस्लिम लोग बोर्ड के मेम्बर रहेंगे और सेंट्रल वक्फ काउंसलिंग का भी मेम्बर होने का कंपलसरी है इससे हमें ऐतराज है। जिस कारण हमने अपनी पार्टी के बगैर मर्जी से सर्वोच्च न्यायालय में 9 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय के सीनियर एडवोकेट शाहिद अनवर के द्वारा एक याचिका दायर किया है और किसान बिल की तरह ही इस बिल को भी हमने सरकार वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की नाराजगी के साथ-साथ हमारी भी नाराजगी इस बिल से है।

जब मुजाहिद आलम से पूछा गया कि आप पार्टी के विरुद्ध काम कर रहे हैं? आपकी पार्टी आप पर कारवाई कर सकती है? इसके जवाब में श्री मुजाहिद ने कहा कि पार्टी में रहना ठीक है। जो निर्णय पार्टी द्वारा असंवैधानिक है तो हम गलत को मान लेंगे ऐसा नहीं है। इस निर्णय के कारण मुस्लिम वोट बैंक खिसकेगा, पार्टी को नुकसान होगा। हमें अब तक कोई मुसलमान नहीं मिला जो बिल के समर्थन में हो।

जब पूछा गया कि आप विगत लोकसभा चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी रहे जिस कारण लाखों हिंदू वोटरों ने आपको खूब वोट किया था, अब वह नाराज हो जाएंगे? इसके जवाब में मुजाहिद आलम ने कहा, नाराजगी की क्या बात है। मैं हिंदू समाज के विरुद्ध नहीं हूं। मैं संविधान की बात कर रहा हूं। इस देश में दूसरे धर्म के भी ट्रस्ट हैं प्रबंधन समिति है, क्या आप चाहेंगे उसमें कोई मुस्लिम हो। सदन में 232 वोट बिल के विरुद्ध मिले हैं, क्या वह सभी सदस्य मुस्लिम हैं।

जब मुजाहिद आलम से पूछा गया कि आपको कई पार्टियों का ऑफर आपके पास आ रही है जिसमें प्रशांत किशोर भी आपके संपर्क में है तो इसके जवाब में श्री मुजाहिद ने कहा कि प्रशांत किशोर हमारे मित्र हैं। हम दोनों एक ही कॉलेज में पढ़े हैं। ईद में हमसे मिलने आए थे प्रशांत किशोर। ईद में कोई भी आ सकता है। पार्टी का अलग मसला है। पहले बिल वापस हो, हम जनता के लिए हैं।

आईपीएल 2025:

# गुजरात टाइटंस के ग्लेन फिलिप्स चोट के कारण सीजन से बाहर हुए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स आईपीएल 2025 का बाकी सत्र नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उन्हें ग्रोइन इंजरी हो गई है। चोट लगने के बाद वे अपने देश लौट गए हैं। यह चोट उन्हें 6 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान लगी, जो राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया था। उस मैच में गुजरात टाइटंस ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी।

मैच में फिलिप्स बतौर फील्डिंग सब्स्टिट्यूट पॉवरप्ले के आखिरी ओवर में मैदान पर आए थे। एक थ्रो फेंकते समय उनकी ग्रोइन मसल्स में खिंचाव आ गया। फिजियो की देखरेख में उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया।

गुजरात टाइटंस ने एक बयान जारी कर कहा, हम ग्लेन की जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। फिलिप्स को पिछले साल की बड़ी नीलामी में 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा गया था। लेकिन उन्हें इस सीजन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था और चोट के कारण अब वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

फिलहाल यह तय नहीं है कि गुजरात टाइटंस उनकी जगह किस खिलाड़ी को टीम में शामिल करेगा। पहले से ही टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा भी निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट चुके हैं। गुजरात टाइटंस के विदेशी खिलाड़ियों में फिलहाल इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर, वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज



जेराल्ड कोएत्ज़ी और अफगानिस्तान के गेंदबाज ऑलराउंडर राशिद खान व करीम जनत शामिल हैं। शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने अब तक खेले गए 5 मैचों में से 4 में जीत हासिल की है और वे अंक तालिका में पहले स्थान पर हैं।

उनका अगला मैच लखनऊ सुपर जायंट्स से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शनिवार को दोपहर में है। इसके बाद 19 अप्रैल को वे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेंगे।

## आईपीएल 2025 के बीच कचरा उठाने को मजबूर रिकी पॉन्टिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स की टीम के साथ जुड़े हुए हैं. इस सीजन की शुरुआत से पहले ही पंजाब ने उन्हें अपना हेड कोच बनाया था. रिकी पॉन्टिंग की कोचिंग में इस बार पंजाब की टीम ने दमदार शुरुआत की है. वह शुरुआती 4 मैचों में 3 जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में 5वें स्थान पर हैं. इसी बीच रिकी पॉन्टिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. इस वीडियो में रिकी पॉन्टिंग कचरा उठाते हुए नजर आ रहे हैं.



रिकी पॉन्टिंग को जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसे पंजाब किंग्स की टीम ने खूद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है. ये वीडियो टीम की प्रैक्टिस के बाद का है. जब प्रैक्टिस के बाद खिलाड़ी वापस चले गए, लेकिन रिकी पॉन्टिंग आखिरी तक मैदान में रुके रहे. वीडियो में पॉन्टिंग टीम प्रैक्टिस के बाद मैदान में खाली बोतल उठाते हुए दिख रहे हैं. वह सभी कचरे को चुनकर उसे कचरे के डिब्बे में रख रहे हैं. पॉन्टिंग के इस वीडियो को देखकर लोग अब उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं. बता दें, रिकी पॉन्टिंग ने जो कचरा चुनकर कचरे के डिब्बे में रखा था, वो पंजाब के खिलाड़ियों ने इस्तेमाल किया था. जिसके बाद खिलाड़ियों ने इसे मैदान में ही छोड़ दिया. ऐसे में फैंस पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों की जमकर आलोचना भी कर रहे हैं और रिकी पॉन्टिंग से सीखने की सलाह दे रहे हैं.



## मुझे इस बात पर एक प्रतिशत भी शर्म नहीं आती कि मैं अंग्रेजी नहीं बोल सकता: मोहम्मद रिजवान

**कराची, एजेंसी।** मुल्तान सुल्तान्स के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने अपनी इंग्लिश पर आलोचनाओं का जवाब देते हुए कहा कि उनका प्राथमिक कर्तव्य पाकिस्तान के लिए क्रिकेट खेलना है। पाकिस्तान को आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और उसके बाद न्यूजीलैंड के व्हाइट-बॉल दौरा बुरे सपने से कम नहीं रहा जिसमें टीम को करारी हार मिली।

यह मामला तब शुरू हुआ जब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रैड हॉग ने वीडियो शेयर किया जिसमें रिजवान जैसे दिखने वाले एक व्यक्ति से बात की। वह व्यक्ति मजाकिया अंदाज में जवाब देता है, मैं और विराट एक जैसे हैं। वह पानी पीता है, मैं पानी पीता हूं। हम दोनों एक जैसे हैं, कोई अंतर नहीं है। हॉग द्वारा रिजवान की अंग्रेजी कौशल की प्रशंसा करने से पहले वह व्यक्ति यह भी कहता है, जीतना है या सीखना है। इसके बाद जवाब आता है, हां, पाकिस्तान में हर कोई कहता है कि मेरी अंग्रेजी बहुत अच्छी है। कराची किंग्स के खिलाफ मुल्तान सुल्तान्स के PSL 10 अभियान के पहले मैच की तैयारी के लिए यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज से सोशल मीडिया पर उनकी अंग्रेजी कौशल के लिए ट्रोल किए जाने के बारे में उनके रुख के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा काम अपने देश के लिए क्रिकेट खेलना है। रिजवान ने कहा, मुझे (सोशल मीडिया ट्रोलिंग) परवाह नहीं है।

मुझे एक बात पर गर्व है और वह यह कि मैं जो कुछ भी कहता हूं, दिल से कहता हूं। सर्वशक्तिमान अल्लाह की कृपा से, मुझे अंग्रेजी नहीं आती। एकमात्र अफसोस यह है कि मुझे पर्याप्त शिक्षा नहीं मिली, लेकिन मुझे इस बात पर एक प्रतिशत भी शर्म नहीं है कि मैं पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कप्तान होने के बावजूद अंग्रेजी नहीं बोल सकता। मुझसे क्रिकेट की मांग की जा रही है, अंग्रेजी की नहीं।

मुझे इस बात का अफसोस है कि मैंने अपनी शिक्षा पूरी नहीं की, जिसकी वजह से मुझे अंग्रेजी बोलने में दिक्कत होती है। अगर ऐसा है तो पाकिस्तान मुझसे अंग्रेजी की मांग नहीं कर रहा है, मैं क्रिकेट छोड़कर प्रोफेसर बन जाऊंगा, लेकिन मेरे पास इतना समय नहीं है।

आर्चरी वर्ल्डकप:

## कंपाउंड मिश्रित टीम का जलवा, तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में भारत का तीसरा पदक पक्का किया



**ऑबर्नडेल (अमेरिका), एजेंसी।** ज्योति और ऋषभ ने शुरुआती दौर में स्पेन (156-149) को, क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क (156-154) को हराया और फिर अंतिम-चार दौर में स्लोवेनिया (159-155) को हराया। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव की कंपाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को स्लोवेनिया को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया जिसके बाद भारत ने तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना तीसरा पदक पक्का कर लिया। ज्योति और ऋषभ ने शुरुआती दौर में स्पेन (156-149) को, क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क (156-154) को हराया और फिर अंतिम-चार दौर में स्लोवेनिया (159-155) को हराया।

धीरज बोम्मादेवरा वीजा संबंधी समस्याओं के कारण प्रतियोगिता से कुछ घंटे पहले ही अमेरिका पहुंचे थे। उन्होंने शानदार संयम दिखाया और बृहस्पतिवार को भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को फाइनल में पहुंचाया।

पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ी तरुणदीप राय और अतनु दास भी शामिल हैं। टीम ने स्पेन को 6-2 से हराकर देश को सत्र के पहले विश्व कप में दूसरा पदक दिलाया। भारत अब रविवार को स्वर्ण पदक के लिए तीसरी वरीयता प्राप्त चीन से भिड़ेगा। भारत ने बुधवार को कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना खाता खोला था।

## स्विंग के जादूगर जेम्स एंडरसन को मिलेगा इंग्लैंड का सबसे बड़ा सम्मान, हुआ एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्विंग के जादूगर जेम्स एंडरसन को इंग्लैंड देश का सबसे बड़ा सम्मान दिया जाएगा. उन्हें क्रिकेट में सराहनीय योगदान के लिए नाईटहुड सम्मान दिया जाएगा. एंडरसन इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, वह वर्ल्ड क्रिकेट में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज भी हैं. उन्होंने 188 मैचों में 704 विकेट लिए हैं.



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पद छोड़ते समय कुछ पुरुस्कारों के नाम का एलान किया था. इस समय नाईटहुड सम्मान के लिए तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का नाम शामिल था. एंडरसन ने कुछ समय पहले ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है. इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलिस्टियर कुक और एंड्रयू स्ट्रॉस को भी ये सम्मान मिल चुका है. जेम्स एंडरसन इंग्लैंड के 13वें क्रिकेटर हैं जिन्हे नाईटहुड सम्मान से सम्मानित किया गया है. उनसे पहले इयान बॉथम (2007), बॉयकॉट (2019), कुक (2019) और स्ट्रॉस (2019) को नाईटहुड सम्मान मिल चुका है.

**जेम्स एंडरसन क्रिकेट करियर**

42 वर्षीय जेम्स एंडरसन ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए 188 टेस्ट, 194 वनडे और 19 अंतर्राष्ट्रीय टी20 मैच खेले हैं. इसमें उन्होंने क्रमश 704, 269 और 18 विकेट चटकाए हैं. उन्होंने ना सिर्फ गेंद बल्कि कई मैचों में बल्ले से भी महत्वपूर्ण योगदान दिया. उन्होंने तीनों फॉर्मेट में 1627 रन बनाए हैं. एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 32 बार फाइव विकेट हॉल और 3 बार 10 विकेट हॉल किया है. उन्होंने वनडे में भी 2 बार फाइव विकेट हॉल किया है. एंडरसन (704) टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज हैं. इस लिस्ट में पहले नंबर पर श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800) हैं. दूसरे नंबर पर दिवंगत शेन वार्न (708) हैं.

## एरिगैसी को फिर मिली हार, फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में नेपोमनियाचची से हारे

**पेरिस, एजेंसी।** दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी को यहां चल रहे फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में पांचवें से नौंवे स्थान के टाईब्रेक के शुरुआती गेम में इयान नेपोमनियाचची ने हरा दिया।



जर्मनी के युवा ग्रैंडमास्टर विन्सेंट कीमर ने पहले दौर के टाईब्रेकर में नेपोमनियाचची को हराकर सराहनीय प्रदर्शन किया। इस साल की शुरुआत में जर्मनी में आयोजित पहले ग्रैंड स्लैम के विजेता कीमर ने अमेरिकी स्टार हिकारू नाकामुरा को काले मोहरों से ड्रॉ पर रोककर प्रभावित करना जारी रखा। भारत की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गई थीं, लेकिन अर्जुन ने नेपोमनियाचची के खिलाफ कुछ अच्छी चाल चलीं।

लेकिन रूस का खिलाड़ी काफी संयमित होकर खेला। मैग्नस कार्लसन को अमेरिकी फैबियानो कारुआना ने ड्रॉ पर रोका जबकि नाकामुरा ने कीमर के साथ अंक बांटे।



टेनिसः भारत ने जीता लगातार तीसरा मैच

## वैदेही-श्रीवल्ली के दम पर चीनी ताइपे को हराया

**पुणे, एजेंसी।** इस जीत से भारत अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वैदेही ने फेंग एन लिन को हराकर दो मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

युवा श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने चीनी ताइपे को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और शुक्रवार को यहां बिली जीन किंग कप एशिया-ओशनिया ग्रुप एक में प्ले-ऑफ स्थान की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया। इस जीत से भारत अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वैदेही ने फेंग एन लिन को हराकर दो मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। वैदेही ने दो घंटे नौ मिनट में 6-2, 5-7, 6-4 से जीत दर्ज कर मेजबान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे मैच में श्रीवल्ली ने टूर्नामेंट में अपना बेहतरीन रिकॉर्ड कायम रखा और दुनिया की 207वीं रैंकिंग वाली जोआना गारलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में लगातार चौथी जीत दर्ज की। 304वीं रैंकिंग वाली श्रीवल्ली ने दो घंटे 38 मिनट में 6-2, 7-6 (7-3) के स्कोर के साथ मुकाबला अपने नाम कर मेजबान टीम के लिए बराबरी सुनिश्चित कर दी। दिन के अंतिम मैच में चीनी ताइपे की युगल जोड़ी यी त्सेन चो और फैंग-हसीन वू ने सुपर टाई-ब्रेक में एक घंटे 31 मिनट में अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की भारतीय जोड़ी को 2-6, 6-4, 6-10 से हराया। भारत शनिवार को कोरिया गणराज्य के खिलाफ जीत के साथ अपने क्वालीफिकेशन स्थान को पक्का करना चाहेगा।

# धोनी ने बताया सीएसके की हार का कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी की कप्तानी में इस सीजन का पहला मुकाबला केकेआर के खिलाफ खेला, लेकिन उनकी कप्तानी का मैजिक इस मैच में नहीं चला।

केकेआर ने बड़ी ही आसानी के साथ चेन्नई को उनके घरेलू मैदान पर 8 विकेट से हरा दिया। केकेआर ने इस मैच में काफी अच्छी गेंदबाजी की और इसकी वजह से सीएसके के बल्लेबाज पूरी तरह से पस्त हो गए। अपनी टीम को जीत का स्वाद नहीं चखा पाने वाले धोनी ने मैच के बाद बताया कि किस वजह से उनकी टीम को हार मिली।

**दवाब में आ गई टीम**

केकेआर के खिलाफ मैच गंवाने के बाद धोनी ने कहा कि इस मैच में हम



अपने हिसाब से नहीं खेल पाए। चुनौती तो मैच में हमेशा रहती है और हमें इसे स्वीकार करनी होगी। हमने केकेआर के खिलाफ पर्याप्त स्कोर नहीं बनाए। जब आप बहुत ज्यादा विकेट खो देते हैं तो दबाव में होते हैं। हमारी टीम की तरफ से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो पाई। हमने पावरप्ले में सिर्फ 31 रन बनाए और अहम विकेट गंवा दिए।

**अपनी ताकत पर करना होगा भरोसा**

धोनी ने आगे कहा कि हमें अपनी ताकत पर भरोसा करना होगा और ऐसे शॉट्स खेलने होंगे जो हम खेल सकते हैं। हमारी टीम के ओपनर्स शानदार हैं और वो ज्यादा जोर नहीं लगाते साथ ही गेंद को लाइन के पार ज्यादा मारने की कोशिश नहीं करते। इस बैटिंग लाइनअप के साथ इतना कम स्कोर बनाना काफी निराशाजनक है। हमें बड़ी साझेदारी करने की जरूरत है और इसका फायदा बीच के और बाद के ओवर्स में उठाने की जरूरत है। अगर हम शुरुआती विकेट खो देते हैं तो मध्यक्रम को अपना काम अलग तरीके से करने की जरूरत है। ऐसी काफी चीजें हैं जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

सीएसके की हार के बाद डेल स्टेन ने धोनी पर साधा निशाना?

## कुछ खिलाड़ी आईपीएल के लायक नहीं...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 5 बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल 2025 में अब तक का प्रदर्शन बेहद साधारण रहा है. वो लगातार 4 मुकाबले हार चुकी है. महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 11 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा. इसके बाद से डेल स्टेन का एक पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि कुछ खिलाड़ी आईपीएल के लायक नहीं हैं. उन्हें इस लीग में नहीं होना चाहिए. ऐसा दावा किया जा रहा है कि स्टेन ने इसके जरिए चेन्नई सुपर किंग्स के कुछ प्लेयर्स समेत धोनी को निशाना बनाया है. लेकिन इसकी सच्चाई क्या है? चलिए हम आपको बताते हैं. दरअसल, डेल स्टेन का वायरल पोस्ट 11 अप्रैल का है. उन्होंने चेन्नई और कोलकाता के मुकाबले से पहले ही ये बातें कही थीं. इसके अलावा उन्होंने अपने पोस्ट में किसी भी टीम या खिलाड़ी का नाम नहीं लिखा है. हालांकि, कोलकाता से हारने के बाद फैंस इसे चेन्नई सुपर किंग्स और धोनी से जोड़कर देख रहे हैं.



क्योंकि सीएसके के बल्लेबाज और गेंदबाज इस सीजन पूरी तरह फ्लॉप रहे हैं. एक तरफ जहां दूसरी टीमों ने पावरप्ले में तूफानी बैटिंग की है. वहीं चेन्नई ने धीमी शुरुआत की है और वो बड़े स्कोर बनाने में नाकाम रहे.

# भारत स्वदेशी आईपी वाले 25 चिपसेट पर काम कर रहा : अश्विनी वैष्णव



नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में निर्यात आधारित विकास को प्राथमिकता देते हुए भारत वर्तमान में स्वदेशी बौद्धिक संपदा (आईपी) वाले कम से कम 25 चिपसेट पर काम कर रहा है। केंद्रीय रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि वर्तमान में 13 ऐसी परियोजनाएं चल रही हैं, जिनका नेतृत्व सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक), बेंगलुरु कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आईपी का स्वामित्व सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए हमें सेवा प्रधान राष्ट्र से उत्पाद प्रधान राष्ट्र में बदलता है। उन्होंने कहा कि इन चिप्स का निर्माण उभरते हुए सेमीकंडक्टर फैब घरेलू स्तर पर ही करेंगे।

इस लक्ष्य की ओर, सरकार देश भर में 300 से अधिक संगठनों में सेमीकंडक्टर डिजाइन अप्रोच के सिस्टमैटिक ऑवरहॉल प्रक्रिया में है, जिसमें 250 शैक्षणिक संस्थान और 65 स्टार्टअप शामिल हैं। आईटी मंत्रालय के अनुसार, इन कदमों का उद्देश्य क्रिएटिविटी को सक्षम करने के युग की शुरुआत करना है। इस प्रक्रिया में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण 'भारत में डिजाइन उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि 'मेक इन इंडिया' के अनुरूप चिप डिजाइन को लोकतांत्रिक बनाया जाएगा। सीटूएस कार्यक्रम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन में विशेषज्ञता प्राप्त बीटेक, एमटेक और पीएचडी स्तरों पर इंडस्ट्री रेडी 85,000 मैनपावर तैयार करना है। कार्यक्रम छात्रों को चिप डिजाइन, निर्माण और परीक्षण में पूर्ण व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है।

सी-डैक में स्थापित सबसे बड़े संयंत्रों में से एक के रूप में सी2एस कार्यक्रम के तहत एक चिपइन सेंटर स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य देश में सेमीकंडक्टर डिजाइन कम्युनिटी के डोर-स्टेप तक चिप डिजाइन इंफ्रास्ट्रक्चर को लाना है। इस साल फरवरी में चिप डिजाइन में एक नया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का उद्घाटन किया गया था, ताकि सेमीकंडक्टर और चिप डिजाइन इंडस्ट्री में स्किल्ड प्रोफेशनल की मांग पूरी की जा सके। चिप डिजाइन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी) ने अपने नोएडा कैंपस में लॉन्च किया था।

# एमसीएक्स वायदा पर सप्ताह के दौरान सोना में 1976 रुपये का उछाल और चांदी में 2804 रुपये की गिरावट



मुंबई। देश के अग्रणी कमोडिटी डेरिवेटिव्स एक्सचेंज, एमसीएक्स पर कमोडिटी वायदा, ऑप्शंस और इंडेक्स फ्यूचर्स में 4 से 10 अप्रैल के सप्ताह के दौरान 17,88,795.64 करोड़ रुपये का टर्नओवर दर्ज हुआ। कमोडिटी वायदाओं में 2,67,976.42 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जबकि कमोडिटी ऑप्शंस में 1520798.92 करोड़ रुपये का नॉशनल टर्नओवर हुआ। बुलियन इंडेक्स बुलडेक्स का अप्रैल वायदा 21098 पॉइंट के स्तर पर बंद हुआ।

आलौच्य अवधि के सप्ताह के दौरान, कीमती धातुओं में सोना-चांदी के वायदाओं में 1,89,113.17 करोड़ रुपये की खरीद बेच की गई। एमसीएक्स सोना जून वायदा सप्ताह के आरंभ में 89,451 रुपये के भाव पर खुलकर, सप्ताह के दौरान इंट्रा-डे में 92,400 रुपये के उच्च और 86,710 रुपये के नीचले स्तर को छूकर, 90,057 रुपये के पिछले बंद के सामने सप्ताह के अंत में 1976 रुपये या 2.19 फीसदी की तेजी के संग 92033 रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ।

चांदी के वायदाओं में चांदी मई वायदा सप्ताह के आरंभ में 94,100 रुपये पर खुलकर, सप्ताह के दौरान इंट्रा-डे में ऊपर में 94,100 रुपये और नीचे में 86,223 रुपये पर पहुंचकर, 94,399 रुपये के पिछले बंद के सामने सप्ताह के अंत में 2804 रुपये या 2.97 फीसदी घटकर 91595 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुआ। मेटल वर्ग में 22560.35 करोड़ रुपये के ट्रेड दर्ज हुए। तांबा अप्रैल वायदा सप्ताह के अंत में 39.05 रुपये या 4.51 फीसदी घटकर 827.2 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुआ। जबकि जस्ता अप्रैल वायदा सप्ताह के अंत में 5.5 रुपये या 2.13 फीसदी लुढ़ककर 252.6 रुपये प्रति किलो बंद हुआ। इसके सामने एल्यूमीनियम अप्रैल वायदा सप्ताह के अंत में 4.55 रुपये या 1.91 फीसदी लुढ़ककर 233.9 रुपये प्रति किलो बंद हुआ। जबकि सीसा अप्रैल वायदा सप्ताह के अंत में 90 पैसे या 0.5 फीसदी की नरमी के साथ 177.35 रुपये प्रति किलो बंद हुआ।

# अमेरिका के पास बाकी दुनिया पर अपनी इच्छा थोपने की आर्थिक क्षमता नहीं है : विक्रमसिंघे



कोलंबो। श्रीलंका पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ की मार पड़ने के बाद पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि अमेरिका के पास बाकी दुनिया पर अपनी इच्छा थोपने की आर्थिक क्षमता नहीं है। श्री विक्रमसिंघे ने 'डेली मिरर' में प्रकाशित एक बयान में उन्होंने कहा, ''1950 में अमेरिका के पास दुनिया की जीडीपी का 50 प्रतशित हिस्सा था। आज यह केवल 25 प्रतिशत है, चीन के पास 19 प्रतिशत और यूरोपीय संघ के पास 13 प्रतिशत है। ये उच्च पारस्परिक टैरिफ पूर्वी एशिया से दक्षिण एशिया तक एशिया की विनिर्माण क्षमता को नष्ट करने का प्रयास करते हैं। इसका असर ऑस्ट्रेलिया पर भी पड़ता है। एक झटके में, हिंद-प्रशांत में विश्वास खत्म हो गया है। यह क्षेत्र में ताइवान के लिए समर्थन को भी कमजोर करेगा।''

उन्होंने टैरिफ की निंदा करते हुए कहा कि दुनिया के पास अब चीन के रूप में एक विकल्प है। उन्होंने आगे कहा, ''एशिया में लाखों की संख्या में कम वेतन वाली नौकरियाँ प्रभावित होंगी। मध्यम वर्ग में शामिल होने की आकांक्षाएँ नष्ट हो जाएँगी, अब जनता का समर्थन चीन की ओर बढ़ेगा।'' उन्होंने कहा, ''चीन दुनिया के हमारे हिस्से में मजबूती से खड़ा है। चीन के लिए यह सबसे अच्छा समय है जब पूरी दुनिया प्रभावित है इसलिए उन्हें अलग-थलग नहीं होना पड़ा। ऐसा लगता है कि उसने अमेरिका को जवाब देने की योजना बनाई है। चीन को अमेरिका के मध्यावधि चुनावों तक 18 महीने तक टिके रहना है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के पास कोई मध्यावधि चुनाव नहीं है।''

श्री विक्रमसिंघे ने कहा, ''रूस भी अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता से एक विजेता है, टैरिफ से अछूता है और एक कमजोर अमेरिका के साथ यूक्रेन शांति वार्ता को पहले से ही संभाल रहा है, विश्व व्यवस्था के लिए नए प्रस्ताव सामने आए हैं।''

# बैंक ऑफ इंडिया ने सावधि जमा पर ब्याज दरें घटायीं, 400 दिन वाली विशेष सावधि-जमा योजना बंद की





मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने विभिन्न अवधि की मियादी जमा योजनाओं पर ब्याज दर घटाने और 400 दिनों के लिए अपनी विशेष सावधि जमा योजना वापस लेने की शनिवार को घोषणा की। बैंक की इस 400 दिन वाली सावधि जमा पर ब्याज दर अधिकतम 7.30 प्रतिशत थी।

बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने 15 अप्रैल से विभिन्न परिपक्वताओं के लिए अपनी अल्पकालिक और मध्यम अवधि की सावधि जमाओं पर ब्याज दर कम कर दी है। बैंक का यह निर्णय रिजर्व बैंक की नीतिगत ब्याज दरों में हाल में की गयी कटौतियों के बाद की गयी है जो बैंकिंग क्षेत्र में जमा और कर्ज की दरों में गिरावट का रुझान दर्शाता है। बैंक ने तीन करोड़ रुपये से कम की राशि की सावधि जमाओं के लिए अपनी दर कम कर दी है।

बैंक अब 91 दिनों और 179 दिनों के बीच परिपक्व होने वाली जमाओं के लिए 4.25 प्रतिशत और 180 दिनों से एक वर्ष से कम के लिए 5.75 प्रतिशत की पेशकश कर रहा है। एक वर्ष की अवधि के लिए जमा पर 7.05 प्रतिशत और एक वर्ष से अधिक और दो वर्ष तक की अवधि के लिए 6.75 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी। तीन करोड़ से लेकर 10 करोड़ रुपये से कम की राशि के लिए, बैंक 91 दिनों से 179 दिनों के बीच परिपक्व होने वाली जमाराशियों के लिए 5.75 प्रतिशत, 180 दिनों से 210 दिनों तक के लिए 6.25 प्रतिशत और 211 दिनों से एक वर्ष से कम की अवधि के लिए 6.50 प्रतिशत की ब्याज दर देगा। एक वर्ष की अवधि के लिए जमाराशियों पर 7.05 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि एक वर्ष से अधिक और दो वर्ष से कम की अवधि के लिए 6.70 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी।

बैंक छह महीने और उससे अधिक की परिपक्वता अवधि वाली सावधि जमाओं के लिए सुपर सीनियर सिटीजन की जमाराशियों पर 0.65 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन की तीन करोड़ रुपये से कम की जमाराशियों पर 0.50 प्रतिशत की अतिरिक्त ब्याज दर की पेशकश करता है।

# भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम ने इस सप्ताह 180 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए





नई दिल्ली। घरेलू स्टार्टअप इकोसिस्टम ने इस सप्ताह भी फंडिंग की गति जारी रखी, जिसमें 24 न्यू-एज कंपनियों ने 180 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए। फिनटेक सबसे अधिक फंडिंग वाला सेक्टर बना रहा। इस सप्ताह छह ग्रोथ-स्टेज और 13 शुरुआती चरण के सौदे हुए। सबसे बड़े ग्रोथ-स्टेज सौदों में, डिजिटल पेमेंट टेक्नोलॉजी कंपनी जसपे ने केदारा कैपिटल के नेतृत्व में अपने सीरीज-डी राउंड में 60 मिलियन डॉलर हासिल किए, जिसमें मौजूदा निवेशकों सॉफ्टबैंक और एक्सेल की भागीदारी थी।

एक दूसरी डिजिटल पेमेंट कंपनी ईजबज ने बेसेमर वेंचर पार्टनर्स के नेतृत्व में फंडिंग राउंड में 30 मिलियन डॉलर जुटाए। घरेलू वियरेबल्स ब्रांड नॉइज ने यूएस-बेस्ड ऑडियो उपकरण दिग्गज बोस कॉरपोरेशन से 20 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की, जो इसका दूसरा निवेश दौर था। शुरुआती चरण के सौदों में, क्रॉस-बॉर्डर लॉजिस्टिक्स स्टार्टअप जिंडस ने 10 मिलियन डॉलर के सीरीज-ए राउंड के साथ बढ़त हासिल की। पिछले आठ हफ्तों में औसत फंडिंग लगभग 246.87 मिलियन डॉलर रही, जिसमें प्रति सप्ताह 24 सौदे हुए।

इस बीच, अर्बन कंपनी बोर्ड ने आईपीओ के जरिए 528 करोड़ रुपये के प्राथमिक फंड जुटाने को मंजूरी दे दी और वियरेबल ब्रांड बोट ने सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया। 2025 की पहली तिमाही में फिनटेक सेक्टर के लिए जुटाए गए फंड के मामले में अमेरिका और यूके के बाद भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर था। जनवरी-मार्च की अवधि में लेट-स्टेज फंडिंग में 47 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2024 की चौथी तिमाही में जुटाए गए 154 मिलियन डॉलर की तुलना में 227 मिलियन डॉलर हो गई। यह एक प्रमुख मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट में कहा गया है। इस साल की पहली तिमाही में कुल 366 मिलियन डॉलर की फंडिंग हुई। मार्च तिमाही का सबसे ज्यादा फंडिंग वाला महीना रहा, जिसमें 187 मिलियन डॉलर जुटाए गए, जो कुल फंड का 51 प्रतिशत था। जनवरी-मार्च तिमाही में 10 अधिग्रहण हुए, जो 2024 की पहली तिमाही और 2024 की चौथी तिमाही में क्रमशः 6 और 5 अधिग्रहणों की तुलना में 67 प्रतिशत और 100 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। पहली तिमाही के दौरान जुटाई गई कुल फिनटेक फंडिंग में बेंगलुरु अग्रणी रहा, जिसके बाद गुरुग्राम और मुंबई का स्थान रहा।

# पाई कॉइन ने 24 घंटे में 30 प्रतिशत रिटर्न दिया

- पिछले 7 दिनों में 65 प्रतिशत का उछाल आया
- लॉन्चिंग के बाद गिरावट के बावजूद भरोसा बढ़ा

नई दिल्ली। पाई नेटवर्क क्रिप्टोकरेंसी ने पिछले 24 घंटे में कमाल कर दिया है। या कहें कि पूरी तरह पासा ही पलट दिया है। 24 घंटे के रिटर्न के मामले में इसने बिटकॉइन, इथेरियम समेत दुनिया की बड़ी-बड़ी क्रिप्टो को पीछे छोड़ दिया है।

coingecko वेबसाइट के मुताबिक पाई कॉइन ने पिछले 24 घंटे में करीब 30 फीसदी रिटर्न दिया है। शनिवार रात 8 बजे पाई कॉइन की कीमत 0.7816 डॉलर (करीब 67 रुपये) पहुंच गई थी। पाई नेटवर्क में पिछले कई दिनों में गिरावट आ रही थी।

इससे इस क्रिप्टो में निवेशकों का भरोसा काफी टूट रहा था। इसका सबसे बड़ा कारण है कि फरवरी में इस क्रिप्टो की लॉन्चिंग काफी धमाकेदार हुई थी। साथ ही इस क्रिप्टो को अगली बिटकॉइन भी बताया जा रहा था, लेकिन लॉन्चिंग के बाद इसमें गिरावट शुरू हो गई थी।

# सेबी ने निवेशकों को यूट्यूब, फेसबुक, एक्स पर हो रहे सिक्योरिटी मार्केट फ्रॉड की दी चेतावनी

मुंबई। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिभूति बाजार से जुड़ी धोखाधड़ी को लेकर निवेशकों को सावधान किया है। सेबी ने निवेशकों को सावधानी बरतने और सेबी-रजिस्टर्ड संस्थाओं की वास्तविकता को जांचने की सलाह दी है। सेबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पहले ट्विटर), वॉट्सऐप, टेलीग्राम, गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर प्रतिभूति बाजार से जुड़े धोखाधड़ियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए निवेशकों को सावधान किया है।

सेबी के एक बयान के अनुसार, डिजिटल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म के बढ़ते इस्तेमाल के साथ यह देखा गया है कि घोटालेबाज शिक्षा प्रदान करने के नाम पर ट्रेडिंग कॉल देकर लोगों को लुभा रहे हैं। वे अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भ्रामक या झूठे टेस्टीमोनियल, सुनिश्चित या जोखिम-मुक्त रिटर्न का वादा या गारंटी भी देते हैं। सेबी ने पाया कि ऐसी संस्थाएं अनरजिस्टर्ड निवेश सलाहकार सेवाएं प्रदान कर रही हैं और सेबी के साथ रजिस्टर्ड मध्यस्थ होने का झूठा दावा करती हैं या नियामक द्वारा जारी किए गए नकली प्रमाणपत्रों का प्रदर्शन करती हैं।

सेबी ने धोखाधड़ी वाले ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म द्वारा नकली सेबी-रजिस्टर्ड संस्थाओं के भी मामले देखे, जो सुझाव देते हैं कि वे सुनिश्चित या जोखिम-मुक्त रिटर्न प्रदान करेंगे। सेबी ने कहा, घोटालेबाज भोले-भाले निवेशकों को अपने प्लेटफॉर्म (नकली ट्रेडिंग/सलाहकार ऐप) पर यह दावा कर लुभा रहे हैं कि वे विशेष सेवाएं प्रदान करते हैं। वे प्रतिभूति व्यापार की सुविधा ट्रेड और शेयर प्राइस, संस्थागत ट्रेडिंग खाता, डिस्काउंटेड प्राइस पर आईपीओ, डिस्काउंटेड प्राइस पर ब्लॉक ट्रेड और आईपीओ का निश्चित आवंटन जैसी खास सर्विस के साथ देने की बात कहते हैं।

# भारत ग्लोबल सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में की-प्लेयर के रूप में खुद को बना रहा मजबूत

नई दिल्ली। एआई, 5जी, ईवी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और एडवांस कंप्यूटिंग की वजह से सेमीकंडक्टर की मांग दुनिया भर में तेजी से बढ़ रही है। इसके साथ ही भारत अपने टैलेंट, पॉलिसी पुश और स्ट्रैटेजिक लोकेशन का लाभ उठाते हुए सेमीकंडक्टर इनोवेशन और मैन्युफैक्चरिंग का हब बन रहा है। भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2024 में रिकॉर्ड 656 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई, जिसकी बदौलत भारत तेजी से ग्लोबल सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में की-प्लेयर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बना रहा है।

गार्टनर की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, एनवीडिया टॉप 10 चिप सप्लायर में सबसे आगे है और सबसे बड़ा योगदान जीपीयू, सीपीयू, मेमोरी और मोबाइल एसओसी का है। सरकार के सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत, घरेलू चिप निर्माण, एडवांस पैकेजिंग और सेमीकंडक्टर डिजाइन को बढ़ावा देने के लिए 76,000 करोड़ रुपये (10 बिलियन डॉलर) का प्रोत्साहन पैकेज शुरू किया गया है।


**संचालन के साथ पंप-मोटर सेटों की मरम्मत और रखरखाव**

ई-निविदा सूचना सं.: EL/29/11_2025/K/62; दिनांक: 10-04-2025। निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं.: 11_2025; कार्य का नाम:- कटिहार में: दो (02) वर्षों की अवधि की लिए कटिहार में न्यू कॉलोनी सीवेज पंप, गोशाला सीवेज पंप और कोशी पंप में पंप सेट के संचालन के साथ विभिन्न मेंक और क्षमताओं के पंप-मोटर सेटों की मरम्मत और रखरखाव। निविदा मूल्य: ₹96,77,191/-; धरोहर राशि: ₹1,93,600/-। ई-निविदाएं 07-05-2025 को 15.00 बजे बंद होंगी और 07-05-2025 को 15.30 बजे खुलेंगी। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना 07-05-2025 को 15.00 बजे तक वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।

सीनि. डीईई/जी एंड सीएचजी./कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**स्टॉफ क्वार्टरों का विशेष मरम्मत**

ई-निविदा सूचना सं. 06/W-2/APDJ; दिनांक:10-04-2025। निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं: 05-AP-II-2025। कार्य का नाम:- गोसाईगांव हाट, चौतारा एवं बासुगांव में: एडीईएन/फकीराग्राम, न्यू बंगाईगांव के अंतर्गत स्टॉफ क्वार्टरों का विशेष मरम्मत। निविदा मूल्य: ₹1,70,41,359.74; धरोहर राशि: ₹2,35,200.00। ई-निविदा 05-05-2025 को 15:00 बजे बंद होंगी और 05-05-2025 को 15:30 बजे खुलेंगी। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (कार्य), अलीपुरद्वार जं.

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-349, दिनांक 09.04.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का नामः मालदा मंडल के तहत एसपी, एसएसपी, एसएस एवं टीएसएस में प्रकाश एवं सुरक्षा में सुधार के संबंध में शेष बचा हुआ विद्युतीय कार्य साथ में आईसीटीपीएन स्विच के स्थान पर एमसीबी/एमसीसीबी का प्रावधान। निविदा मूल्यः रु. 39,98,936.95; बयाना राशिः रु. 80,000; निविदा दस्तावेज की कीमतः शून्य। ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः 17.04.2025 से 01.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट : वेबसाइटः www.ireps.gov.in सूचना पट्ट : सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MLD-19/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**अलीपुरद्वार मंडल पर विद्युतीय कार्य**

ई-निविदा सूचना संख्या. AP/EL/34/24-25 तारीखः 09-04-2025। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी -द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। निविदा संख्या. AP/EL/34/24-25। कार्य का नामः अलीपुरद्वार मंडल परः इसके लिए विद्युतीय कार्यः कामाख्यागुड़ी में- 8 यूनिट, शामुकतला रोड पर - 8 यूनिट एवं जोराई पर - 4 यूनिट कुल 20 यूनिट टाइप-II क्वाटारों का निर्माण। निविदा राशिः ₹16,54,254.12/-। धरोहर राशिः ₹33,100/-। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 02-05-2025 तारीख के 15.00 बजे में एवं खुलेगीः 02-05-2025 तारीख के 15.30 बजे में डीआरएम/इलैक्ट (जी)/ अलीपुरद्वार जंक्शन कार्यालय में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

वरिष्ठ डीईई/ जीएंडसीएचजी, अलीपुरद्वार जंक्शन

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में



**एसएलआर की लीजिंग के लिए ई-नीलामी**

एसएलआर की लीजिंग के लिए ई-नीलामी कैटलॉग। विवरण: एलएलआर कोच (सिगंल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस। दर इकाई: प्रति फेरे लाइसेंसिंग शुल्क। फेरे/दिन: 730।

नीलामी कैटलॉग सं.: एसएलआर-लीजिंग-053

| क्र.सं. | लॉट नं./कटेगरी |
|---|---|
| एए/1 | 05894-एसएलआर-एफ2-आरपीएएन-आरएनवाई-25-1 (पार्सल-एसएलआर) |
| एए/2 | 05803-एसएलआर-एफ1-एनबीक्यू-जीएचवाई-25-1 (पार्सल-एसएलआर) |
| एए/3 | 15704-एसएलआर-आर1-बीएनजीएन-एनजेपी-25-1 (पार्सल-एसएलआर) |
| एए/4 | 05894-एसएलआर-आर1-आरपीएएन-आरएनवाई-25-1 (पार्सल-एसएलआर) |
| एए/5 | 05894-एसएलआर-एफ1-आरपीएएन-आरएनवाई-25-1 (पार्सल-एसएलआर) |
| एए/6 | 15704-एसएलआर-एफ2-बीएनजीएन-एनजेपी-25-1 (पार्सल-एसएलआर) |
| एए/7 | 15704-एसएलआर-एफ1-बीएनजीएन-एनजेपी-25-1 (पार्सल-एसएलआर) |
| एए/8 | 05803-एसएलआर-एफ2-एनबीक्यू-जीएचवाई-25-1 (पार्सल-एसएलआर) |
| एए/9 | 05803-एसएलआर-आर1-एनबीक्यू-जीएचवाई-25-1 (पार्सल-एसएलआर) |

नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय (सभी लॉट): 29-04-2025 को 12:00 बजे। नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय: 29-04-2024 को 13:50 बजे। प्रेस अधिसूचना 10-04-2025 को ई-नीलामी पोर्टल www.ireps.gov.in के जरिये आईआरईपीएस वेब में पहले ही प्रकाशित हो चुकी है।

डीआरएम (सी), रंगिया

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**तिनसुकिया मंडल में केटरिंग यूनिट के लिए ई-नीलाम**

तिनसुकिया मंडल में केटरिंग यूनिट (जनरल माईनर यूनिट एवं स्पेशल माइनर यूनिट) के लिए ई-नीलाम। रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। ट्रिपस/दिनः 1826।

ऑक्सन कैटलॉग संख्या. Catg-GMU-SMU-09

| एसईक्यू नं. | एलओटी संख्या/श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | सीएटीजी-टीएसके-बीओजे-जीएमयू -75-24-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू चाय स्टाल संख्या 2, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/2 | सीएटीजी-टीएसके-एमआरएचटी-जीएमयू -116-24-1 | प्लेटफॉर्म -2 में, जीएमयू चाय स्टाल संख्या 2, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/3 | सीएटीजी-टीएसके-एमआरएचटी-जीएमयू -117-24-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू चाय स्टाल संख्या 3, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/4 | सीएटीजी-टीएसके-बीओजे-जीएमयू -74-24-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू चाय स्टाल संख्या 3, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एबी/1 | सीएटीजी-टीएसके-डीबीआरटी-एसएमयू -133-25-1 | डिब्रूगढ़ टाउन स्टेशन के स्केच प्लान की टी स्टॉल नंबर 19। |
| एबी/2 | सीएटीजी-टीएसके-डीबीआरटी-एसएमयू -132-25-1 | डिब्रूगढ़ टाउन स्टेशन के स्केच प्लान की टी स्टॉल नंबर 24, आकार (8x4) वर्ग फुट। |

नीलाम प्रारंभ होने की तारीख एवं समयः 23-04-2025 तारीख के 11.00 घंटे में।

ऑक्सन कैटलॉग संख्या. Catg-GMU-SMU-10

| एसईक्यू नं. | एलओटी संख्या/श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | सीएटीजी-टीएसके-एसएलजीआर-जीएमयू -55-25-1 | शिमलुगुड़ी जंक्शन स्टेशन पर प्लेटफॉर्म -2 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या -6 आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/2 | सीएटीजी-टीएसके-एनएएम-जीएमयू -64-24-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 2 आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/3 | सीएटीजी-टीएसके-एफकेजी-जीएमयू -98-25-1 | प्लेटफॉर्म -2 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 8, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/4 | सीएटीजी-टीएसके-एनएएम-जीएमयू -60-24-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 4 आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/5 | सीएटीजी-टीएसके-बीएफडी-जीएमयू -72-25-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 3 आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/6 | सीएटीजी-टीएसके-एजीआई-जीएमयू-104-25-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 3, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/7 | सीएटीजी-टीएसके-एजीआई-जीएमयू- 103-25-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 2, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/8 | सीएटीजी-टीएसके-एसपीके-जीएमयू -68-25-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 3, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/9 | सीएटीजी-टीएसके-एसपीके-जीएमयू -67-25-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 5, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/10 | सीएटीजी-टीएसके-एनएएम-जीएमयू -6-24-1 | जीएमयू (नामरूप स्टेशन पर टी स्टॉल संख्या 1) |
| एए/11 | सीएटीजी-टीएसके-एसपीके-जीएमयू -28-25-1 | जीएमयू सापेखाती स्टेशन पर (पीएफ -1 पर टी स्टॉल संख्या 1) |
| एए/12 | सीएटीजी-टीएसके-बीएफडी-जीएमयू -70-25-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 2, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/13 | सीएटीजी-टीएसके-बीएफडी-जीएमयू -71-25-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 5, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एबी/1 | सीएटीजी-टीएसके-एफकेजी-एसएमयू -100-25-1 | प्लेटफॉर्म -2 में, एसएमयू टी स्टॉल संख्या 4, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एबी/2 | सीएटीजी-टीएसके-एफकेजी-एसएमयू -101-25-1 | प्लेटफॉर्म -2 में, एसएमयू टी स्टॉल संख्या 5, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एबी/3 | सीएटीजी-टीएसके-एसएलजीआर-एसएमयू -50-25-1 | शिमलुगुड़ी जंक्शन स्टेशन पर प्लेटफॉर्म -2 में, एसएमयू टी स्टॉल संख्या -4 आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |

नीलाम प्रारंभ होने की तारीख एवं समयः 24-04-2025 तारीख के 12.00 घंटे में।

ऑक्सन कैटलॉग संख्या. Catg-GMU-SMU-12

| एसईक्यू नं. | एलओटी संख्या/श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | सीएटीजी-टीएसके-टीटीबी-जीएमयू -111-25-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 2, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/2 | सीएटीजी-टीएसके-टीटीबी-जीएमयू -109-25-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 4, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एए/3 | सीएटीजी-टीएसके-टीटीबी-जीएमयू-110-25-1 | प्लेटफॉर्म -1 में, जीएमयू टी स्टॉल संख्या 3, आकार 8X4 = 32 वर्ग फुट |
| एबी/1 | सीएटीजी-टीएसके-डीएमजीएन-एसएमयू-13-25-1 | धमालगांव स्टेशन पर एसएमयू (टी स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म -1 में,) |
| एबी/2 | सीएटीजी-टीएसके-पीएनटी-एसएमयू -26-25-1 | पानीटोला स्टेशन पर एसएमयू (टी स्टॉल संख्या. 1, प्लेटफॉर्म-1) |
| एबी/3 | सीएटीजी-टीएसके-सीएचबी-एसएमयू -9-25-1 | छाबुआ स्टेशन पर एसएमयू (टी स्टॉल संख्या. 1 पीएफ-1) |
| एबी/4 | सीएटीजी-टीएसके-डीकेएम-एसएमयू -12-25-1 | डिकोम स्टेशन पर एसएमयू (प्लेटफॉर्म -1 पर टी स्टॉल) |

नीलाम प्रारंभ होने की तारीख एवं समयः 28-04-2025 तारीख के 11.00 घंटे में। प्रत्याशित बोलीदाताओं को आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in में ई-नीलाम लीजिंग मॉड्यूल अवलोकन करने की सलाह दी जाती हैं।

मंडल रेलवे प्रबंधक (सी), तिनसुकिया

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में


# हर साल अपनी एसआईपी की रकम बढ़ाना क्यों जरूरी है : एक आसान कदम – प्रवीण अग्रवाल



हर महीने एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) में पैसा लगाना एक समझदारी भरा और फ्लेक्सिबल तरीका है जिससे आपका पैसा धीरे-धीरे बढ़ता है। लेकिन अगर आप इससे सही फायदा उठाना चाहते हैं, तो जरूरी है कि हर साल अपनी एसआईपी की रकम थोड़ी-थोड़ी बढ़ाएं। आइए समझते हैं कि ये छोटा सा कदम आपके लिए कितना बड़ा असर ला सकता है।

हर साल एसआईपी की रकम बढ़ाने से क्या फायदा होता है? यहाँ कुछ आसान कारण हैं कि क्यों हर साल एसआईपी की राशि में थोड़ी बढ़ोतरी करना फायदेमंद हो सकता है : 1. कमाई पर भी कमाई का जादू। जब आप नियमित रूप से निवेश करते रहते हैं, तो आपका पैसा सिर्फ आपके द्वारा डाला गया अमाउंट ही नहीं, बल्कि उस पर जो मुनाफा हुआ है, उस पर भी कमाई करता है। इसे क पाउंडिंग कहते हैं। अगर आप हर साल एसआईपी की राशि बढ़ाते हैं तो ये असर और भी ज्यादा होता है और आपका पैसा तेजी से बढ़ता है।

2. बढ़ती महंगाई से बने रहें आगे : हर साल चीजों के दाम बढ़ते हैं- इसे महंगाई कहते हैं। अगर आप हर साल एक ही रकम लगाते रहेंगे, तो आगे चलकर वो काफी नहीं होगी। एसआईपी में धीरे-धीरे ज्यादा पैसा डालते रहने से आपका पैसा अपनी कीमत बनाए रखता है और आपके खर्चों में मदद करता है।

3. अपने सपनों को जल्दी पूरा करें- चाहे वो कोई छुट्टी की योजना हो, कुछ बड़ा खरीदना हो, या बस पैसों को लेकर भरोसा पाना हो-अगर आप हर साल अपनी एसआईपी बढ़ाते हैं, तो आप इन चीजों के करीब जल्दी पहुंच सकते हैं।

4. आमदनी के साथ तालमेल रखें- जैसे-जैसे आपकी सैलरी या कारोबार से कमाई बढ़ती है, वैसे-वैसे आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं। ऐसे में एसआईपी में भी थोड़ी बढ़ोतरी करना समझदारी है। इससे आप अपने पैसे का सही उपयोग कर सकते हैं।

5. अच्छी आदत बनती है- जब आप हर साल अपनी एसआईपी में थोड़ा-थोड़ा बढ़ाते हैं, तो ये एक अच्छी आदत बन जाती है। इससे आप खर्च से पहले बचत करने की सोच रखते हैं। धीरे-धीरे ये छोटी आदत आपको उम्मीद से ज्यादा फायदा दिला सकती है।

एसआईपी की राशि कैसे बढ़ाएं? 1. छोटा शुरू करें, धीरे-धीरे बढ़ाएं- अगर आप नए निवेशक हैं तो घबराने की जरूरत नहीं है। अपनी सुविधा के अनुसार एक छोटा अमाउंट से शुरुआत करें और हर साल थोड़ा-थोड़ा बढ़ाएं। इससे बोझ नहीं लगेगा।

2. बाजार गिरने पर बढ़त का मौका लें- बाजार में उतार-चढ़ाव आना आम बात है। जब बाज़ार नीचे होता है, तो एसआईपी से ज्यादा यूनिट्स मिलते हैं। अगर आप ऐसे समय में एसआईपी बढ़ा सकें, तो जब बाजार ऊपर जाएगा तो अच्छा फायदा हो सकता है।

3. समय-समय पर अपनी स्थिति देखें- अगर आपकी सैलरी बढ़ी है या आपने कोई कर्ज चुकता कर दिया है, तो एसआईपी में ज्यादा डालना सही रहेगा। अगर किसी समय पैसों की परेशानी हो, तो एसआईपी थोड़ी देर के लिए कम भी की जा सकती है।

4. ऑनलाइन कैलकुलेटर का इस्तेमाल करें- आजकल कई आसान ऑनलाइन टूल्स हैं जो दिखाते हैं कि अगर आप हर साल एसआईपी बढ़ाएं तो आपका पैसा कितना आगे बढ़ सकता है। ये टूल्स आपकी ज़रूरत के हिसाब से मदद कर सकते हैं।

अंत में : सिर्फ एसआईपी शुरू करना ही काफी नहीं है। समय-समय पर इसे देखना और थोड़े-थोड़े बदलाव करना जरूरी है, जैसे हर साल अमाउंट बढ़ाना। ये आदत आपके पैसों को और ज्यादा असरदार बना सकती है। ये एक छोटा लेकिन फायदेमंद कदम है जो आपको लंबे सफर में आगे ले जा सकता है।

स्पष्टीकरण : उपरोक्त विचार प्रवीण अग्रवाल (एएमएफआई पंजीकृत म्यूचुअल फंड्स वितरक) के व्यक्तिगत विचार हैं। इन्हें निवेश-निर्णय के आधार के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। कृपया कोई भी वित्तीय निवेश-निर्णय लेने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार से अवश्य परामर्श लें। म्यूचुअल फंड्स निवेश बाजार जोखिमों के अधीन हैं। योजना से संबंधित सभी दस्तावेजों को ध्यानपूर्वक जरूर पढ़ें।

# दार्जिलिंग, कालिम्पोंग एवं समतल के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे हैं बेहतर काम : पंचायत मंत्री



सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। ग्रामीण विकास की ढ़ांचागत सुविधाओं को शक्तिशाली करने के लिए आज सिलीगुड़ी में जिला समीक्षा सभा का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से आज दार्जिलिंग, कालिम्पोंग एवं समतल के पंचायत इलाके के काम-काज के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इसमें राज्य के पंचायत मंत्री प्रदीप कुमार मजुमदार, कृषि विपणन राज्य मंत्री बेचराराम मन्ना, सिलीगुड़ी महकमा परिषद के सभाधिपति अरूझा घोष, मेयर गौतम देव समेत दार्जिलिंग जिले एवं कालिम्पोंग जिले के जिला शासकगण मौजूद थे।

पंचायत इलाके में कहां क्या काम हो रहा है, उन कार्यों की गति एवं प्रगति क्या है, कौन कार्य की जरूरत है एवं राज्य सरकार के ग्रामीण इलाकों के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट हैं, उन सब विषयों पर भी चर्चा की गई। संबद्ध अधिकारियों के साथ सीधे तौर पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। किसी तरह से संपूर्ण विकास को क्रियान्वित करके उसे मूर्त रूप दिया जाये, उस पर जोर दिया गया।

सभा के बाद में पंचायत मंत्री प्रदीप कुमार मजुमदार ने कहा कि उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कालिम्पोंग एवं समतल में महकमा परिषद इलाके में अच्छा काम हो रहा है। 2021 के बाद से केन्द्र सरकार, राज्य सरकार के साथ अन्याय कर रही है। रुपये देना बंद कर दिया गया है। इतनी उपेक्षा के बावजूद राज्य की मुख्यमंत्री राज्य सरकार के कोष से खर्च चला रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र की सभी प्रोजेक्ट लोगों के हित में चालू रखी गई है। राज्य सरकार हमेशा लोगों के साथ है। निर्वाचन रहे या न रहे। निर्वाचन सामने है, इस पर काम की प्रगति एवं गति निर्भर नहीं करता है। सर्वत्र बारह महीने काम होते हैं। उत्तर बंगाल के सभी जिलों में बेहतर काम हो रहे हैं। सरकारी अधिकारी अच्छे काम कर रहे हैं। सामने बारिश का सीजन है, इस कारण मई महीने के प्रथम सप्ताह के बीच कार्यों को पूरा करने की बात कही गई है। यहां स्वनिर्भर समूह भी अच्छे काम कर रहे हैं।

# लायंस क्लब ऑफ पंजाबीपाड़ा की आम सभा आयोजित




सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। आज लायंस क्लब ऑफ पंजाबीपाड़ा की आम सभा का आयोजन महावीर गोयल की अध्यक्षता में स्थानीय एक होटल में किया गया।

इसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दीपक अग्रवाल, फर्स्ट लेडी सोनिया अग्रवाल, गेस्ट ऑफ ऑनर रमेश अग्रवाल, डायरेक्टर नीतीश अग्रवाल और अन्य मेंबर की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी 2025-2026 के अध्यक्ष पद के लिए मनोज जी तेतरवाल का नाम, मुकेश अग्रवाल ने अनुमोदन किया तथा सचिव के लिए संदीप जी का नाम नितेश अग्रवाल के द्वारा किया गया तथा कोषाध्यक्ष मनीष माहेश्वरी का नाम हेमंत जी ने अनुमोदन किया। सभा का संचालन उदय प्रकाश अग्रवाल ने किया। इसमें क्लब के सभी मेंबर उपस्थित थे। सभा के चेयरपर्सन राजेश जी के द्वारा बहुत सुंदर व्यवस्था की गई थी और सभा का समापन महावीर धानेवाल ने सभी को हार्दिक धन्यवाद देते हुए किया।


डियर साप्ताहिक लॉटरी मालदा निवासी ने ₹1 करोड़ जीते




मालदा, पश्चिम बंगाल की श्री मुन्ना अली ने **16.01.2025** को सम्पन्न हुए डियर साप्ताहिक लॉटरी के ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के तौर पर 1 करोड़ रुपए जीते हैं। उनकी विजेता टिकट का नंबर **83G 13641** है। उन्होंने सिक्किम स्टेट लॉटरीज के पास प्राइज क्लेम फॉर्म के साथ अपनी पुरस्कार-विजेता टिकट जमा कर दी है। ''सबसे पहले, मुझे एक करोड़पति बनाने के लिए मैं डियर लॉटरी तथा सिक्किम स्टेट लॉटरीज को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरे जैसे एक सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति के लिए, यह जीवन में अपने सपने पूरे करने के लिए एक बड़ा समर्थन है। अब मुझमें अपने सभी लक्ष्यों और सपनों को पाने का आत्मविश्वास आ गया है।'' विजेता ने कहा।

*विजेता का विवरण सरकारी वेबसाइट से लिया गया है।


# सिलीगुड़ी में नशे के अड्डों से लोग परेशान, मेयर ने किया समाधान का वादा

## नशेड़ियों के लिए होम बनाने पर हो रहा है विचार

सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। सिलीगुड़ी के विभिन्न वार्डों में नशे के अड्डों ने स्थानीय लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। शनिवार को आयोजित 'टॉक टू मेयर' फोन इन लाइव कार्यक्रम में वार्ड नंबर 5 के निवासी रवि गुप्ता ने मेयर गौतम देव के सामने इस गंभीर समस्या को उठाया। उन्होंने बताया कि संतोषी नगर समेत कई इलाकों में गली-कूचों में दिनभर नशे का जमावड़ा लगा रहता है। शोर-शराबा और अश्लील गालियां सुनकर घर में रहना मुश्किल हो गया है।

मेयर गौतम देव ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कहा, 'नशे के अड्डे' सिलीगुड़ी की सबसे बड़ी समस्या बन गए हैं। हम इसके खिलाफ लड़ाई शुरू कर चुके हैं और पुलिस के साथ मिलकर विशेष कदम उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कई अभियान चलाकर नशेड़ियों को पकड़ा है, लेकिन उन्हें रखने के लिए होम (पुनर्वास केन्द्रों) की कमी एक बड़ी चुनौती है। मेयर ने कहा, पुलिस का कहना है कि नशे की हालत में इन लोगों का व्यवहार नियंत्रित करना मुश्किल है, इसलिए होम बनाना जरूरी है। जल्द ही पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक होगी, जिसमें इस पर चर्चा होगी।

इसके अलावा, मेयर ने नशे के सौदागरों (पेडलर) के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में कोई समझौता नहीं होगा। कार्यक्रम में अन्य नागरिकों ने भी पानी की आपूर्ति, खराब सड़कों और नालों की समस्या को उठाया। कई लोगों ने व्यक्तिगत और पारिवारिक समस्याओं के समाधान के लिए मेयर से मदद मांगी।

एक खास शिकायत वार्ड नंबर 38 के अमलेंदु दास ने की। उन्होंने कहा, कि उनके घर के सामने बनी नालियों की ढ़ाल शुरू से गलत थी। बनने के बाद दो बार मरम्मत हुई, लेकिन समस्या जस की तस है। पानी जमा होने से डेंगू का खतरा बढ़ गया है। इस पर मेयर ने आश्वासन दिया कि वे पूरे मामले की जांच करवाकर जल्द समाधान करेंगे। इस तरह के फोन हर कार्यक्रम में आते हैं, लेकिन इस बार इंजीनियरों की भूमिका पर सवाल उठाकर अमलेंदु चर्चा को अलग मुकाम पर ले गए।

सिलीगुड़ी नगर निगम इस तरह के लाइव सत्रों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उसके समाधान की दिशा में काम करने का प्रयास कर रहा है। मेयर गौतम देव ने वादा किया कि इन मुद्दों पर तेजी से कार्रवाई होगी, ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके।


**PROPERTY FOR SALE**

PLOT FOR SALE
AT UDHAM SINGH SARANI
OPP. SOUBHAGYA PALACE
BEHIND SHREE SHYAM DECORS
SILIGURI, DIST. : DARJEELING
8-0 WIDE COMMON PASSAGE
AREA FOR SALE - 2.27 KATHA
FOR DETAILS CONTACT : 8906337635

INSPIRING TRUST SINCE 2005
20 YEARS OF EMPOWERING INVESTORS
PRABIN AGARWAL
दो दशकों का भरोसा
96478 55333
National Commerce House (2nd Floor), Church Road, Siliguri- 734001
AMFI Registered Mutual Fund Distributor.
Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.


WEST BENGAL STATE RURAL DEVELOPMENT AGENCY
(AN AGENCY UNDER P&RD DEPARTMENT)
GOVERNMENT OF WEST BENGAL
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PANCHAYAT &
RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT & WBSRDA NORTH BENGAL CIRCLE
RRNMU BUILDING (2ND FLOOR), WARD NO-08, KINGSAHEBER GHAT JALPAIGURI-735101

**RE-TENDER CORRIGENDUM & INVITATION OF 2ND CALL**

**NIT No. 05/PMGSY-III/B-1/24-25/SE/NBC(2ND CALL) For Darjeeling District Dated, 13.04.2025**

The Superintending Engineer, North Bengal Circle, on behalf of West Bengal State Rural Development Agency (An agency under P & RD Department, Govt of West Bengal) published **Re-Tender Corrigendum** on **12.04.2025** for construction/ Upgradation of roads under **Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) - III , Batch-I of 2024-25** in the districts of Darjeeling for **package no. WB-07-330, WB-07-331, WB-07-332, WB-07-335** with estimated cost totaling to **Rs. 18.06 Crore** including their maintenance for five years from the eligible and bona-fide contractors, along with invites **(2nd call)** percentage rate bids in electronic tendering system for **the same work**.

The detailed notice along with the list of roads are available in the e-procurement portal of PMGSY namely ***https://www.pmgsytenderswb.gov.in***

| | |
|---|---|
| Bid submission start date | : 13.04.2025 at 09:00 Hrs. |
| Date of Pre bid Meeting | : 23.04.2025 at 12:00 Hrs. |
| Last date of bid submission | : 29.04.2025 upto 17:00 Hrs. |
| Date of technical bid opening | : 30.04.2025 at 11:00 Hrs. |

Sd/-
Superintending Engineer, North Bengal Circle
West Bengal State Rural Development Agency

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
**e-TENDER NOTICE (1st Call)**

e-Tender is invited by the Executive Engineer, Neorakholal W/S& Mtc. Division, P.H.E. Dte., Kalimpong on behalf of Governor of West Bengal vide e-NIT No. eT/01/EE/NKWSMD OF 2025-26 (SL. NO. 01 to 06) and ID: 2025_PHED_834221_1 TO 2025_PHED_834221_6 for Permanent restoration of pipeline and track line damaged due landslide during rainy season at different chainage under Neorakhola W/S & Mtc. Division, PHE Dte., Kalimpong. Details will be available in the website: wbtenders.gov.in The Last date for submission of tender is 28.04.2025 at 2.00 P.M. Sd/- for Executive Engineer, Neorakhola W/S & Mtc. Division, P.H.E. Dte. ICA- T7541(3)/2025


We are Grateful to
Smt. Nirmala Devi Poddar
For Sponsoring 25 Cataract Surgeries
In Loving Memory of



Lions Gift of Sight
Late Mahavir Prasad Poddar
1953 - 2008
on 16th Punya Tithi, 13th April, 2025
SILIGURI GREATER LIONS EYE HOSPITAL
2nd Mile, Sevoke Road, Siliguri, Ph : 0353 - 2543457, 2543301
Mob : 83486-94619, www.greaterlions.org
Your support can bring back Vision to Someone's life
For Sponsorship of Cataract Surgery Contact : 9434044235, 9434020698

PEST CONTROL
Cockroach, Rat, Termite, Ant, Bed Bug, Mosquito, Fly... Problem ?
NO NEED TO WORRY ANYMORE
Call UBIQUE for a 100% safe and Eco-friendly cure today. Call us at
8900 321 321 / 92 33 44 55 77
UBIQUE SOLUTIONS & SERVIICES PVT. LTD.
Available in Siliguri, Jalpaiguri, Dooars Darjeeling, Kalimpong, Coochbehar, Sikkim, Kolkata, Bhutan & Nepal
ISO 9001 : 2008 CERTIFIED

www.subhmarbles.com
Subh Marbles 1985
Floors To Walls

!! राधे - राधे !!



श्रीमद्भागवत सार कृष्ण कथा
गौरी शंकर अग्रवाल (अधिवक्ता) एवं
भगवती देवी अग्रवाल
के स्वर्ण जयंती वर्षगाँठ के उपलक्ष मे
श्रीमद्भागवत सार कृष्ण कथा
में आप सभी इष्टमित्र, भक्तसमुदाय एवं
सुन्दरसाथ सादर आमंत्रित है
दिनांक 13/04/25 से 16/04/25 तक
कथा स्थल : श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, सिलीगुड़ी



श्री श्री 108 परमहंश संत शीरोमणि
डॉ. स्वामी सदानंदजी महाराज
के द्वारा
समय :
13/04/25 सुबह 10 बजे से 1 बजे
14/04/25 सायं 3 बजे से 6 बजे
15/04/25 सायं 3 बजे से 6 बजे
16/04/25 सुबह 9 बजे से 12 बजे
तत्पश्चात कथा विश्राम एवं महाप्रसाद
फर्म :
श्री जी एस अग्रवाल (अधिवक्ता)
जी एस शेयर एंड स्टॉक्स प्राइवेट लिमिटेड
सेवक रोड सिलीगुड़ी
निवेदक :
कविता - विष्णु | पूनम - अमित | गुंजन - अमित | ज्योति - सुमित

ॐ जय श्री भैरव देवाय नमः




एक शाम श्री तोलियासर भैरव बाबा के नाम
विशाल भजन संध्या
दिनांक: रविवार 13 अप्रैल 2025 | समय: संध्या 5:30 बजे से प्रभु की इच्छा तक
स्थान : टूरिस्ट इन, सेवक रोड, सिलीगुड़ी
भंडारा : आरती के पश्चात
आयोजक : श्री तोलियासर भैरव भक्त मंडल, सिलीगुड़ी



श्री मुन्ना सरकार
(बीकानेर के सुप्रसिद्ध गायक)



श्री छोटे सरकार
(बीकानेर के सुप्रसिद्ध गायक)

सम्पर्क सूत्र : 9832048035, 9434113244, 9832434564, 9679291329, 9434044141